रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 04 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-15 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### आईएएस अमित कटारिया की हुई छत्तीसगढ़ वापसी



**रायपुर।** केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए आईएएस अमित कटारिया छत्तीसगढ़ लौट आए हैं। उन्होंने मंगलवार को मंत्रालय में ज्वाइनिंग के बाद सीएस अमिताभ जैन से मुलाकात की। कटारिया जुलाई 17 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए थे। वहीं एक सप्ताह के भीतर आईएएस रजत कुमार, डॉ. रोहित यादव की भी छत्तीसगढ़ वापसी होने वाली है। संभवतः इन अफसरों के ज्वाइन करने के बाद कई आईएएस के प्रभार बदले जाएंगे।

### खड़गे, राहुल गांधी से मिले हेमंत सोरेन



**नयी दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से यहां मुलाकात की और प्रदेश एवं देश की राजनीतिक हालात पर चर्चा की। सोरेन के साथ इस इस मुलाकात के दौरान उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल तथा अन्य नेता भी मौजूद थे। समझा जाता है कि इन नेताओं ने झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के साथ ही सीटों के बंटवारे तथा अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की।

### श्रमिकों को मिलेगा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने और जीवनयापन सरल बनाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत श्रमिकों को शामिल किया जाएगा। मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि श्रमिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा गया है। पत्र में प्रवासी श्रमिकों, भवन निर्माण श्रमिकों, बीड़ी श्रमिकों, सिनेमा श्रमिकों, गैर-कोयला खदान श्रमिकों, ठेका मजदूरों और अन्य असंगठित श्रमिकों को आवास योजना मैं शामिल करने को कहा गया है। मंत्रालय ने यह निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन को वित्त वर्ष 2024-25 से वर्ष 2028-29 तक पांच साल के लिए बढ़ाने की मंजूरी के बाद लिया गया है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ली भाजपा की सदस्यता, कहा- समर्पण और सिद्धांत के साथ भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सदस्यता लेकर, छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने उन्हें सदस्यता दिलाई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे, इस सिद्धांत को लेकर भारतीय जनसंघ की नींव रखी गई थी। जनसंघ के इन्हीं आदर्शों पर चलते हुए, राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भारतीय जनता पार्टी की शुरुआत हुई। उसी समर्पण और सिद्धांत के साथ भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है, जो राष्ट्रहित के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और उन्हीं की मेहनत, समर्पण और लगन का परिणाम है कि हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन सके हैं। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं और उनके बिना हमारी सफलता अधूरी है। सीएम साय ने कहा मैं सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान करता हूँ कि पार्टी के विचारों और सदस्यता अभियान को घर-घर तक पहुंचाए। एक समय पर हमारी पार्टी के पास सिर्फ दो सांसद थे। लेकिन छत्तीसगढ़ के निर्माता, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शिता और नेतृत्व में, हम आगे बढ़े और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गए हैं। यह हमारी अटूट प्रतिबद्धता और राष्ट्र सेवा की भावना का प्रतीक है। हम सभी मिलकर अपना समय देंगे, पूरी लगन से काम करेंगे और सदस्यता के लक्ष्य को अवश्य पूरा करेंगे। विष्णुदेव साय ने कहा मैं सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान करता हूँ कि वे घर-घर, गली-गली, गांव-गांव तक पहुंचे और भाजपा का संदेश जन-जन तक पहुंचाए।

## पीएम जनमन योजना पीवीटीजी के संर्वागीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा : रामविचार नेताम

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पीएम जनमन योजना के दूसरे चरण अंतर्गत छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के राजपुर में मेगा इवेंट का आयोजन प्रस्तावित है। आदिम जाति मंत्री रामविचार नेताम के नेतृत्व में इस मेगा इंवेंट की व्यापक तैयारियां की जा रही है। जल्द ही इस आयोजन की तिथि भी घोषित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस मेगा इवेंट से जुड़ेंगे और पीवीजीटी परिवारों से भी चर्चा करेंगे। मेगा इवेंट एवं पीएम जनमन योजना के संबंध में आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि पीएम जनमन योजना अर्थात ''प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान'' विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के संर्वागीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि अधिकतर पीवीटीजी की बसाहट अत्यंत रिमोट क्षेत्र में होने के कारण शासन की ज्यादातर योजनाओं का लाभ इस वर्ग तक पूर्ण रूप से नहीं पहुंच पाया है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप पीवीटीजी के संर्वागीण विकास हेतु इस महत्वाकांक्षी योजना को लाया गया है। मंत्री नेताम ने कहा कि राज्य शासन के अधिकारी-कर्मचारी स्वयं पीवीटीजी बसाहटों का चिन्हांकन कर एवं उनके पास जाकर, उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिला रहे हैं, ताकि उन्हें भी विकास के माध्यम से राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। योजना के तहत आधार कार्ड, राशन कार्ड, पीएम जनधन खाता, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मातृ वंदन योजना, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार पत्र, बिजली, पानी, पक्की सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही सभी नोडल विभागों से प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध की गई प्रगति की ऑनलाइन एंट्री भी की जा रही है।

## चौहान ने की 750 करोड़ रुपए की एग्रीश्योर निधि की शुरुआत

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 750 करोड़ रुपए की एग्रीश्योर निधि और कृषि निवेश पोर्टल की शुरुआत की और कहा कि विकसित भारत का निर्माण विकसित खेती के बिना नहीं हो सकता तथा समृद्धि किसान के बिना नहीं आ सकती। चौहान ने एक कार्यक्रम में एग्रीश्योर निधि और कृषि निवेश पोर्टल का शुभारंभ करते हुए कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है तो किसान उसके प्राण है। देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 18 प्रतिशत योगदान कृषि का है। उन्होंने कहा कि किसान सबसे बड़ा उत्पादक भी है और उपभोक्ता भी है 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग खेती पर आश्रित हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृषि आय दोगुनी करने का अभियान शुरू किया हैं और उनके पास किसानों के लिए छह सूत्र हैं, जिन पर वह काम कर रहे हैं। पहला उत्पादन बढ़ाना है जिसके लिए अच्छे बीज जरूरी हैं। चौहान ने विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बैंकों और राज्यों को उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किये ।

## सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में नौ नक्सली ढेर

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बल के जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया है। मारे गये नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में हथियार व गोला-बारुद भी बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में अब तक नौ नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार, ये मुठभेड़ लोहागांव पीडिया जंगल में हुई। सुरक्षा बल के जवान लगातार नक्सलियों पर गोलियां बरसाते रहे, जिसमें कई माओवादियों के मारे जाने की खबर है। इस बीच पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि डीआरजी की टीम सर्च पर निकली थी कि अचानक नक्सलियों से मुडभेड़ शुरु हो गयी जिसमें अभी तक नौ नक्सलियों को मार गिराया है। साथ ही औटोमेटिक हथियार 303 ,एक 47 एसएलआर और 315 बोर राइफल भी बरामद किए गए हैं। रॉय ने बताया कि पश्चिम बस्तर डिवीजन में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर पुलिस की संयुक्त टीम आज सुबह 10.30 बजे सर्चिंग अभियान पर निकली थी।

## त्रिपुरा के दो उग्रवादी गुटों के साथ आज होगा शांति समझौता


पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



पूर्वोत्तर क्षेत्र को उग्रवादी हिंसा और संघर्ष से छुटकारा दिलाने के प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में केंद्र और त्रिपुरा राज्य सरकार के साथ राज्य के दो गुट-नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स एक समझौता करने पर सहमत हुए हैं। गृह मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में बुधवार को केन्द्र सरकार, त्रिपुरा सरकार, नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के प्रतिनिधि एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगे। इस दौरान त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रोफेसर डॉ. माणिक साहा तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय और त्रिपुरा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उग्रवाद, हिंसा और संघर्ष से मुक्त, विकसित पूर्वोत्तर के सपने को साकार करने की दिशा में गृह मंत्रालय निरंतर प्रयास कर रहा है।

## सशस्त्र सेनाओं के लिए 1 लाख 45 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी

एजेंसी ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सरकार ने सशस्त्र सेनाओं की क्षमता बढ़ाने तथा उनके आधुनिकीकरण के लिए करीब एक लाख 45 हजार करोड़ रुपये के रक्षा सौदों को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां रक्षा खरीद परिषद ने एक लाख 44 हजार 716 करोड़ रुपये की राशि के 10 पूंजी खरीद प्रस्तावों को आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। इन सौदों की कुल लागत का 99 प्रतिशत देश में ही डिजाइन, विकसित और निर्मित श्रेणी का होगा। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इन प्रस्तावों में सेना के टैंक बेड़े के आधुनिकीकरण के लिए 'फ्यूचर रेडी कॉम्बैट व्हीकल्स (एफआरसीवी) की खरीद का प्रस्ताव भी शामिल है। एफआरसीवी बेहतर गतिशीलता, सभी इलाकों में काम करने की क्षमता, बहुस्तरीय सुरक्षा, सटीक तथा घातक आग पर काबू पाने वाले उपकरणों से लैस मुख्य युद्धक टैंक होगा। परिषद ने 'एयर डिफेंस फायर कंट्रोल रडार' की खरीद के लिए भी मंजूरी दी है जो हवाई लक्ष्य का पता लगाएगा और ट्रैक करने के साथ साथ फायरिंग करने में भी सक्षम होगा। फॉरवर्ड रिपेयर टीम (ट्रैक्ड) की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है जिसमें मशीनीकृत संचालन के दौरान इन-सीटू मरम्मत करने के लिए उपयुक्त क्रॉस कंट्री गतिशीलता है। यह उपकरण बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है, और मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री बटालियन तथा बख्तरबंद रेजिमेंट दोनों के लिए अधिकृत है। भारतीय तट रक्षक की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए आवश्यकता के आधार पर खरीद के तीन प्रस्ताव मंजूर किये गये हैं। डोर्नियर-228 विमान, खराब मौसम की स्थिति में उच्च परिचालन सुविधाओं वाले अगली पीढ़ी के तेज गश्ती जहाजों और उन्नत तकनीक तथा लंबी दूरी के संचालन वाले अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती जहाजों की खरीद से तटरक्षक बल की निगरानी, गश्त करने की क्षमता, खोज एवं बचाव और आपदा राहत अभियान चलाने की क्षमता में वृद्धि होगी। बैठक के अंत में रक्षा मंत्री ने भारतीय तटरक्षक बल के दिवंगत महानिदेशक राकेश पाल जो खरीद परिषद के सदस्य भी थे को याद किया ।

## आईसीआईसीआई ने किया माधवी बुच मामले में आयकर नियमों का उल्लंघन : कांग्रेस

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने कहा कि सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच को लेकर आईसीआईसीआई बैंक ने उसके सवालों का जवाब दिया है जिससे पता चलता है कि बुच का टीडीएस भरकर बैंक ने आयकर नियमों का उल्लंघन किया है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आईसीआईसीआई बैंक से पूछा है कि जिस तरह की सहूलियत बुच को दी गई है क्या इस तरह का लाभ बैंक के दूसरे कर्मचारियों को भी मिलता है। बैंक ने बुच के रिटायरमेंट होने के बाद भी उनकी ओर से ईएसओपी पर टीडीएस भारता है जो पूरी तरह से आयकर नियमों का उल्लंघन है। खेड़ा ने कहा हमने कल के खुलासे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच और आईसीआईसीआई बैंक से सवाल पूछे थे और शतरंज के खेल के एक मोहरे यानी आईसीआईसीआई बैंक का जवाब आया है। उन्होंने कहा, जब बुच आईसीआईसीआई से रिटायर हुईं तो 2013-14 में उन्हें 71.90 लाख रुपए की ग्रेच्युटी मिली और 2014-15 में उन्हें 5.36 करोड़ रुपए रिटायरमेंट कम्प्यूटेड पेंशन मिली लेकिन अगर 2014-15 में बुच और आईसीआईसीआई के बीच सेटलमेंट हो गया था और 2015-16 में उन्हें बैंक से कुछ नहीं मिला तो फिर 2016-17 में पेंशन फिर से क्यों शुरू हो गई। अब अगर 2007-2008 से 2013-14 तक की बुच की औसत सैलरी करीब 1.30 करोड़ रुपए थी लेकिन उनकी पेंशन का औसत 2.77 करोड़ रुपए है। ऐसी कौन-सी नौकरी है जिसमें सैलरी से ज्यादा पेंशन है। उम्मीद है कि माधवी पुरी बुच जवाब देंगी कि 2016-17 में तथाकथित पेंशन फिर से क्यों शुरु की गई।

## सशस्त्र बल राष्ट्र की सुरक्षा की एक मजबूत नींव : सीएम योगी

पायनियर संवाददाता ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सशस्त्र बल केवल एक रक्षा ढांचा मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारी राष्ट्र की सुरक्षा की एक मजबूत नींव भी है। सशस्त्र सैन्य समारोह को संबोधित करते हुये योगी ने कहा हमें याद रखना चाहिये कि हमारे वीर जवान अपनी जान की परवाह किए बगैर देश की सेवा में तत्पर रहते हैं। यही वजह है कि वह जन जनमानस के मन में राष्ट्र नायक के रूप में सम्मान प्राप्त करते हैं। हमें गर्व है कि हमारे पास ऐसी सक्षम और समर्पित सेना है, जो हर स्थिति में देश की सुरक्षा करने में सक्षम है। भारत की सेना दुनिया की अद्वितीय सेना है, जिसने सदैव अपनी ताकत, अनुशासन और तकनीकी क्षमता का लोहा न केवल दुश्मनों को मनवाया है, बल्कि देश के अंदर भी सम और विषम दोनों परिस्थितियों में एक सकारात्मक भूमिका के साथ कार्य करते हुए अपना उत्कृष्टतम प्रदर्शन और सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि इस भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एकीकृत कमान, जिसमें थल, नभ और जल तीनों सेनाएं आपसी समन्वय से आसानी से कैसे दुश्मन को परास्त कर विजय प्राप्त करती हैं, उसकी एक झलक हम सबने यहां देखी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के बहादुर सैनिकों की सजगता का ही परिणाम है कि आज विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत पूरी मजबूती के साथ अपनी सीमाओं की सुरक्षा करने और बड़े से बड़े षड्यंत्र को असफल करने में सक्षम हुआ है। हमारे बहादुर जवानों का शौर्य और पराक्रम 140 करोड़ भारतवासियों को आश्वस्त करता है। यह हमारा सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश वीरों की भूमि है। देश की सुरक्षा के लिए हर युद्ध में हमारे नौजवानों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अपने शौर्य और पराक्रम से देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार सेवारत, सेवानिवृत्ति सैनिकों और वीर नारियों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। देश की सीमाओं की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के परिवारजनों को राज्य सरकार 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि, सैनिक परिवार के एक सदस्य को उत्तर प्रदेश शासन की शासकीय सेवा में समायोजित करने और शहीद सैनिक की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए उनके स्मारक के साथ उनके नाम पर किसी संस्था का नामकरण करने का कार्य भी कर रही है।

### ब्रुनेई में लगभग 14 हजार भारतीय रहते हैं

## पीएम मोदी ने ब्रुनेई में किया भारतीय उच्चायोग के नये चांसरी परिसर का उद्घाटन



वार्ता ◄ बंदर सेरी बेगावान
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को ब्रुनेई में भारतीय उच्चायोग के नये चांसरी परिसर का उद्घाटन किया। मोदी ने इस अवसर पर दीप प्रज्वलित किया और एक पट्टिका का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने उद्घाटन समारोह में मौजूद भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत की। उन्होंने दोनों देशों के बीच एक जीवंत पुल और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के रूप में उनके योगदान की सराहना की। ब्रुनेई में भारतीयों के आगमन का पहला चरण 1920 के दशक में तेल की खोज के साथ शुरू हुआ। वर्तमान में ब्रुनेई में लगभग 14 हजार भारतीय रहते हैं। ब्रुनेई के स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा क्षेत्रों की वृद्धि और विकास में भारतीय डॉक्टरों और शिक्षकों के योगदान को अच्छी तरह से स्वीकार किया गया है। चांसरी परिसर भारतीयता की गहरी भावना का प्रतीक है, जो पारंपरिक रूपांकनों और हरे-भरे वृक्षारोपण को कुशलता से एकीकृत करता है। सुरुचिपूर्ण क्लैडिंग और टिकाऊ कोटा पत्थरों का उपयोग इसकी सौंदर्य अपील को और बढ़ाता है, जो क्लासिक और समकालीन तत्वों को सामंजस्यपूर्ण रूप से मिश्रित करता है। यह डिज़ाइन न केवल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समर्पित है बल्कि एक शांत और आकर्षक माहौल भी बनाता है।

## मोदी ने सुमित और निथ्या को पदक जीतने पर बधाई दी




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस पैरालिंपिक 2024 खेलों में पुरुष भाला फेंक एफ 64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर सुमित अंतिल और महिला एकल बैडमिंटन एसएच6 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर निथ्या सिवन को बधाई दी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'सुमित द्वारा असाधारण प्रदर्शन, पुरुष जेवलिन एफ 64 स्पर्धा में स्वर्ण जीतने पर उन्हें बधाई, उन्होंने असाधारण निरंतरता और उत्कृष्टता दिखाई है। उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएँ।' प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'पैरालिंपिक 2024 में महिला एकल बैडमिंटन एसएच6 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर निथ्या सिवन को बधाई। उनकी इस उपलब्धि ने अनगिनत लोगों को प्रेरित किया है और खेल के प्रति उनके जुनून और समर्पण को भी उजागर किया है।' उल्लेखनीय है कि भाला फेंक खिलाड़ी सुमित ने सोमवार को रिकॉर्ड तोड़ पुरुषों की भाला फेंक एफ64 स्पर्धा के फाइनल में ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को एक घंटे से अधिक समय तक चले कड़े मुकाबले में 21-14 18-21 23-21 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसी तरह महिला एकल बैडमिंटन एसएच6 स्पर्धा में निथ्या श्री सिवन ने भी सोमवार को पूर्व विश्व चैंपियन इंडोनेशिया की रीना लारलिना को 2-0 से हराकर अपना पहला पैरालंपिक पदक जीता।

## जनता के पैसे से अपना प्रचार प्रसार करेंगे उपराज्यपाल : सौरभ भारद्वाज



**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अब उपराज्यपाल वीके सक्सेना सोशल मीडिया पर अपने प्रचार प्रसार के लिए राजधानी के लोगों के टैक्स के पैसा का इस्तेमाल करेंगे। भारद्वाज ने पत्रकारों से कहा कि एक बेहद ही चौंकाने वाली बात सामने आई है कि उपराज्यपाल अब खुद को प्रसिद्ध करने के लिए एक सोशल मीडिया चलाने वाले एजेंसी को इसकी जिम्मेदारी देने वाले है जिसके लिए उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से एक टेंडर भी जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बात की जानकारी उपराज्यपाल कार्यालय की वेबसाइट पर डाले गए टेंडर से प्राप्त हुई। वेबसाइट पर डाले गए टेंडर की कॉपी पत्रकारों के साथ साझा करते हुए भारद्वाज ने कहा कि इस टेंडर के मुताबिक सक्सेना की ओर से सोशल मीडिया चलाने वाली कंपनियों को आमंत्रण दिया गया है कि वह सभी अपनी-अपनी कंपनी का प्रस्ताव उपराज्यपाल कार्यालय को भेजें। इस टेंडर के मुताबिक लगभग डेढ़ करोड़ रुपए सालाना उपराज्यपाल महोदय के सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार के लिए खर्च किया जाएगा। भारद्वाज ने कहा कि कुछ ही महीने में दिल्ली में चुनाव होने वाले हैं।

## सरकार रोजगार के अनुरूप परिवेश बनाने को प्रतिबद्ध : मांडविया



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना-ईएलआई पर सुझाव आमंत्रित करते हुए कहा है कि सरकार रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के लिए अनुकूल परिवेश बनाने को प्रतिबद्ध है। डॉ. मांडविया ने कहा कि रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना एक अधिक समृद्ध और समावेशी भारत बनाने के सरकार के साझा लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसे वास्तव में सफल बनाने के लिए सरकार, व्यवसाय और श्रमिकों के सामूहिक प्रयास और बुद्धिमता की आवश्यकता है। रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना पर विभिन्न के साथ विचार-विमर्श के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और सचिव सुमिता डावरा के साथ-साथ मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। डॉ. मांडविया ने कहा कि रोजगार सृजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और ईएलआई योजना इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सही कदम है। सरकार सभी के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि एक ऐसी योजना तैयार की जा सके जो मजबूत, समावेशी और अर्थव्यवस्था की जरूरतों के अनुरूप हो। केंद्रीय मंत्री ने ईआईएल योजना के निर्माण के संबंध में संगठनों से सुझाव आमंत्रित किए।

# माओवादी विरोधी अभियान के दौरान प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री के साथ 07 सक्रिय माओवादी गिरफ्तार

## थाना तर्रेम एवं एसटीएफकी संयुक्त कार्यवाही में विस्फोटक के साथ 06 सक्रिय माओवादी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com






जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् डीआरजी बीजापुर, थाना गंगालूर एवं कोबरा 202 की संयुक्त पार्टी थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पालनार, गंगालूर पोटामपारा की ओर एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी। अभियान के दौरान संयुक्त पार्टी द्वारा गंगालूर पोटामपारा के जंगल से लुकते छिपते भागने की कोशिश करते हुए 07 संदिग्ध को पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ एवं तस्दीक करने पर अपना नाम सुक्कू पदम ऊर्फ गोर्रा (सावनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य) पिता पाण्डू पदम उम्र 58 वर्ष जाति मुरिया निवासी सावनार पटेलपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, लच्छू माड़वी ऊर्फ पेददा (सावनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य) पिता सोमलू माड़वी उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी सावनार पटेलपारा थाना गंगालूर, रघु कुरसम (सावनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य) पिता सुक्कू कुरसम उम्र 33 वर्ष जाति मुरिया निवासी सावनार पटेलपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, नारायण कुरसम ऊर्फनरैया ऊर्फ मोदी (सावनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य) पिता डोग्गा कुरसम उम्र 52 वर्ष जाति मुरिया निवासी सावनार पटेलपारा थाना गंगलूर, पायकू कोरसा (सावनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य) पिता मंगू कोरसा उम्र 33 वर्ष जाति मुरिया निवासी सावनार पटेलपारा थाना गंगालूर, गडडू पूनेम (सावनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य) पिता मंगू पूनेम उम्र 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी सावनार पटेलपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, मंगू पूनेम (बुरजी भूमकाल मिलिशिया सदस्य) पिता आयतू पूनेम उम्र 43 वर्ष जाति मुरिया निवासी बुरजी गायतापारा थाना गंगालूर पकड़े गये माओवादियों के पास रखे थैला एवं बैग की तलाशी में इनके कब्जे से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के प्रचार प्रसार की सामग्री बरामद किया गया। पकड़े गये माओवादियों की क्षेत्र में शासन विरोधी पाम्लेट फेंकने,चस्पा करने एवं बैनर बांधने की योजना थी। पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर में छ.ग. विशेष जन सुरक्षा अधिनियम 2005 की सुसंगत धाराओ में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय दंतेवाड़ा में पेश किया गया है। थाना तर्रेम एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्यवाही में विस्फोटक के साथ 06 सक्रिय माओवादियों को पकड़ने में सुरक्षा बलो को सफलता मिली है। मिड़गम सोना (सीएनएम सदस्य) पिता बुदरू उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी डोटडीपारा गोटपल्ली थाना गंगालूर, उडम छोटू (मिलिशिया सदस्य) पिता पोदिया उम्र 20 वर्ष जाति मुरिया निवासी डोडडीपारा गोटपल्ली थाना गंगालूर, डोडी अर्जुन (मिलिशिया प्लाटून सदस्य) पिता धुर्वा डोडी उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी डोडीपारा गोटपल्ली थाना गंगालूर, डोडी जोगा(मिलिशिया सदस्य) पिता दुला डोडी उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी डोडीपारा गोटपल्ली थाना गंगालूर, ओयाम हड़मा (संघम सदस्य) पिता पाण्डू ओयाम उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी डोडीपारा गोटपल्ली थाना गंगालूर, आयतु ओयाम ऊर्फबडडे (संघम सदस्य) पिता मंगलू ओयाम उम्र 20 वर्ष जाति मुरिया निवासी स्कूलपारा गोटपल्ली थाना गंगालूर जिला बीजापुर। पकड़े गये माओवादियों के कब्जे से तीर-धनुष, कोर्डेक्स वायर, बैटरी, स्पाईक, इलेक्ट्रीक वायर, डेटोनेटर आदि बरामद किया गया।

# सतनामी समाज को संगठित व सशक्त बनाने जुटे गुरु बालदास



पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com

राजा गुरु, गुरु बालदास साहेब के सानिध्य, मार्गदर्शन व नेतृत्व में प्रथम बैठक रायपुर मे सम्पन्न हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिला प्रमुख, राजमंहत, ब्लाक प्रमुख, डाक्टर, वकील, समाजसेवी, इंजीनियर, पटवारी, शिक्षक व व्यवसायी उपस्थित हुए थे। सभी वरिष्ठजनों ने अपने अपने विचार रखे। एक स्वर में समाज हित में अपने समिति, संगठन के पद छोड़ कर राजा गुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब के सानिध्य में समाज विकास में सहयोगी बनेंगे। विधायक गुरु खुशवंत साहेब व जीवतारणहार सोमेश साहेब ने समाज को संगठित व सशक्त बनाने की बात कही। राजा गुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब द्वारा सभी प्रकार के सामाजिक समस्याओं, राजनीतिक, शिक्षा, व्यवसाय, नारी निकेतन, युवा, अस्पताल, स्कूल, रोजगार, सभी प्रकार के क्षेत्रों में विकास कार्य किया जाएगा। कोर कमेटी का गठन आगामी 17 सितंबर के बैठक में किया जाएगा। समाज की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने समंवय समिति का गठन किया गया। समंवय समिति में डॉ. लक्ष्मण भारती, डॉ. बसंत अंचल, डॉ. सुरेन्द्र कुर्रे, उमा प्रसाद जोशी, कपिल देशलहरे, विजय डहरिया, रमेश लहरे, दिनेश लहरे, दुर्ग तहसील अध्यक्ष दिनेश देशलहरे, खुमान देशलहरा, कमल कुर्रे, अनुप कुर्रे, राजेन्द्र दिवाकर, एमपी कुर्रे, संतन सतनामी, सुखदेव, जैतराम, कुंजन, जीतेंद्र पाटले, कमल लहरे, मंशाराम कुर्रे, प्यारेलाल आदिले, साहूकार, युवराज, विजय सोनवानी, भुवन दास, यशवंत टंडन, बलराम चेलक, सुंदर जोगी, संजय सतनामी, भारत लाल बंजारे, कमल लहरे को शामिल किया गया। इस अवसर पर सतनामी समाज के राष्ट्रीय प्रमुख, राजा गुरु, धर्मगुरु, गुरु बालदास साहेब, जीवतारणहारी सतखोजी गुरु सोमेश साहेब, विधायक व युवा हृदय सम्राट गुरु खुशवंत साहेब, अतिश सोनवानी, डॉ. लक्ष्मण भारती, बसंत अंचल, डॉ. सुरेन्द्र कुर्रे सहित समाज के सभी लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# तीन सूत्रीय मांगों को लेकर नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ हड़ताल पर

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ द्वारा 04 सितंबर को तूता नया रायपुर में अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ नारायणपुर के जिला अध्यक्ष विकास शर्मा ने बताया कि प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ के अंतर्गत कुल 184 नगरीय निकायों (नगर निगम 14, नगर पालिका 48 व नगर पंचायत 122) में विगत 15-20 वर्षो से कार्यरत 20 हजार प्लेस्मेंट /आउटसोर्सिंग / ठेका कर्मचारीयों (उच्च कुशल / कुशल / अर्द्ध कुशल /अकुशल) का एकमात्र संगठन है। ये समस्त कर्मचारी लगातार तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के समकक्ष कार्यो का निर्वहन करते आ रहे है। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ़ द्वारा विगत कई वर्षो से नगरीय निकायों से प्लेस्मेंट / ठेका प्रथा बंद करते हुए निकायों में समायोजन कर एक निश्चित अवधि में नियमित करने की प्रमुख मांगों को लेकर लगातार धरना / प्रदर्शन कर अपनी मांगों हेतु लड़ते आ रहे है। कर्मचारियों के तीन दिवसीय हड़ताल में बैठ जाने से निकाय क्षेत्र अंतर्गत निवासरत नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं जैसे सफाई, पानी एवं स्ट्रीट लाइट इत्यादि बाधित होंगे। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की तीन सूत्रीय मांग में नगरीय निकायों से सीधे प्लेस्मेंट कर्मचारियों के खाते में वेतन भुगतान किया जाये। नगरीय निकायों में 5-8-10 वर्षो से निरंतर कार्यरत प्लेस्मेंट कर्मचारियों को निकायों में नियमित किया जावे। छ.ग.शासन द्वारा 13.03.2024 को गठित बारिक समिति में महासंघ के पदाधिकारियों को सदस्य के रूप में शामिल किया जावे। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ जिला नारायणपुर के अध्यक्ष विकास शर्मा, उपाध्यक्ष जवाहर यादव एवं नागेन्द्र नाग, सचिव निर्मला साहू, सह सचिव गमलेश नाग, कोषाध्यक्ष सुकुमार मंडल, मीडिया प्रभारी गणेश विश्वास, कार्यकारिणी सदस्य गण कु.डाली देवांगन, तुलसी भारद्वाज, खुशी पात्र, विनय भारती, राजकुमार देशमुख, भुनेश्वर पात्र, सुनील पात्र ने अपनी मांगों को लेकर 4 सितंबर को तूता नया रायपुर में आयोजित धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने एवं भौतिक समर्थन देने की अपील की है।

# ज़िला कांग्रेस कमेटी ने महिला सुरक्षा को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित की

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ज़िला कांग्रेस कमेटी राजीव भवन कांकेर में महिला सुरक्षा को लेकर प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में ज़िला कांग्रेस कमेटी के जितेंद्र सिंह ठाकुर तरेंद्र भंडारी रामनाथ जैन मकबूल खान यासीन कराणी रमाशंकर दर्रा सुरेश नाग मनोज जैन सरजू शोरी सत्यार्थ करायत विजय यादव ने पत्रकार वार्ता में भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में आये दिन महिलाओं के साथ अत्याधार व गंगर की घटनाएं बढ़ती जा रही है और सरकार मूकदर्शक बनी हुयी है। इस लबर कानून व्यवस्था में महिलाएं अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है। प्रदेश में माता-बहनों की सुरक्षा बाजार कानून व्यवस्था का सुदृढ किए जाने की मांग को लेकर निम्नानुसार आदालन किए जाने क निर्णय लिया है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया की भाजपा सरकार के राज में कही न कही सामुहिक बलात्कार की घटना हो रही है महिलायें असुरक्षित हो गयी है। राजधानी में महिलाये सुरक्षित नहीं है। रायपुर नया बस स्टैण्ड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म होता है। दूसरे दिन रिपोर्ट लिखा गया उसमें भी सामूहिक दुष्कर्म को नकार दिया गया। बलात्कार का रिपोर्ट लिखा गया यहा भी पुलिस अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्ह बचाने में लगी है। महिलायें खुले में बाहर निकलने में भयभीत हो रही है। बस्तर जशपुर बिलासपुर अंबिकापुर से लेकर राजधानी रायपुर में भी महिलाये खुद का असुरक्षित महसूस कर रही है। बेहद दुर्भाग्यजनक है कि सरकार जिसे इन मामलों को गंभीरता से लेकर कार्यवाही करवाना चाहिये, वह बलात्कार जैसी घटनाओं को भी छुपाने और अपराधियों को बचाने का काम कर रही है।अभी तक 8 माह में प्रदेश में महिलाओं के प्रति 3094 अपराध हुये है तथा 600 से अधिक बलात्कार की हुई है।भिलाई के डीपीएस स्कूल में 4 साल की मासूम बच्ची के साथ दुराचार की घटना हो गयी। बिना एफआईआर के एसपी ने घटना को नकार दिया, जबकि पास्को एक्ट में प्रावधान है कि ऐसी कोई घटना होने पर पहले एफआईआर होना चाहिये उसके बाद जांच होनी चाहिये। भिलाई के बच्ची के साथ दुराचार के मामले में दो-दो डॉक्टरों ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बच्ची के निजी अंगों में चोट है कुछ गलत हुआ है। उसके बाद एसपी मामले को नकारते है। हम पूछना चाहते है पुलिस ने एफआईआर कब किया ? मेडिकल बोर्ड का गठन कब हुआ? बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण कब कराया गया? घटना सरकार के सज्ञान में था।

# बकावण्ड ब्लॉक के मोहलई में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

**जगदलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में जन सामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों का समाधान करने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को बकावंड विकासखण्ड के वनग्राम मोहलई में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी, शिविर में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने काली पट्टी बाँधकर किया मौन प्रदर्शन




**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रदेश की माता बहनों की सुरक्षा और लचर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की माँग को लेकर कांग्रेसियों ने काली पट्टी बाँधकर एक दिवसीय मौन प्रदर्शन किया है। कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि जब से प्रदेश में भाजपा और विष्णु देव साय की सरकार बनी है तब प्रदेश में महिलाओं के प्रति 3094 अपराध और 600 से अधिक दुष्कर्म की घटनाएं हुई है लेकिन भाजपा सरकार मौन है प्रदेश की माता, बहनों और बेटियों को सुरक्षा देने में भाजपा की सरकार पूरी तरह विफल है। मौन प्रदर्शन के बाद बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार माता, बहनों और बेटियों को सुरक्षा देने में नाकाम है इसलिए कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश की माता, बहनों और बेटियों को सुरक्षा देने और प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर मौन प्रदर्शन किए है। यदि भाजपा सरकार प्रदेश में माता, बहनों और बेटियों को सुरक्षा नहीं देती है और लचर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ नहीं करती है तो आने वाले समय में माता, बहनों और बेटियों की सुरक्षा व लचर क़ानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग को लेकर भाजपा सरकार के ख़िलाफ़कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी।

**प्रदेश की भाजपा सरकार माताओं और बहनों को सुरक्षा देने में नाकाम है: विक्रम मंडावी**

इस दौरान जिला काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत सदस्या नीना रावतिया उद्दे, जिला पंचायत सदस्या संत मण्डावी, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, जनपद अध्यक्षा बोधि ताती, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज अवलम, कांग्रेस कमेटी महामंत्री जितेंद्र हेमला, पार्षद कविता यादव, पार्षद कलाम खान, पार्षद सोनमती ताती, रितेश दास, नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, पुरुषोत्तम खत्री, रेंगा नागेश, युवा नेता एजाज सिद्दीकी, श्यामू गुप्ता, इदरीस खान, बाबूलाल राठी, ममता पांडे, शेख सकीना, संगीता पोयाम, रमिला हपका, विमला बेंजाम, सुंदरी तेलम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौन प्रदर्शन में शामिल हुए।

# महकाकला मे भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com



जिला भाजपा एवं मध्य मंडल भाजपा के निर्देशानुसार शक्ति केंद्र मुड़पार के अंतर्गत ग्राम महकाकला में सदस्यता अभियान के बारे में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सदस्यों से निवेदन किया गया कि भाजपा की सदस्यता अभियान में जोर-शोर से भाग ले। और सभी के कल्याण के लिए भाजपा का सदस्य बनना है। इस शुभ अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा एवं शक्ति केंद्र प्रभारी हरप्रसाद आडिल, शक्ति केंद्र संयोजक भोजराम यादव, सांसद प्रतिनिधि बैशाखूराम सिन्हा, संजय वर्मा, रोमनाथ हिरवानी, संतराम, ललित सिन्हा, राजा कोसरे, शिवम वर्मा, तुषार वर्मा सहित ग्राम ढौर, मुड़पार, महकाकला, महकाखुर्द व परेवाडीह के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति को सहेज कर रखना हम सब की नैतिक ज़िम्मेदारी : ललित चंद्राकर






पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com

आदर्श सांस्कृतिक क्रीड़ा मंडल रिसाली द्वारा दशहरा मैदान में खेती किसानी और समृद्धी का प्रतीक पोला त्यौहार धूम-धाम के साथ मनाया गया। किसानों ने अपने बैलों को नहा धुलाकर सजाया और उनकी पूजा की। इसी के साथ घरों में पकवान बनाए गए और लोगों ने मिलकर त्यौहार का आनंद लिया। साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुआ और विभिन्न पारंपरिक खेलो का आयोजन किया गया साथ ही बैला दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल शामिल होकर भगवान शिव, नांदिया बैला और जाता-पोरा की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बताया कि पोला त्योहार मनाने के पीछे यह कहावत है कि अगस्त माह में खेती-किसानी काम समाप्त होने के बाद इसी दिन अन्नमाता गर्भ धारण करती है यानी धान के पौधों में इस दिन दूध भरता है इसीलिए यह त्योहार मनाया जाता है। यह त्योहार पुरुषों, स्त्रियों एवं बच्चों के लिए अलग-अलग महत्व रखता है। इस दिन पुरुष पशुधन (बैलों) को सजाकर उनकी पूजा करते हैं। स्त्रियां इस त्योहार के वक्त अपने मायके जाती हैं। छोटे बच्चे मिट्टी के बैलों की पूजा करते हैं। इस अवसर पर सभी माताओं और बहनों को तीजा पोला त्यौहार की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा, सांसद प्रतिनिधी दीपक (पप्पू) चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सैंडे, महामंत्री राजू जंघेल, दशरथ साहू, पार्षद मनीष यादव, सुनंदा चंद्राकर, विधि यादव, सविता धवल, हरीश नायक, विक्की सिन्हा, अनुपम साहू, सोनू राम सिंह सहित सैकड़ों नागरिक गण उपस्थित थे।

# टॉपर छात्राओं को मिलेगी स्कूटी, शिक्षक दिवस पर सम्मानित होंगे शिक्षक

पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com







शिक्षक दिवस पर भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के भरतपुर ब्लाक के नगर पंचायत जनकपुर में गुरूवार को शिक्षक सम्मान समारोह के साथ ही बोर्ड परीक्षा 12 वी व 10 वी में भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में अव्वल आने वाली छात्राओं को स्कूटी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के सम्बंध में जानकारी देते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी ईस्माइल खान ने बताया कि भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र से विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन जनकपुर के शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रांगण में गरुवार को दोपहर 1 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में गत वर्ष सेवानिवृत्त हुए शिक्षको व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालो को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही विधायक रेणुका सिंह द्वारा किए गए वायदे के अनुरूप 10 वी व 12 वी कक्षा के टॉपर छात्रों के स्कूटी प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि विधायक रेणुका सिंह ने बोर्ड परीक्षाओं के शुरुआत के दौरान यह घोषणा की थी कि, 10 वी व 12 वी में भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में टॉपर आने वाले छात्र छात्राओं को स्कूटी या बाइक प्रदान की जाएगी। मई में बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित हुए जिसमे दो छात्राओं न पूरे विधानसभा क्षेत्र में टॉप किया। 12 वी में विज्ञान संकाय से स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा अंकिता रजक ने 91.20 प्रतिशत अंक लाकर सिर्फ भरतपुर सोनहत विधानसभा में ही नहीं अविभाजित कोरिया जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही 10 वी बोर्ड परीक्षा में न्यू लाइफ इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा शिफा बी ने 96.50 अंक लाकर भरतपुर सोनहत विधानसभा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षक दिवस के दिन इन दोनों छात्राओं को उनके अभिभावकों व शिक्षकों की मौजूदगी में विधायक रेणुका सिंह की तरफसे स्कूटी प्रदान की जाएगी व अभिभावकों व शिक्षको का सम्मान होगा।

**शिक्षकों के सम्मान ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे छात्र**

शिक्षक दिवस शिक्षको के सम्मान का दिन होता है इसलिए कार्यक्रम में भरतपुर ब्लाक के विभिन्न स्कूलों के छात्रों के द्वारा शिक्षको के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। वही सेवानिवृत्त शिक्षको का सम्मान विधायक रेणुका सिंह के हाथों होगा।

शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर भरतपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी बैगा, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाशंकर मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि नीलेश मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन शुक्ला समेत गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

# सरस्वती सायकल योजना के तहत नवमी के 119 छात्राओं को विधायक ने किया सायकल वितरण

### बच्चों ने घंटी बजाकर किया अपने खुशी का इज़हार

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सरस्वती सायकल योजना के तहत दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत गनियारी, रसमडा, बोरई, नागपुरा में नवमी कक्षा के 119 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए।

कार्यक्रम का प्रारंभ विधिवत् पूजा अर्चना के साथ किया गया मुख्य अतिथि का शाला परिवार की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के संबंध में बच्चो व पलको को जानकारी प्रदान की। संस्था में दूर-दराज गांवों की बालिकाएं अध्ययन करने आती है उन्हें अब स्कूल आने-जाने में सहूलियत होगी। अब उन्हें स्कूल आने-जाने में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। इससे बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। और बच्चे पूरे मन लगा के पढ़ाई करे और अपने मुकाम को हासिल करे। सभी छात्र छात्राएं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया और उज्वल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, नंदू निर्मलकार, चेतन साहू, अधीन पारकर, ममता साहू, रसमडा सरपंच, चमन यादव विधायक प्रतिनिधि, रसमड़ा विद्यालय के प्राचार्य एम एल चंदेल, गनियारी विद्यालय के प्राचार्य सुनीता शुक्ला, शिक्षक आसा रामटेके, प्रीति चंद्राकर, रतन तिवारी, सरपंच पुष्पा ठाकुर, संतोष साहू, श्रवण साहू, रामविलास, देवप्रसाद, रामदयाल, बोरई प्राचार्य जया चन्द्राकर, नगपुरा के प्राचार्य बी के यादव, प्रभारी प्राचार्य एम अग्रवाल, शिक्षक आशीष, पी जैन, सुखदेव देवांगन, राजू यादव, सरपंच पदमा साहू, विधायक प्रतिनिधि शिवकुमारी वैष्णव, परमानंद यादव, भावना बाई ठाकुर, शिवकुमार निर्मलकर सहित ग्रामीण व सभी छात्राएं उपस्थित थे।

# सात वर्ष पश्चात दोषी चिकित्सकों को तीन माह का कारावास एवं अर्थदण्ड

## ईलाज एवं ऑपरेशन में लापरवाही, जच्चा-बच्चा की मौत

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

चिकित्सा के पुनीत पेशे को लेकर हर वर्ग के लोगों को एक आस उनसे बनी रहती है कि हम स्वस्थ हों और खुशी-खुशी घर लौट जायें। लेकिन चिकित्सा के क्षेत्र में कुछ ऐसे लोगों के चेहरे सामने आ रहे हैं जिसे लेकर लोगों के मानस पटल में कुछ सवाल उठते आ रहे हैं और यह सोचना लाजिमी भी है क्योंकि अब चिकित्सा के क्षेत्र में ऐसे-ऐसे प्रकरण सामने आ रहे हैं जिसके चलते यह सोचने पर आदमी मजबूर भी है। पिछले दिनों चटर्जी हॉस्पिटल में संगीता पैकरा की मौत को लेकर शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों में गिने जाने वाले चटर्जी हॉस्पिटल में पदस्थ नम्रता डेनियल चटर्जी द्वारा 6 माह की गर्भवती महिला का ऑपरेशन यह कहकर कर दिया गया कि आपका बच्चा पूर्ण विकसित हो चुका है और बिना परिवार को बताये उसका ऑपरेशन कर दिया गया जिससे जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। इस मामले को लेकर उसके पति संतानु पैकरा द्वारा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से लेकर विभिन्न विभागों सहित थाना सिटी कोतवाली में शिकायत प्रस्तुत की गई जिसके आधार पर सिटी कोतवाली में नम्रता चटर्जी एवं वीणा चटर्जी के खिलाफ धारा 304ए सहपठित धारा 34 का अपराध दर्ज किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार बताया जाता है कि दिनांक 5-12-2016 को लगभग 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक चटर्जी हॉस्पिटल जो कि उस वक्त रायपुर रोड में स्थित था, वहां बिना पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के मृतका के पति प्रार्थी संतानु पैकरा के सहमति के बिना संगीता पैकरा जो




कि 6 माह के गर्भ से थी, की लापरवाही पूर्वक उसके गर्भाशय का ऑपरेशन किया। जिसके परिणामस्वरूप संगीता पैकरा एवं उसके नवजात शिशु की मौत हो गई। मृतका पूर्व में धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल में भर्ती थी जहां पदस्थ डॉ नम्रता डेनियल चटर्जी के द्वारा उसका ईलाज किया जा रहा था। मृतका के पेट में 5.12.2016 को अचानक दर्द उठा जिसे रूटीन चेकअप के लिये उक्त डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर द्वारा विशेष कक्ष में हॉस्पिटल ले जाया गया और बिना अनुमति के उसे चटर्जी हॉस्पिटल में भर्ती कर ऑपरेशन कर दिया गया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। 6 माह की गर्भवती महिला की जब ऑपरेशन की स्थिति निर्मित होती है तो उसके परिवार वालों से पूछा जाता है। लेकिन ऑपरेशन के पूर्व किसी भी चिकित्सक ने उनसे अनुमति नहीं ली और ऑपरेशन कर 6 माह के शिशु को निकाला गया। प्रदेश का यह संभवतः प्रथम मामला है जहां चिकित्सा के क्षेत्र में 6 माह की गर्भवती महिला का ऑपरेशन कर पेट में पल रहे शिशु को निकाला गया। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय में अभियुक्तगण नम्रता चटर्जी उम्र 35 वर्ष पिता सुनील चटर्जी तथा डॉ वीणा चटर्जी पति सुनील चटर्जी की लापरवाही के चलते उसकी पत्नि एवं 6 माह का पुत्र मौत के आगोश में समा गये। इस प्रकरण में क्रिश्चियन अस्पताल के अधीक्षक के बिना अनुमति के उसे अपने निजी अस्पताल ले जाकर ऑपरेशन किये जाने की रिपोर्ट के बाद इसकी विवेचना प्रारंभ हुई। तब इसे लेकर जांच प्रारंभ हुई। पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अपने बयान में बताया कि लापरवाही बाद मृत्यु होने की जांच कराने संबंधी कलेक्टर धमतरी को जांच हेतु प्रतिवेदन प्रेषित किया गया था जिसके बाद मेडिकल टीम गठित की गई जिसके संबंध में पांच सदस्यीय मेडिकल टीम जिसमें डॉ पी सी ठाकुर, डॉ ए आर ठाकुर, डॉ टी आर ध्रुव, आर एस बघेल, देवेंद्र सोनी को सदस्य घोषित किया गया था। इन्होंने अवलोकन में पाया कि संगीता पैकरा एवं उसके नवजात शिशु के उपचार एवं मृत्यु कारणों से संबंधित दस्तावेज क्रिश्चियन अस्पताल धमतरी एवं चटर्जी अस्पताल धमतरी एवं बाल गोपाल चिल्ड्रन अस्पताल रायपुर से संलग्न किये गये। साथ ही मृतका के पति का भी कथन संलग्न कर तीन बिंदुओं पर अभिमत दिया गया था।

अभिमत पत्र में जिन तीन बिंदुओं के आधार पर अभिमत तैयार किया गया उसमें डॉ नम्रता चटर्जी डेनियल द्वारा संगीता पैकरा का प्रसव पूर्व जांच लगातार किया जा रहा था। उन्हें मरीज की संपूर्ण स्थिति का पता था तथापि उन्होंने मरीज की स्थिति की गंभीरता के दृष्टिगत ऑपरेशन तथा उसमें भी चिकित्सकीय नियमों का (प्रोटोकॉल) का पालन नहीं किया गया। दूसरा संबंधित चिकित्सक द्वारा मरीज की स्थिति की गंभीरता के विषय में समय पूर्व परिजनों से परामर्श एवं सहमति नहीं ली गई थी और आनन-फानन में धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल धमतरी से चटर्जी अस्पताल ले जाया गया जहां आईसीयू तथा आईसीसीयू जैसी सुविधाएं निदान बेकअप के लिये नहीं हैं। साथ ही जांच में स्पष्ट हुआ कि निश्चेतना विशेषज्ञ भी ऑपरेशन के दौरान एवं ऑपरेशन के पश्चात उपस्थित नहीं थे। तीसरा उपरोक्त प्रकरण में जांच टीम ने डॉ नम्रता चटर्जी डेनियल को संगीता पैकरा के देखभाल में लापरवाही एवं चिकित्सकीय उपचार के नियमों का कदाचरण पाया। इस हेतु छग मेडिकल काउंसिल तथा मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया को पंजीयन के नियम हेतु अनुरोध पत्र भेजा गया। चटर्जी हॉस्पिटल धमतरी के प्रबंधन द्वारा ऑपरेशन के प्रोटोकॉल का स्पष्ट उल्लंघन किया गया। ऑपरेशन कक्ष को तथा चटर्जी अस्पताल का नर्सिंग होम एक्ट के तहत आगामी अवधि के लिये संचालन बंद किया गया। इन तमाम दस्तावेजी साक्ष्यों का गहन अध्ययन करते एवं गवाहों के ब्यानात श्रवण करते माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा 23 अगस्त 2024 को तीन माह का साधारण कारावास एवं 2 हजार रूपये का अर्थदण्ड एवं राशि नहीं पटाये जाने पर 10 दिवस का साधारण कारावास अतिरिक्त की सजा सुनाई गई।

## निषाद समाज महिला समिति का हुआ तीज मिलन समारोह





पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

निषाद समाज महिला समिति पिथौरा एवं कोरबा का हुआ तीज मिलन एवं ,खेल कूद का भी रहा आयोजन लवन। एक सितंबर रविवार को नगर पंचायत पिथौरा के वार्ड क्रमांक 08 में निषाद महिला तीज मिलन उत्सव समिति पिथौरा एवं जिला संगठन महिला समिति निषाद समाज कोरबा का कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पंचायत पिथौरा के अध्यक्ष आत्माराम यादव , अध्यक्षता निषाद समाज कौड़ियां परिक्षेत्र के अध्यक्ष तरुण निषाद, विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पार्वती निषाद, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष निषाद समाज दीलिप निषाद, निषाद समाज जिला महासमुन्द उपाध्यक्ष पिंगला निषाद, खीरसागर निषाद पार्षद वार्ड नंबर -08 एवं हेमलता निषाद कांग्रेस नेत्री की उपस्थिति में हुआ। विभिन्न खेलों में महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर विजयी हुए, विजेताओं को मुख्य अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया ।कु.दुर्गा निषाद, पिता मनी राम निषाद कक्षा 10वीं में बोर्ड परीक्षा में 83/ अंक लायी है, उसका भी सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हेमलता सागर निषाद, संतोषी राजेन्द्र निषाद, इंदू रामू निषाद, चमेली निषाद, शांति निषाद सविता निषाद यशोदा निषाद राधा निषाद कु.कविता निषाद मालती निषाद व समस्त महिला सदस्यों का योगदान रहा।

## संगम सेवा समिति शिविर लगाकर लोगों की समस्या का कर रहे निराकरण

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

संगम सेवा समिति इन दिनों शहर के प्रत्येक वार्डो में जन सहायता शिविर लगाकर केंद्र के नरेंद्र मोदी की सरकर व राज्य के विष्णु देव साय की सरकार की दुरगामी सोच को साकार करने, युवाओं को आगे लाने, पात्र हितग्राहियों को केंद्र व राज्य शासन की योजना का लाभ दिलवाने आवेदन लेकर संबंधित विभाग में जमा कर रही है,जिससे हर वर्ग कि महिलाएं,पुरुष पात्र हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ मिलेगा और सही जानकारी के अभाव में जो योजना से वंचित हो रहे थे, जिसे शिविर लगाकर संगम सेवा समिति ने आम नागरिकों की समस्या को सरल बना दिया है। समिति के संस्थापक




भाजपा के युवा कार्यकर्ता प्रखर अग्रवाल ने बताया कि यह समिति आम जनता की समस्याओं का हर संभव,हर क्षेत्र में मदद करने के लिए बनाई गई है,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मन की बात कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम पौधा लगाने का अपील किया गया था, केंद्र सरकार के द्वारा पौधारोपण को बढ़ावा देने पौधारोपण के लिए किए गए अपील को प्रखर अग्रवाल एवं उनके समिति के द्वारा प्रत्येक वार्ड में प्रत्येक घरों में 15 वार्ड में 15000 पौधा वितरण व रोपण कर केंद्र की मोदी सरकार की मंशा को साकार किया है। इसी तरह प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के द्वारा महिलाओं के लिए निकाली गई महत्वपूर्ण योजना महतारी वंदन योजना का लाभ लेने से वंचित महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने शहर के प्रत्येक वार्डो में जन सहायता शिविर लगाकर आवेदन लिया जा रहा है,जिसे जैसे ही महतारी वंदन योजना के लिए द्वितीय चरण के तहत फॉर्म भरने की पुनःशुरुआत होगी, तो समिति के द्वारा शहर के सभी वार्डो के आंगनबाड़ी केद्रों में आवेदन जमा की जाएगी जिससे महिलाओं को दूसरे चरण के तहत फार्म भरने के बाद लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। इसी तरह आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व डॉक्टर खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, जिसके तहत 5 लाख तक राज्य सरकार के द्वारा निशुल्क में इलाज किया जाता है का लाभ दिलवाने शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड भी बनवाया जा रहा है। अब तक समिति के माध्यम से 466 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जा चुका है। केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना का लाभ दिलवाने सभी गैस कार्डधारी को ईकेवाईसी करवाया जा रहा है, जिससे उन्हें उज्वाला योजना के गैस कार्ड धारी महिला हितग्राही को प्रत्येक माह रिफलिंग करवाने पर 367 रुपए शासन से सब्सिडी मिलती है। समिति के माध्यम से 225 गैस कार्डधारी हितग्राहियों का ईकेवाईसी करवाया जा चुका है। भीषण गर्मी में जहां लोगों को पेय जल नसीब नहीं हो रहा था कई मोहल्लों में पानी के लिए हाहाकर मचा था,शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई थी ऐसे समय में संगम सेवा समिति शहर व ग्रामीण लोगों के लिए मसीहा बनकर पानी उपलब्ध करवाया।

## सर्व सम्मति से अघरिया समाज के केंद्रीय प्रतिनिधि चुने गए नेहरू पटेल

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र सरायपाली के पदाधिकारियों एवं सामाजिक बन्धुओं की आवश्यक बैठक नेहरू लाल पटेल की अध्यक्षता मे फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में रखी गयी। जिसमें केंद्रीय बैठक महासभा की जानकारी, पैता धाम के निर्माण कार्य के, क्षेत्रीय समाज के आय व्यय की जानकारी साझा किया गया। साथ ही बैठक में सभी परिक्षेत्र अध्यक्ष से पुनः पैता धाम के लिए राशि संकलन



पर पुनः गंभीरता से जोर देने ,केंद्रीय प्रतिनिधि स्व महेश पटेल के स्थान पर उपस्थित सदस्यों के द्वारा सर्व सम्मति से नेहरुलाल चौधरी को केंद्रीय प्रतिनिधि बनाये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त बैठक में संरक्षक त्रिलोचन पटेल, सलाहकार खेमराज पटेल, संयोजक डोल चंद पटेल, अध्यक्ष अखिल भारतीय अघरिया समाज सरायपाली नेहरुलाल पटेल, जितेंद्र पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लव कुमार पटेल कोषाध्यक्ष, सचिव रामेश्वर पटेल एवं समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष शोभाराम पटेल, भोलानाथ नायक, श्यामलाल ,गंगाधर पटेल, शंकर लाल नायक, रूपलाल नायक, बलिराम पटेल, सहित समाज के गणमान्य जन श्रीधर पटेल, रविन्द्र कुमार पटेल, गजपती पटेल, तेजलाल पटेल, हरेकृष्ण नायक, लक्ष्मण कुमार पटेल, देवेंद्र पटेल, अशोक कुमार, वीरेंद्र नर्मदा, अविनाश पटेल, पुरुषोत्तम पटेल, धनमोती चौधरी, जनक कुमारी पटेल, सुशीला चौधरी, सावित्री पटेल महिला संयोजिका, सुमित्रा नायक, विमला नायक, सावित्री पटेल, विलेश पटेल, उर्मिला चौधरी आदि उपस्थित थे।

## पीएम जनमन आवास योजना से ममता कमार की जिंदगी में आई नई खुशहाली

पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विकासखंड अंतर्गत अंतिम छोर में स्थित वनांचल ग्राम बल्दाकछार की निवासी ममता कमार की कहानी,उन तमाम संघर्षशील महिलाओं की कहानी है जो अपने परिवार के बेहतर भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। ममता कमार के परिवार में उनके पति पंच राम कमार और तीन बेटियाँ हैंः नंदनी कमार 10 साल की है जो चौथी कक्षा, निधि 7 साल है जो पहली कक्षा में पढ़ती है। ममता की सबसे छोटी बेटी लवली अभी 3 साल की ही है। पंच राम कमार का जीवन-यापन बांस के कार्य पर निर्भर है,जो एक पारंपरिक और श्रमसाध्य कार्य है। इस मेहनत के



बावजूद, परिवार के लिए एक स्थायी और सुरक्षित छत का सपना अधूरा था। पहले वे एक कच्चे मकान में रहते थे,जहाँ मौसम की मार से बचना हमेशा एक चुनौती रहती थी। लेकिन प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने ममता कमार और उनके परिवार की जिंदगी में नई रोशनी ला दी है। इस योजना के तहत उन्हें पक्का मकान मिल गया है,जिससे अब उनके जीवन में स्थिरता और सुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। अब,ममता और उनका परिवार एक सुरक्षित और मजबूत घर में रह रहा है, जहाँ उनकी बेटियाँ बिना किसी चिंता के अपने भविष्य की ओर बढ़ सकती हैं। ममता कमार इस योजना के लिए प्रधानमंत्री और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पक्के मकान ने उनके परिवार के जीवन को एक नई दिशा दी है और उनकी बेटियों के भविष्य के प्रति उन्हें आत्मविश्वास से भर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया की मुझे महातारी वंदन के तहत प्रतिमाह 1 हजार रूपये मिलता है जिसका उपयोग बांस खरीदने एवं दैनिक खर्चे के लिए करती हूं। यह कहानी ममता कमार के संघर्ष और उनकी सफलता की है और यह इस बात का उदाहरण है कि सही समय पर सही मदद कैसे एक साधारण परिवार की जिंदगी बदल सकती है।

## महिला संबंधी अपराधों में संलिप्त लोगों को सरकार का संरक्षण : विनोद चंद्राकर

### पिछले अगस्त माह में ही जिले के विभिन्न थानों में दर्ज महिला अपराधों को छुपाया गया

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com

कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके हर दोषी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। लेकिन केंद्र व प्रदेश सरकार को भाजपा शासित राज्यों में होने वाले अपराध क्यों नहीं दिखाई देते। भाजपा में न्याय का मापदंड दोहरा क्यों है? उक्त बातें पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कही। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा राज में अपराधों की ग्राफ में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। महिलाओं से जुड़े अपराध बढ़ते जा रहे हैं। प्रदेश में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं है। महिला अपराध के मामले में प्रदेश की स्थिति भयावह है। हर दिन कहीं न कहीं प्रदेश में महिला संबंधित अपराध घटित हो रहे हैं। हर दिन सामुहिक दुराचार हो रहा है, तो कहीं



महिलाओं और बच्चियों की हत्या हो रही है। अपराधियों को पुलिस का कोई डर नहीं है। सत्ता संरक्षण में ये बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। आज स्थिति यह आ गई है कि राजधानी में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। रायपुर नया बस स्टैंड में एक महिला के साथ गैंगरेप हो गया। दूसरे दिन पुलिस ने रिपोर्ट लिखी, लेकिन उसमें भी सामूहिक दुष्कर्म को नकार दिया गया। दुष्कर्म की शिकायत लिखा गया, यहां भी पुलिस अपराधियों को सजा देने के बजाए उन्हें बचाने में लगी हैं। हर दिन छत्तीसगढ़ में कहीं न कहीं गैंगरेप हो रहा हैं। महिलाएं घरों से बाहर नहीं निकल पा रही। पिछले 8 महीने के भाजपा कार्यकाल में प्रदेश भर के थानों में महिला संबंधी अपराधों के मामले दर्ज किए गए हैं। 600 से अधिक रेप हुए हैं। 3000 अन्य अपराध महिलाओं के खिलाफ हुए। लेकिन सरकार इन मामलों में पर्दा डालने का काम कर रही है। महिलाओं से संबंधित अपराध पर अंकुश लगाने में विफल प्रदेश की भाजपा सरकार इन अपराधों में पर्दा डालने तथा बदनामी से बचने थानों में दर्ज एफआईआर की जानकारी भी नहीं दे रहे हैं। अनेक प्रार्थी पक्ष एफआईआर की कॉपी के लिए भटकते हैं, उन्हें कॉपी नहीं दी जाती। ऑनलाइन एफआईआर देखने छत्तीसगढ़ पुलिस की वेबसाइट सिटीजन पोर्टल पर जाने से अधिकतम महिला संबंधी अपराधों को छुपाने का काम किया जा रहा है। केस सेंसिटिव बताकर मामले को दबा दिया जाता है। अपराधियों के नाम सार्वजनिक नहीं किया जाता। जिससे आसानी से प्रार्थी पक्ष पर दबाव बनाकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है, और अपराधी खुलेआम बेखौफ होकर घूमते नजर आ रहे हैं। संवेदनशील मामलों में यदि प्रार्थी महिला है तो महिला के नाम को छुपाया जा सकता है, लेकिन अपराधियों के नाम को छुपाना समझ से परे हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि किस प्रकार प्रदेश में भाजपा की सरकार पुलिस के साथ मिलकर अपराधियों को संरक्षण प्रदान कर रहा है। प्रदेश के महासमुंद जिले के सिटी कोतवाली, सरायपाली, बसना, तुमगांव, पिथौरा, खल्लारी, बागबाहरा, तेंदूकोना, सांकरा, बलौदा, सिंघोड़ा थानों में पिछले अगस्त 2024 में अनगिनत ऐसे मामले दर्ज किए गए हैं जो महिलाओं से संबंधित है, जिन्हें केस सेंसिटिव बताकर दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

## आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बड़ी संख्या में थाने पहुंचे छिलपावन के ग्रामीण




पायनियर संवाददाता ◀ पटेवा/महासमुंद
www.dailypioneer.com

पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम छिलपावन निवासी नीलकण्ठ यादव वल्द हीरालाल यादव 31 अगस्त को रात्रि 9 बजे अपने साथी के साथ गुटका खाने गया था ।उसी समय गाँव के ही भूपेंद्र बंजारे द्वारा मोटर सायकल रेस की बात को लेकर गली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। इसी बात को लेकर भुपेंद्र बंजारे व उसके परिवारके आसकरण बंजारे दिलीप बंजारे सेवक बंजारे गुरभेज बंजारे छोटू बंजारे सभी ने नीलकण्ठ यादव का नाम लेकर बाहर निकलो कह कर गली देने लगे तभी मेरा भाई अभय यादव सुन कर बाहर निकला गाली गलौच से मना करने पर छोटू बंजारे ने अपने हाथ मे रखे लकडी के डंडे से जांघ में मारा पड़ोसी रामायण पटेल टीकम पटेल बीच बचाव करने आयतो रामायण पटेल के साथ भी मारपीट करने लगे व जान से मारने की धमकी देने लगे। इसी मो लेकर नीलकण्ठ के पटेवा थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई ।तथा कार्यवाही कि मांग करने भारी संख्या में छिलपावन के थाना पहुँचे पटेवा थाना मे भुपेंद्र बंजारे आसकरण बंजारे दिलीप बंजारे सेवक बंजारे छोटू बंजारे के खिलाफ धारा 296, 115, 351, 191 के तहत कार्यवाही की।

## स्वच्छता सर्वेक्षण की करें तैयारी, राजस्व प्रकरण के निराकरण में लाएं तेजी कलेक्टरः दीपक सोनी

### कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा,समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए.जिसमें उन्होनें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है. कलेक्टर ने सभी नगरीय निकाय सहित गावों में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण तैयारी करने के साथ ही सर्वेक्षण में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने कहा गया है। इसके साथ ही राजस्व प्रकरण के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश संबधित राजस्व अधिकारियों को दिए है.इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि आरबीसी 6-4 के तहत राहत एवं आपदा से संबंधित प्रकरणों में



संवेदनशील होकर तत्काल निराकृत करें ताकि प्रभावित व्यक्तियों को समय पर सहायता सुलभ हो सके। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। साथ ही आयुष्मान भारत पीएमजेएवाय, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना,दीनदयाल अत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण),पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड,पीएम पोषण अभियान,गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना, इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्नमूलन वन अधिकार पट्टा व्यक्तिगत एवं सामूहिक,वन धन केंद्र, पीएम स्वनिधि योजना,पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला योजना,पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, पीएम आवास योजना (शहरीय), स्वच्छ भारत अभियान (शहरीय) पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना,उजाला योजना,पीएम सौभाग्य योजना की समीक्षा की गई। उक्त बैठक मे सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ती गौते सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी जनसामान्य की समस्याएं एवं शिकायतें, जनदर्शन में 103 आवेदन प्राप्त हुए




पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर अपर कलेक्टर बजरंग दुबे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 103 आवेदन प्राप्त हुए। दुर्ग ग्रामीण के किसानों ने भारतमाला परियोजना के अंतर्गत मुआवजा राशि प्रदान करने आवेदन दिया। ग्राम पंचायत बोरीगारका (करगाडीह) में स्थित भूमि स्वामित्व को भारतमाला परियोजना अंतर्गत प्रभावित भूमि स्वामियों का नाम अवार्ड सूची में सम्मिलित करने एवं मुआवजा राशि प्रदान की मांग की। इस पर अपर कलेक्टर ने जानकारी दी कि प्रभावित भूमि स्वामियों का नाम अवार्ड सूची में सम्मिलित कर लिया गया है, जल्द ही मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। ग्राम बोरसी निवासियों ने वार्ड नम्बर-52 में विद्युत पोल लगवाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि अस्थायी रूप से दूर स्थित पोल से विद्युत कनेक्शन कर जीवनयापन किया जा रहा है। वार्ड में कोई विद्युत पोल नही होने के कारण स्थायी कनेक्शन नही मिल पा रहा है। वार्ड में कच्चे एवं पक्के दोनों मकान हैं। रात में वार्ड में अंधेरा हो जाने के कारण वार्डवासियों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने कहा। शासकीय हाई स्कूल केम्प-02 भिलाई, शासकीय हाई स्कूल नवीन प्रा.शाला केम्प-02 एवं बाल मंदिर केम्प-02 भिलाई के तीनों स्कूल परिसरों में व्यापारियों एवं रहवासियों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की शिकायत की। इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। पार्षद ने वार्ड नम्बर-33 संतोषी पारा केम्प 2 भिलाई में स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर पदस्थ कराने की मांग की। विगत एक वर्ष पूर्व उपस्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित डॉक्टर का स्थानांतरण हो जाने के कारण उक्त स्थान पर किसी अन्य डॉक्टर को पदस्थ नही करने के कारण वार्डवासियों एवं गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण व अन्य उपचारों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उप स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों का आना-जाना हमेशा लगा होता है। इस पर अपर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, आर्थिक सहायता, अनुकंपा नियुक्ति, सड़क मरम्मत, राशन कार्ड, अवैध कब्जा सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इन सभी आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# कैबिनेट मंत्री ने किया खड़गवां के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र का दौरा

## मैं आपका बेटा हूं, भाई हूं, लड़का हूं, आप मुझे बताए क्या समस्या है : श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य मंत्री

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल खड़गवां जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर पंचायत में उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और गांव के विकास में ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने विंदुवार समस्याओं को बताने अपील की। विदित हो कि मंत्री का काफिला विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिवपुर, कौड़ी मार, उधनापुर, जड़हरी, मेरो, मुकुंदपुर, कदरेवा और आमा डांड पंचायत पहुंचा। दौरा कार्यक्रम अंतर्गत जहा कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने माता बहनों को तीज की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किये वही पंचायत में उपस्थित ग्रामीणों ने अपने मंत्री का जोरदार डोल, नगाड़ा और पटाखों से स्वागत किया। विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्रामीण व मंत्री की चर्चा में रोजमर्रा की जरूरत, बिजली, पानी, सड़क सहित सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभ के विषय में आवश्यक जानकारी ली गई। स्वास्थ्य मंत्री ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बोले कि मैं आपका बेटा हूं, भाई हूं, लड़का हूं, आप मुझे बताएं क्या समस्या है उन सभी समस्याओं को दूर मैं करूंगा, साथ ही जनपद पंचायत के सीईओ से कहां की गांव में किसी भी प्रकार से विकास रुकना नहीं चाहिए ।गांव में सारी सुविधाएं गांव वालों को मिलनी चाहिए। आगे कहा कि आप मुझे बताएं आपके गांव में क्या होना चाहिए उसे पूरा मैं करूंगा। वही मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मीडिया से बात करते हुए बताया कि खड़गंवा ग्रामीण क्षेत्र का आज मेरा दौर था मुख्य रूप से जो समस्याएं आ रही हैं, वन अधिकार पत्र की समस्या है। इसके लिए मैंने तहसीलदार को निर्देशित किया है और जो प्रधानमंत्री किसान केवाईसी है वह नहीं हो पा रहा है उसके लिए भी मैंने कलेक्टर एमसीबी को कहा है, और किसी प्रकार की कोई समस्या तो अभी तक नहीं आ रही है। इस क्षेत्र ने विधायक के रूप में मुझे चुनकर भेजा है इसलिए मेरा कर्तव्य है कि विधायक के रूप में क्षेत्र की बातों को सुनू और उनकी जो मांग है उसे पूरा करने का प्रयास करूं, उनकी जो समस्याएं हैं उनको सुनू। इसके बाद मंत्री के रूप में जो दोहरी जिम्मेदारी मुझे मिला है उसे मैं प्रदेश के हित के लिए पूरा करूं। उक्त बैठक चर्चा में जनपद सीईओ, मेडिकल की टीम, विभिन्न पंचायत के सरपंच, सचिव, कोटवार, स्कूल के शिक्षक, बच्चे और भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बीएलओ ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की, आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने की समीक्षा




पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शासकीय आदेशानुसार नगरीय निगम में आम निर्वाचन हेतु आरक्षण के संबंध में अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य 20 अगस्त 2024 से 10 अक्टूबर 2024 तक कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक वार्ड के बीएलओ निर्धारित है, इनके द्वारा पूर्व में भी मतदाता पुनरीक्षण कार्य डोर-टू-डोर संपर्क कर मतदाता पुनरीक्षण सर्वे का कार्य संपादित किया जा रहा था। शासकीय आदेशानुसार बीएलओ बुथ लेवल का अधिकारी है, उसका दायित्व है घर-घर जाना, प्रत्येक घर में नये मदताओ का नाम जोड़ना, मृतक मतदाता का नाम काटना, जो अन्यत्र चले गये है मतदाता उनका नाम काटना इत्यादि कार्य दिया जाना है। ऐसी जानकारी मिली है, कि कुछ हाउसिंग सोसायटी के पदाधिकारी बीएलओ को अपने कालोनी के ब्लाक में आने में मना कर रहे है। जो शासकीय कार्य मे बाधा के रूप में है। किसी भी बीएलओ को किसी भी सोसायटी में आने से नहीं रोका जा सकता है। बीएलओ के पास अधिकारिक आदेश होता है किसी भी प्रकार का डाउट होने पर दिये गये उच्च अधिकारियो से संपर्क किया जा सकता है। उनके द्वारा पूछी जा रही जानकारी उपलब्ध कराना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। वास्तविक जानकारी अपने परिवार के संबंधीत फार्म में दर्ज करावे। अगर कोई सोसायटी या संस्था द्वारा अपने परिसर में बीएलओ को आने से मना करती है तो तो शासकीय आदेश की अवहेलना मानी जायेगी। संबंधित के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा मानकर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अतिरिक्त तहसीलदार ए.ई.आर.ओ विधानसभा 66 ख्याति नेताम, अतिरिक्त तहसीलदार ए.ई.आर.ओ विधानसभा 65 गुरूदत्त पंच भाई, नोडल अधिकारी नरेन्द्र कुमार बंजारे, सहायक नोडल अधिकारी, बीएलओ, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर की उपस्थिति में उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की।

# निगम प्रशासन ने 04 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई




पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

भिलाई निगम में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 04 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। गौरतलब है निगम सभागार में सोमवार को 04 कर्मचारियों को बिदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान कार्य एवं अनुभव को साझा करते हुए सभी को सामंजस्य बनाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किए। सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी जनगणना विभाग से सहायक ग्रेड-02 शोभा चैबे, जोन क्रमांक 03 से सहायक ग्रेड-02 पूरन लाल चन्द्राकर, पम्प सहायक सुनील कुमार अग्रवाल एवं सफाई कामगार मनटोरा बाई को निगम प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इन सभी कर्मचारियो को निगम के सभागार में 02 सितम्बर 2024 को बिदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किये। बिदाई कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, स्थापना अधीक्षक बसंत देवांगन, युनियन के पदाधिकारी संजय शर्मा, शरद दुबे, शशिभूषण मोहंती, वामन राव, नलनिश मिश्रा, पुरूषोत्तम साहू, राजसक्कर, रीता चतुर्वेदी सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भाजपा उत्तर मंडल पाटन सदस्यता अभियान शक्ति केंद्र स्तरीय कार्यशाला ग्राम सांकरा मे आयोजित



पायनियर संवाददाता ➤ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com

पाटन विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा उत्तर मंडल पाटन के नेतृत्व पर सदस्यता अभियान शक्तिकेंद्र स्तरीय कार्यशाला ग्राम सांकरा मे आयोजित हुआ। आपको बता दे कि भाजपा शक्ति केंद्र के सदस्यता अभियान में प्रमुख रूप से शुभम शर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष, रवि सिंगौर महामंत्री, विनोद चंद्राकर शक्तिकेंद्र प्रभारी, मनहरण सिंगौर संयोजक, संतोष सिंगौर, प्रेम गायकवाड़, पुनीत पटेल, जीवन बंजारे, घनश्याम कौशिक, कामता सिंगौर, यशवंत जांगड़े, भूपेंद्र पटेल, तेजराम वैष्णव, लक्ष्मी सिंगौर नागेश सिंगौर, उग्रसेन सिंगौर, ईश्वर प्रसाद, छोटू यादव, देवेंद्र सतनामी, मनीष सोनवानी, अर्जुन बंधे,सहित अन्य कार्यकर्ता गण मौजूद रहे। रवि सिंगौर बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा हम सबको ऑनलाइन, डायल नंबर, व बारकोड स्कैनर के माध्यम से भी ऑनलाइन सदस्य बनाना है जिसमे बूथ से लेकर प्रदेश संगठन तक यह सदस्यता अभियान को लेकर कार्यक्रम होना तथा सभी पदाधिकारीयों को लक्ष्य दिया गया की अधिक से अधिक सदस्यता दिलवाना है।

# अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का संचालन अब हिन्दी भवन में, संभागायुक्त राठौर ने किया नये भवन का उद्घाटन




पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने दुर्ग स्थित हिन्दी भवन में नवनिर्मित अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कार्यालय भवन का उद्घाटन किया गया। पूर्व में यह तहसील कार्यालय दुर्ग के भवन में संचालित किया जा रहा था। उद्घाटन समारोह कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एडीएम अरविंद एक्का, सहायक कलेक्टर एम.भार्गव, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी एवं राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# इन फ्लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए महापौर नीरज पाल ने अधिकारियों की बैठक ली

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्वाइन फ्लू के बीमारी के केस बढ़ रहे हैं, उसको देखते हुए महापौर नीरज पाल ने आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव एवं नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें इस बात पर चर्चा हुई, कि हम सब लोग किस प्रकार से इस बीमारी के प्रभाव को कम कर सके। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के जो भी पीड़ित जो भी प्रभावित मरीज मिल रहे हैं। उनको बेहतर ट्रीटमेंट मिले प्राथमिक रूप से क्या बचाव किया जाए इसके लिए भी चर्चा की गई। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बंजारे, सर्ववीलायेन्स अधिकारी, सीएमओ दुर्ग, मलेरिया अधिकारी ने बताया गया कि एच-1, एन-1 के धनात्मक प्रकरण प्राप्त हो रहा है। इसके प्रमुख लक्षण सर्दी, खांसी, छीकना, बुखार आना, सिर दर्द, बदन दर्द, उल्टी-दस्त, थकावट हो सकती है। संक्रमण की अवधि 1-2 दिन तक हो सकती है। संक्रमण के प्रकार- संक्रमित व्यक्ति में लक्षण प्रारंभ होने के 3-5 दिवस तक अन्य व्यक्तियों को भी हो सकता है।

**स्वाइन फ्लू से बचाव:** छीकते-खासते समय दूरी मेंटेन करें, मुंह पर रुमाल रखें, मुह पर मास्क लगाए, अनावश्यक बाहर न निकले, एक दूसरे से दूरी बनाए, पानी उबालकर पिए, हाथ को सेनीटाइज करे, हाथ साबुन से धोकर ही भोजन करें, बाहर खाने से बचे, बाहर से आए हुए व्यक्तियों से दूरी बनाए। स्वाइन फ्लू का लक्षण दिखने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायकि स्वास्थ्य केन्द्र, सुपेला शासकीय चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय दुर्ग एवं चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में संपर्क कर सकते है। चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल में स्वाइन फ्लू के लिए अलग से 30 बिस्तर का अलग से आइसोलेटेड वार्ड बनाया गया है एवं स्वाइन फ्लू के रोगियो के उपचार के लिए 30 बिस्तर का वार्ड भी बनाया गया है। जिला चिकित्सालय दुर्ग में भी 10 बिस्तर का अलग से वार्ड निर्धारित किया गया है, जहां पर स्वाइन फ्लू से संबंधित मरीजो का इलाज किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल ने सभी से सहयोग की अपील की है। किसी भी प्रकार से पैनिक नहीं होना है कोरोना के समय जो प्रिकॉशन अपना रहे थे। उसी प्रकार से इसमे भी परहेज करना है। किसी भी प्रकार की बिमारी का लक्षण दिखने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र एवं नगर निगम भिलाई के कन्ट्रोल रूम 0788-2294303 पर संपर्क कर सकते है।

# बंधन तिग्गा के वक्तव्य पर विधायक रायमुनि ने दिया करारा जवाब, कहा बंधन बताएं वे किस धर्म को मानते हैं?

- उरांव आदिवासी समाज महादेव पार्वती के साथ प्रकृति के उपासक हैं जो मूलतः हिंदू हैं- रायमुनि भगत

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



दीपू बगीचा में सरना स्थल से उपजे विवाद का पटाक्षेप करते हुए जशपुर विधायक रायमुनि भगत ने साफव दो टूक शब्दों में कहा है कि उरांव आदिवासी आदिकाल से महादेव पार्वती के साथ प्रकृति की पूजा करते आ रहे हैं जो मूलतः हिंदू हैं।जन आक्रोश रैली में झारखंड से आए बंधन तिग्गा के भाषण पर विधायक रायमुनि भगत ने करारा जवाब देते हुए कहा है कि सबसे पहले अपने को धर्मगुरु कहने वाले बंधन तिग्गा बताएं कि वे किस धर्म को मानते हैं।उरांव समाज के राजी पड़हा न्याय व्यवस्था में कोई धर्मगुरु नहीं होता।विदेशी झंडा लेकर ये विदेशी ताकतों के ईशारे पर छत्तीसगढ़ में उरांव समाज को विभक्त करने का काम कर रहे हैं।झारखंड से क्या वे किसी कार्डिनल और बिशप के कहने पर यहां धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। एक ओर सामाजिक व्यवस्था में राजनीति से दूर रहने की बात करते हैं और खुद यहां आकर आरएसएस और भाजपा को आड़े हाथों लेकर अपनी राजनैतिक रोटी सेंकने का काम कर रहे हैं। उरांव समाज को बेटी जशपुर विधायक के पद पर आसीन हुई हैं। जिसमें जनता के साथ उरांव समाज का बड़ा योगदान है ऐसे में आज बंधन तिग्गा के दिए गए बयान से हिंदू उरांव समाज दुःखी और आहत है।धर्म विरोधी बयान को लेकर विधायक रायमुनि भगत ने सीधे इसे हिंदू धर्म की एकजुटता को तोड़ने का कुत्सित प्रयास बताते हुए कार्यवाही की मांग की है। हिंदू उरांव समाज के अध्यक्ष कृपाशंकर भगत ने बताया दीपू बगीचा सरना स्थल सभी के पूजा अर्चना के लिए खुला है।यहां जो पारंपरिक व्यवस्था चली आ रही है वह यथावत है। बंधन तिग्गा ने जिस सरना धर्म की बात कही है वह सरासर गलत है, सरना उरांव समाज का पूजा स्थल है। हिंदू उरांव समाज अनादि काल से महादेव पार्वती एवं प्रकृति के उपासक हैं जो मूलतः हिंदू हैं।

# पाटन में छात्र संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**पाटन।** सी.बी.एस. ई. स्कूल ए.के. गोयल पब्लिक स्कूल में सत्र 2024-25 के लिए छात्र संघ का चुनाव प्रक्रिया संवैधानिक पद्धति से होने के पश्चात आज सभी पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने गोपनीयता की शपथ ली तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की कसम खाई। छात्र संघ में मेघराज साहा को स्कूल हेड बॉय, हेड गर्ल माही जैन को चुना गया। साथ ही आरव वर्मा को वॉयस हेड बॉय और गरिमा बंछोर वॉयस हेड गर्ल चुनी गई। अन्य पदाधिकारीयों में खेल प्रभारी फिज़ा परवीन, अनुशासन प्रभारी रोशनी सिन्हा तथा अन्य लोगों को शपथ दिलाई गई। प्राचार्य देवलाल यादव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम प्रभारी प्रीतेश साहू, अरुण साहू, राज महानंद, निशा सोनी, आरती महानंद, आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

pnb Housing Finance Limited
पंजी. कार्यालय : 9वां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, के.जी.मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
रायपुर शाखाः— कार्यालय क्रमांक 111-112, प्रथम तल, प्लॉट क्रमांक 1, ब्लॉक क्रमांक 9, डीबी कॉर्पोरेट पार्क, राजबंध मैदान, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002, अद्यतन संशोधित, के नियम 3(1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अध्याय III की धारा 13(2) के अधीन सूचना**

हम, पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "पीएनबीएचएफएल" के रूप में वर्णित) ने वत्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" के रूप में वर्णित) के अध्याय III की धारा 13(2) अधीन मांग सूचना जारी की थी। उक्त मांग सूचना हमारे प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्नवर्णित आप सब कर्जदारों/सह-कर्जदार/गारंटरों को जारी की गई थी, क्योंकि आपका खाता, किश्तों/ब्याज का भुगतान नहीं किए जाने के कारण, भारतीय रिजर्व बैंक/राष्ट्रीय आवास बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनार्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उसकी विषयवस्तु आपके द्वारा मूलधन की किश्तों, ब्याज इत्यादि के भुगतान में की गई चूकों के साथ संबंधित है। बकाया राशि नीचे दी गई है। आगे, हमें कारणों के आधार पर विश्वास है कि आप मांग सूचना प्राप्त करने से बच रहे हैं और इसीलिए यह मांग सूचना प्रकाशित की जा रही है, जैसाकि उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन अपेक्षित भी है। एतद्द्वारा आपसे उक्त राशि, अद्यतन ब्याज तथा अन्य राशियों सहित, जो भुगतान की तिथि तक देय हो सकती है, इस मांग सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के भीतर पीएनबीएचएफएल को अदा करने की मांग की जाती है। जिसमें विफल रहने पर पीएनबीएचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अधीन, किसी एक या अधिक या सभी प्रत्याभूत आस्तियों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करेगा, जिसमें कर्जदारों तथा गारंटरों की प्रत्याभूत आस्तियों का कब्जा प्राप्त किया जाना शामिल है। आपका ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है, जिसके तहत अधीन आप सम्पूर्ण बकाया राशि, पीएनबीएचएफएल द्वारा वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा व्ययों सहित, का भुगतान सार्वजनिक नीलामी, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रण द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की सूचना के प्रकाशन की तिथि तक ही कर सकते हैं। कृपया यह भी नोट करें कि यदि सम्पूर्ण बकाया राशि, पीएनबीएचएफएल द्वारा वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा व्ययों सहित, का भुगतान सार्वजनिक नीलामी, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रण द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की सूचना के प्रकाशन की तिथि तक नहीं किया जाता है, तो आप उसके पश्चात प्रत्याभूत आस्ति(यां) छुड़ाने के हकदार नहीं होंगे। आगे, आप के ऊपर, उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अधीन उपरोक्त प्रत्याभूत आस्तियों का बिक्री, पट्टा या किसी अन्य प्रकार से अंतरण करने के संबंध में, रोक लगी है।

| क्र. स. | ऋण खाता सं. | कर्जदार, सह-कर्जदार का नाम / पता | ग्रांटर का नाम और पता | बंधक सम्पत्ति | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HOU/RAI/0815/238125, बी.ओ. रायपुर | **श्री संतोष मेहता (आवेदक), और श्रीमती नमिता मेहता (सह-आवेदक) आवासीय पताः** दुबे पान पैलेस के पास, हेमू कलानी चौक, सुंदर नगर वैशाली नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़-490023, **स्थायी पताः** फ्लैट नंबर बी/201, जैनम हाइट्स, बी/एच एमएमआई अस्पताल, लालपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, **कार्यालय पताः** फ्लैट नंबर बी/201, जैनम हाइट्स, बी/एच एमएमआई अस्पताल, लालपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, **बंधक संपत्ति पताः** फेज-III, एनए, 206, प्लैनेट सिटी फेज-III, फोन नंबर 135/14, तहसील, अभनपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, भारत। | NA | फेज-III, एनए.206, प्लैनेट सिटी फेज-III, फोन नंबर 135/14, तहसील, अभनपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, भारत, और फेज-III, एनए. 207, प्लैनेट सिटी फेज-III, पीएच नं. 135/14, तहसील, अभनपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, भारत। | 14.08.2024 | रु. 9,92,907.75/- (रुपये नौ लाख बानवे हजार नौ सौ सात और पचहत्तर पैसे मात्र) |
| 2. | HOU/RAI/1116/330961, बी.ओ. रायपुर | **श्री वंदना टांडी (आवेदक), और श्रीमती लाल मन टांडी (सह-आवेदक) आवासीय पताः** माता गैरेज के पीछे, गुरु गोविंद वार्ड नं.34, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, **स्थायी पताः** माता गैरेज गुरु, गोविंद वार्ड नं.34, शंकर नगर, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, **कार्यालय पताः** डाबर इंडिया लिमिटेड, हीरा आर्केड, प्रथम तल, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़-492004, **बंधक संपत्ति पताः** वॉलफोर्ट पार्कव्यू, एनए, 716, वॉलफोर्ट पार्कव्यू, पी.एच. नं 27, मौजा दतरेंगा, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, भारत। | NA | वॉलफोर्ट पार्कव्यू, एनए. 716, वॉलफोर्ट पार्कव्यू, पी.एच. नं. 27, मौजा दतरेंगा, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, भारत। | 14.08.2024 | रु.6,29,106.52/- (रुपये छः लाख उनतीस हजार एक सौ छः और बावन पैसे मात्र) |
| 3. | HOU/RAI/0815/238125, बी.ओ. रायपुर | **श्री वैष्णवी गुप्ता (आवेदक), और श्रीमती किरण गुप्ता (सह-आवेदक) आवासीय पताः** चोनो चिकन हाउस और डीजे के पीछे, सुखराम नगर, गोगांव, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, **स्थायी पताः** मकान नंबर 11, लक्ष्मी निवास, प्रेम नगर, मुर्राभट्ठी, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, भारत, **कार्यालय पताः** डीए एग इंडस्ट्रीज, प्रथम तल, वाणिज्यिक परिसर, ग्रीन पैराडाइज, छत्तीसगढ़ होटल के पीछे, विशाल नगर, तेलीबांधा, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, **बंधक संपत्ति पताः** साईं आशीर्वाद प्राइड सिटी चरण 2.0, ई-25, साईं आशीर्वाद प्राइड सिटी, क्रमांक 1159,1161,1146,1147,1148, 1149,1150,1156/1,1158, 1146/1647, पी. एच. नं.81, मौजा पचेड़ा, तहसील आरंग, जिला रायपुर, सीजी, दिशा कॉलेज के पास, विधानसभा रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, भारत। | **श्री/श्रीमती सैयद मुमताज अल, आवासीय पताः** म. नं 25/611, फकीरा बाड़ा के पीछे, झंडा चौक, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़-492004, भारत, **स्थायी पताः** मकान नं 25/611, फकीरा बाड़ा के पीछे, झंडा चौक, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़-492004, भारत। | साई आशीर्वाद प्राइड सिटी फेज 2.0, ई-25, साई आशीर्वाद प्राइड सिटी, एस। क्रमांक 1159, 1161, 1146, 1147, 1148, 1149, 1150,1156/1, 1158, 1146/1647, पी.एच. क्रमांक 81, मौजा पचेड़ा, तहसील आरंग, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, दिशा कॉलेज के पास, विधानसभा रोड, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, भारत। | 09.07.2024 | रु. 6,02,238.70/- (रुपये छः लाख दो हजार दो सौ अड़तीस और सत्तर पैसे मात्र) |

स्थान : रायपुर, दिनांकित : 04-09-2024
प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

Symbol of Trust
at Eighty JEWELLERS Limited
Since 1957
पंजीकृत कार्यालय: ए.टी. पैलेस, कोतवाली चौक, सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.) 492001
CIN: L27205CT2010PLC022055, टेलीफोन नंबर: 0771-2234737
वेबसाइट: www.eightyjewels.in, ईमेल आईडी: info@eightyjewels.in

**14वीं वार्षिक सामान्य बैठक की नोटिस एवं ई- वोटिंग सूचना**

कंपनी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि कंपनी की **14वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) शनिवार, 28 सितंबर, 2024 को दोपहर 12:00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय ए.टी. पैलेस, कोतवाली चौक, सदर बाजार, रायपुर (छ.ग.) 492001 में आयोजित की जाएगी** जिसमें नोटिस दिनांक 03 सितंबर, 2024 के अनुसार उल्लेखित व्यापार का पालन किया जाएगा। कंपनी अपने सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है, ताकि वे एजीएम में अपना मत इलेक्ट्रॉनिक रूप से रख सकें, जिसका पालन कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन), नियम 2014 की धारा 108 के साथ नियम 20 और सेबी (LODR) विनियमन, 2015 की धारा 44 के साथ किया जाएगा।

**सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:**

1. परिपत्रों के अनुपालन के अनुसार एजीएम एवं एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी सदस्यों को भेज दी गई हैं जिनकी ईमेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ("डीपी") के साथ पंजीकृत हैं। यह दस्तावेज़ कंपनी की वेबसाइट **www.eightyjewels.in**, बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट ('बीएसई') **www.bseindia.com** एवं नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉजिटरीज़ लिमिटेड ('एनएसडीएल') की वेबसाइट **http://www.evoting.nsdl.com** . पर भी उपलब्ध हैं। ईमेल के माध्यम से एजीएम की सूचना का प्रेषण **03 सितंबर, 2024** को पूरा हो गया है।
2. सामान्य बैठक में रिमोट ई-वोटिंग सुविधा/वोटिंग का लाभ उठाने के लिए सदस्यों की पात्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से **कट-ऑफ तिथि शनिवार, 21 सितंबर, 2024 है। कट-ऑफ तिथि** पर शेयर रखने वाले सदस्य ही केवल एनएसडीएल द्वारा प्रदान की गई रिमोट ई-वोटिंग सुविधा का लाभ उठाने के लिए अधिकृत होंगे।
3. रिमोट ई-वोटिंग अवधि **बुधवार, 25 सितंबर, 2024** को सुबह 09:00 बजे शुरू होगी एवं **शुक्रवार, 27 सितंबर, 2024** को शाम 05:00 बजे समाप्त होगी। उस के बाद एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग को निर्योग्य कर दिया जायेगा। एक बार जब सदस्य द्वारा प्रस्तावना पर मत दिया जायेगा, तो उसके बाद कोई परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया के लिए विस्तृत प्रक्रिया/निर्देश नोटिस में निर्दिष्ट किया गया है। **4.** कोई सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने मतदान अधिकार का प्रयोग करने के बाद भी आम बैठक में भाग ले सकता है, लेकिन उसे बैठक में दोबारा मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। **5.** एक व्यक्ति जो शेयर प्राप्त करता है और नोटिस भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि यानी **शनिवार, 21 सितंबर, 2024** को शेयर रखता है, वह **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेजकर लॉगिन-आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है या एनएसडीएल द्वारा दिए गए टोल फ्री नंबर: 022-48867000 पर संपर्क कर सकते हैं। **6.** एनएसडीएल हेल्पडेस्क: सदस्य जिनका डीमैट खाता एनएसडीएल के साथ में शेयर्स है ,लॉगिन से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या का सामना कर रहे हैं वे अपना अनुरोध **evoting@nsdl.co.in** पर भेज सकते हैं या टोल फ्री नंबर 022-48867000 पर कॉल कर सकते हैं। **7.** सीडीएसएल हेल्पडेस्क: एनएसडीएल के साथ डीमैट मोड में शेयर रखने वाले सदस्य, लॉगिन से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या का सामना कर रहे हैं वे अपना अनुरोध **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर भेज सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

**सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम के नोटिस में दिए गए विस्तृत निर्देशों को ध्यान से पढ़ें, जिसमें एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग/वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के तरीके का संकेत दिया गया है।**

ऐट्टी ज्वैलर्स लिमिटेड के लिए
एसडी/- निकेश बरडिया
प्रबंध निदेशक, (डीआईएनः 01008682)
स्थानः रायपुर
दिनांकः 04.09.2024

## संपादकीय

# भारत की आर्थिक प्रगति प्रधानमंत्री का जोर

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने जोर देकर कहा है कि पिछले दशक में भारत की 90 प्रतिशत आर्थिक प्रगति दुनिया की औसत 35 प्रतिशत से बहुत अधिक है। आर्थिक प्रगति के मामले में भारत एक सितारे की तरह चमक रहा है जो वैश्विक चुनौतियों से निपटने में उसकी शक्ति का प्रतीक है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने एक बयान में इसी बात पर जोर दिया। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की शानदार प्रगति को रेखांकित करते हुए कहा कि जहां पिछले दशक में विश्व अर्थव्यवस्था में 35 प्रतिशत विस्तार हुआ, वहीं भारत की अर्थव्यवस्था में 90 प्रतिशत वृद्धि हुई। इस साहसी दावे से न केवल भारत की आर्थिक दृढ़ता और तेज विकास परिलक्षित होता है, बल्कि इससे भारतीय प्रगति के आयामों के गहन मूल्यांकन और यह देखने का अवसर भी मिलता है कि भविष्य के लिए इसका क्या अर्थ होगा। प्रधानमंत्री मोदी का दावा भारत के तेज आर्थिक बदलाव का एक कालखंड प्रदर्शित करता है जिसमें प्रमुख सुधारों, विदेशी निवेश में वृद्धि तथा बढ़ते मध्य वर्ग को स्थान मिला है। भारत ने पिछले दशक में महत्वपूर्ण ढांचागत सुधारों पर अमल किया है जिनमें वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी, 'इन्साल्वेंसी एंड बैंकरप्टसी कोड'-आईबीसी तथा अनेक डिजिटल वित्तीय समावेशन पहलें शामिल हैं। इन सुधारों ने बिजनेस प्रक्रियाओं को सहज बनाया है, टैक्स वसूली में सुधार किया है तथा भारत में 'बिजनेस सुगमता सूचकांक' को आगे बढ़ाया है जिससे अर्थव्यवस्था निवेशकों के लिए और आकर्षक हो गई है। भारत की युवा और बढ़ती जनसंख्या इस आर्थिक विस्तार में महत्वपूर्ण संचालक शक्ति है। इस 'जनसंख्या लाभांश' ने घरेलू मांग तथा आर्थिक वृद्धि को बढ़ाया है।



भारत में 'डिजिटल क्रांति' ने विभिन्न क्षेत्रों को बदल दिया है जिनमें वित्त, खुदरा व्यापार व सेवायें शामिल हैं। डिजिटल भुगतान, ई-कामर्स तथा 'फिनटेक' की वृद्धि ने नए आर्थिक अवसर प्रदान किए है तथा औपचारिक अर्थव्यवस्था की प्रगति हुई है। इसके उलट इसी कालखंड में विश्व अर्थव्यवस्था की 35 प्रतिशत वृद्धि की ज्यादा धीमी गति विभिन्न चुनौतियों के कारण थी जिसमें भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार युद्ध व वैश्विक महामारी का प्रभाव शामिल हैं। भारत की प्रगति तथा वैश्विक औसत में भिन्नता देश की तुलनात्मक दृढ़ता तथा उभरती आर्थिक महाशक्ति की क्षमता प्रकट करती है। लेकिन यह उल्लेख महत्वपूर्ण है कि वैश्विक आर्थिक प्रगति असमान रही है। जहां विकसित अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर धीमी रही, वहीं भारत समेत उभरते बाजारों ने विस्तार में सर्वाधिक योगदान दिया। लेकिन इन सकारात्मक वृद्धि आंकड़ों के बावजूद भारत को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जो इसके भावी आर्थिक रास्ते को प्रभावित कर सकती हैं। उच्च बेरोजगारी दर, आय असमानता तथा कृषि क्षेत्र में जारी संघर्ष महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। इसके साथ ही बढ़ते संरक्षणवाद तथा भू-राजनीतिक अस्थिरता के कारण वैश्विक आर्थिक परिवेश निरंतर अनिश्चित होता जा रहा है जिससे टिकाऊ वृद्धि के लिए खतरा पैदा होता है। ऐसे में भारत सरकार को लगातार सुधार जारी रखने के साथ ही ढांचागत चुनौतियों को भी संबांधित करना चाहिए। समावेशी वृद्धि, रोजगार सृजन को बढ़ावा तथा ढांचागत संरचना एवं शिक्षा में निवेश सुनिश्चित करना दीर्घकालीन आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। पिछले दशक में भारत की शानदार प्रगति से यह संकेत मिलता है कि उसका भविष्य उज्जवल है। लेकिन भविष्य के इस रास्ते में कुछ बाधायें भी बनी हुई हैं जिनका समय रहते समाधान होना चाहिए।

# मोदी सरकार ने मारी बाजी या फिर चूक गए चौहान?



लेखक
डॉ राजाराम त्रिपाठी
राष्ट्रीय संयोजक
अखिल भारतीय किसान महासंघ (आईफा)

एक बार फिर सत्ता के गलियारों में किसानों की भलाई का जिक्र बड़े जोर-शोर से किया जा रहा है। जी हां केंद्र सरकार ने हाल ही में 13,966 करोड़ रुपये की सात योजनाओं का ऐलान किया, जिसका मकसद कथित तौर पर किसानों की आय बढ़ाना और उनके जीवन में सुधार लाना है। बजट घोषणाओं में डिजिटल कृषि मिशन से लेकर सतत बागवानी विकास तक की योजनाओं का भव्य उल्लेख है। लेकिन जब यह बजट असलियत की खुरदरी जमीन पर उतरता है, तो इन भारी-भरकम शब्दों के पीछे एक मासूम सा सवाल सिर उठाता है : क्या ये घोषणाएं सचमुच में किसानों के जीवन में कोई ठोस बदलाव ला सकेंगी, या ये मात्र चुनावी रणनीति के दांव-पेंच मात्र हैं?

जब हम इस बजट व योजनाओं का बारीकी से विश्लेषण करते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि इनमें उस दूरगामी, गेम-चेंजर रणनीति का पूर्णतः अभाव है, जो वास्तव में भारतीय कृषि को टिकाऊ और समृद्ध बना सके। योजनाएं और नीतियां महज आंकड़ों और व्याख्यानों, जुमलों, विज्ञापनों में ही सीमित रह जाती हैं, जबकि जमीनी हकीकत में किसानों की समस्याएं जस की तस मुंह बाए खड़ी हैं।

सरकारों के आठ दशकों के तमाम बड़े-बड़े वादों के बावजूद किसान अपनी खेती और खेतों को बचाने के लिए लगभग हारी हुई अंतिम लड़ाई लड़ रहे हैं। लगातार बढ़ती लागत, फसलों के उचित मूल्य का अभाव, और प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर रहे किसानों को यह बजट कितनी राहत पहुंचा पाएगा, यह अभी भी एक बड़ा सवाल है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जुलाई में पेश किया गया बजट-24 किसानों की उम्मीदों पर खरा उतरने में पूरी तरह से विफल रहा है और कृषि क्षेत्र को लेकर सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

बजट-2024 के लगभग 48-लाख करोड़ के सकल बजट में देश की 70% जनसंख्या की आजीविका से जुड़े तथा देश की शत प्रतिशत जनसंख्या की भोजन की थाली से जुड़े सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र कृषि तथा कृषि संबद्ध क्षेत्रों के लिए मात्र 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। देश में कृषि क्षेत्र की विशाल जरूरतों के मुकाबले यह राशि ऊंट के मुंह में जीरा है। किसानों की दीर्घकालिक कृषि सुधारों की उम्मीदें एक बार फिर से अधूरी रह गई हैं।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और किसान पेंशन योजनाओं का सरकार दिन-रात ढोल पीट रही है जबकि इन योजनाओं का दायरा और राशि समय के साथ घटती जा रही है। निजी-बीमा कंपनियां कृषि-बीमा का मोटा प्रीमियम वसूल कर चांदी काट रही हैं। जबकि किसानों की बढ़ती हुई आत्महत्या की घटनाएं स्पष्ट करती हैं कि कृषि क्षेत्र के लिए जरूरी कायाकल्प के प्रति सरकार बिल्कुल गंभीर नहीं है।

**एक नजर इस हफ्ते सरकार द्वारा घोषित 13,966 करोड़ रु. की योजनाओं पर**

**डिजिटल कृषि मिशनः कागज पर क्रांति, धरातल पर दिखावा**

डिजिटल कृषि मिशन का ऐलान सुनने में भले ही प्रौद्योगिकी के नये युग की दस्तक लगे, लेकिन यह दस्तक खेतों तक पहुंचने में नाकाम साबित हो सकती है। सरकार ने 2,817 करोड़ रुपये की राशि इस मिशन के लिए आवंटित की है, जिसका मकसद एआई, बिग डेटा और सेटेलाइट जैसी आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करके किसानों को सशक्त बनाना है। लेकिन सवाल उठता है कि क्या इस तकनीक का लाभ असल में उन किसानों तक पहुंचेगा, जो अब भी सिंचाई के लिए बारिश का इंतजार करते हैं और जिनके पास न तो स्मार्टफोन है और न ही इंटरनेट की पर्याप्त सुविधा? यह सच है कि कृषि में तकनीकी सुधार की आवश्यकता है, लेकिन इन सुधारों का जमीनी स्तर पर सही तरीके से लागू होना अनिवार्य है। डिजिटल एग्रीकल्चर की यह कल्पना तभी साकार हो सकती है, जब देश के हर कोने में इंटरनेट और डिजिटल साक्षरता का प्रसार हो।

वरना यह योजना महज एक शहरी दिखावे से अधिक कुछ नहीं रह जाएगी, जिससे देश के करोड़ों किसानों की मुश्किलें कम होने की बजाय बढ़ेंगी।डाटा बेचने वाली तीन प्रमुख दूरसंचार कंपनियों ने गोलबंद होकर जिस तरह से हाल में ही अपनी सेवा-दरों में एकमुश्त 18 से 22% तक वृद्धि की है इससे स्पष्ट है कि इस 'डिजिटल-क्रांति' का असल फायदा किसको होने वाला है।

**खाद्य और पोषण सुरक्षाः फिर से आंकड़ों की बाजीगरी या स्थाई समाधान की पहल?**

3,979 करोड़ रुपये का आवंटन जलवायु-अनुकूल खेती और फसल विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए किया गया है, जिससे 2027 तक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। लेकिन क्या केवल धनराशि का आवंटन करना ही पर्याप्त है? यह योजना, जो अनुसंधान और शिक्षा को आधुनिक बनाने का दावा करती है, वास्तव में इस देश के किसानों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में कितनी सफल होगी? अनुसंधान और विकास तब तक निरर्थक हैं, जब तक कि उसका लाभ सीधा किसान को न मिले।

**सतत पशुधन स्वास्थ्य और उत्पादनः मनमोहक शब्दों व जुमलों की आड़ में छिपती जिम्मेदारी**

1,702 करोड़ रुपये का बजट पशुधन स्वास्थ्य और डेयरी उत्पादन के लिए आवंटित किया गया है। पशुधन और डेयरी उद्योग को बढ़ावा देना आवश्यक है, लेकिन इसमें भी वही समस्या है जो कृषि में है—जमीनी स्तर पर पहुंचने वाली योजनाओं की कमी। पशुधन का स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा शिक्षा, डेयरी उत्पादन तकनीक, और पशु आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन पर सरकार द्वारा ध्यान दिया जाना सराहनीय है, लेकिन इस दिशा में सरकार का प्रयास अभी अधूरा है। जब तक यह योजना पशुपालकों तक प्रभावी तरीके से नहीं पहुंचेगी, तब तक यह एक और खोखली घोषणा बनकर रह जाएगी।

**प्राकृतिक संसाधन प्रबंधनः 'क्लाइमेट-चेंज' से निपटने हेतु जरूरी दूरगामी सोच व व्यवहारिक रणनीति का अभाव**

1,115 करोड़ रुपये का बजट प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए आवंटित किया गया है, लेकिन इस बजट में एक बहुत बड़ी कमी है, जलवायु परिवर्तन के दूरगामी खतरों को नजरअंदाज करना। जलवायु परिवर्तन एक ऐसा वास्तविक संकट है, जो आने वाले समय में समूचे कृषि क्षेत्र के अस्तित्व को संकट में डाल सकता है। हीट वेव, अचानक अतिवृष्टि और मानसून के समय में परिवर्तन तथा अनिश्चितता जैसी चुनौतियों के सामने सरकार की यह योजना व तैयारी अपर्याप्त नजर आती है। वास्तविकता यह है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें तुरंत और दूरगामी ठोस उपाय करने होंगे। केवल योजनाओं की घोषणा से कुछ नहीं होगा, जब तक कि उन्हें सम्पूर्ण इमानदारी के साथ ठोस रूप से कार्यान्वित नहीं किया जाता। सरकार को संसाधनों का सही और समुचित इस्तेमाल करना होगा, ताकि देश के किसानों को जलवायु परिवर्तन के बढ़ते संकट का सामना करने में मदद मिल सके।

**सतत बागवानी विकासः ना कोई रोडमैप ना कोई ठोस योजना ?**

बागवानी विकास के लिए 860 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। जो कि परंपरागत फसलों के साथ जड़, कंद, सब्जी, फूलों और औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने का दावा किया जा रहा है। लेकिन यह भी बाकी योजनाओं की तरह आधी-अधूरी है। यहां यह उल्लेख करना जरूरी है कि कोरोना काल के महा-पैकेज में औषधीय पौधों की खेती के लिए 4000 करोड़ रुपए की घोषणा की गई थी, उस योजना तथा उक्त राशि का क्या हुआ योजना के मुख्य भागीदार देश के औषधीय नों को ही पता नहीं। सरकारें 'सतत' विकास की बस बातें करती हैं? यह तो समय ही बताएगा कि यह 'सतत बागवानी विकास योजना' किसानों की आय में किस तरह कितनी सतत बढ़ोतरी कर पाएगी, या फिर इस राशि को भी सत्ता के दलाल नेता, व्यापारी, अधिकारी मिलकर जीम जाएंगे और यह भी सरकार की योजनाओं की सतत बढ़ रही नित नूतन योजनाओं अंतहीन सूची में शामिल होकर रह जाएगी ?

**कृषि विज्ञान केंद्रो (KVKs) को 1,202 करोड़ रुपये**

निश्चित रूप से कृषि विज्ञान केंद्रो को मजबूत बनाना एक जरूरी कदम है। किंतु कृषि विज्ञान केंद्रो के वर्तमान स्वरूप तथा हवाई कार्य-योजनाओं के कारण अधिकांश केवीके अनुत्पादक इकाई तथा सफेद हाथी बनकर रह गए हैं। सरकारी योजनाओं के भोंपू मात्र बनने से काम नहीं बनन वाला, कृषि नवाचारों को बढ़ावा देना तथा योजनाओं में किसानों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना भी जरूरी है।

**करना था पर किया नहीं:- या फिर चूक गए चौहान??**

एमएसपी गारंटी कानूनः महंगा पड़ेगा समय की मांग को अनसुनी करना ?

किसानों से 2022 तक उनकी आमदनी दुगनी करने का वादा किया गया था किंतु उनके उत्पादों का वाजिब मूल्य न मिलने के कारण तथा लगातार बढ़ते कृषि घाटे ने किसानों की स्थिति को और अधिक दयनीय बना दिया है। गेहूं, धान, दलहन, तिलहन, और कपास जैसे प्रमुख फसलों पर किसानों को उचित मूल्य न मिलने के कारण वे अपने उत्पादन में लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं। ऐसे में किसानों के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर गारंटी कानून लाए जाने की मांग लगातार जोर पकड़ रही है। 'एमएसपी गारंटी कानून' के बिना किसानों की आय में वृद्धि व स्थिरता लाना मुश्किल है। यह कानून किसानों को उनके उत्पादन के लिए एक न्यूनतम मूल्य की सुरक्षा देगा, जिससे वे बाजार के उतार-चढ़ाव से प्रभावित नहीं होंगे। किसानों की इस मांग को सरकार द्वारा तुरंत प्राथमिकता दी जानी चाहिए, ताकि उन्हें उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिल सके और वे घाटे से बच सकें। बिना एमएसपी गारंटी के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार की कोई भी योजना अधूरी मानी जाएगी।

**प्राकृतिक खेतीः घटता बजट, खोखले दावे**

सरकार द्वारा एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का दावा किया गया है, लेकिन इस कार्य के लिए बजट में मात्र 365 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले साल के मुकाबले 94 करोड़ रुपये कम है। पिछले साल इस मद में 459 करोड़ रुपये का प्रावधान था। यह कटौती सरकार की प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के दावे पर सवाल खड़े करती है। इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि पिछले साल इस मद में 459 करोड़ में से केवल 100 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए थे। यह दर्शाता है कि सरकार की घोषणाएं और वास्तविकता के बीच कितनी बड़ी खाई है।

**अंततः: किसानों की समस्याएं जस की तस**

कृषि और सहयोगी क्षेत्रों के लिए बजट 2024-25 में भी कोई बड़े बदलाव या घोषणाएं नहीं की गई। कुल मिलाकर सरकार की प्राथमिकताओं में कृषि को पहले स्थान पर रखना और इसे देश के विकास का इंजन कहना एक दिखावा है, महज एक जुमला है। वास्तविकता यह है कि किसानों को बड़े कृषि सुधारों और दीर्घकालिक ठोस योजनाओं की, तथा कृषि क्षेत्र की अधोसंरचना के विकास हेतु भारी पूंजी निवेश की आवश्यकता है। देश की 70% आबादी कृषि और कृषि संबंधी उद्योगों से जुड़ी है, लेकिन बजट का केवल 3 से 4% ही कृषि के लिए आवंटित किया जाता है। इस बार के बजट में भी यही परंपरा कायम रही है। सरकार ने किसानों के लिए सकारात्मक दीर्घकालिक पहल करने का एक और मौका गंवा दिया है, जिससे किसानों में निराशा नाराजगी और कड़वाहट बढ़ती जा रही है। यह किसी भी सरकार अथवा देश के लिए एक शुभ लक्षण तो कतई नहीं है।

# सामाजिक परिवर्तन की संवाहक है, लखपति दीदी



लेखक
शिवराज सिंह चौहान
(लेखक केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि और किसान कल्याण मंत्री है)

## स्टार्टअप से लेकर स्पेस तक बहनों ने अपनी पहचान स्थापित की है

मेरी बहनों, प्रधानमंत्री जी का संकल्प है किसी बहन के आंखों में आंसू न रहें, हर एक चेहरे पर मुस्कुराहट आए, कोई मजबूर न रहे, इसलिए उन्होंने लखपति दीदी अभियान चलाया है। ऐसी दीदी जिनकी सालाना आय 1 लाख से अधिक हो ऐसी 1 करोड़ दीदी, लखपति बन चुकी है और विगत 100 दिन में 11 लाख दीदी लखपति बनी है। हमारी सरकार इस अभियान में तेजी से जुटी हुई है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में प्रधानमंत्री जी के इस अभियान से लगातार महिलायें जुड़ रही है और स्व सहायता समूह के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री जी के आशीर्वाद से जल्द ही 3 करोड़ दीदी लखपति दीदी बनेंगी। देश में महिलाएं आगे बढ़ें, समृद्ध और संपन्न बनें एवं प्रगति के नए आयाम स्थापित करें, इसके लिए विगत 10 वर्षों से महिला कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री है जिन्होंने महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक सशक्तीकरण को सुनिश्चित किया है।

महिलाएं समाज और राष्ट्र की धुरी हैं। हमारे गौरवशाली और समृद्ध भविष्य का आधार हैं। हमारे वेदों और पुराणों में नारी के महत्व का उल्लेख किया गया है। नारी शक्ति के बिना राष्ट्र की समृद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती है इसलिए प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति के समग्र विकास और संपूर्ण उत्थान को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया है। 'लखपति दीदी' प्रधानमंत्री के इसी संकल्प का फल है।

महिला सशक्त होगी तो परिवार सशक्त होगा, परिवार सशक्त होगा तो समाज सशक्त होगा और समाज के सशक्त होने से राज्य एवं राष्ट्र सशक्त होगा। लखपति दीदी अभियान से पीढ़ियाँ समृद्ध और सशक्त हो रही है इसलिए महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री ने 2500 करोड़ रुपए रिवॉल्विंग फंड के रूप में स्व सहायता समूहों के खातों में डाले है और 5 हजार करोड़ रुपए के बैंक ऋण जारी किए है जिससे बहनें तेजी से लखपति दीदी बन सके।

प्रधानमंत्री कहते हैं कि भारत को विकसित बनाने के लिए भारत की प्रत्येक महिला को आर्थिक रूप से समृद्ध करना होगा, इसलिए हमारी सरकार महिलाओं की आर्थिक शक्ति बढ़ाने के लिए सभी दिशाओं में काम कर रही है। बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी, नमो ड्रोन दीदी इसी दिशा में बढ़ाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार-स्वरोजगार के नए अवसर देने और सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक पहलुओं पर सशक्त बनाने की सोच को दर्शाते हैं। आज हमारी लखपति दीदी कृषि और गैर कृषि, कुटीर उद्योग, पोषण आहार, स्वच्छता अभियान, परिवहन सहित व्यापार से जुड़ कर सशक्त हो रही है।

प्रधानमंत्री मोदी अपने सामाजिक राजनैतिक जीवन की शुरुआत से ही महिला कल्याण की दिशा में काम कर रहे है। गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने बहनों-बेटियों के सर्वसमावेशी विकास के लिए 'नारी गौरव नीति' जैसी योजना बनाई। बहनें स्वावलंबी, आत्मनिर्भर, सशक्त और आर्थिक रूप से सक्षम बनें, इस दिशा में अनेक कार्य किए गए। आज बहनें सिद्ध कर रही हैं कि वह अबला नहीं, सबला हैं। बोझ नहीं, वरदान हैं। देशभर में करीब 92 लाख स्व-सहायता समूह कार्य कर रहे हैं जिनमें 10 करोड़ बहनें जुड़ी हैं। स्व-सहायता समूह के माध्यम से बहनों ने अपना जीवन बदला है और वे देश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

प्रधानमंत्री का सदैव यह प्रयास रहा है कि बहनों के जीवन में कैसे खुशियां लेकर आएं। इसके लिए उनके नेतृत्व में अनेक तरह की योजनाएं भी बनाई हैं। जहां एक ओर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान और 'सुकन्या समृद्धि' जैसी योजनाओं के माध्यम से लिंगानुपात में क्रांतिकारी बदलाव आया है। 'उज्ज्वला योजना' के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक बहनों का खुशहाली से कनेक्शन जुड़ा और धुएं से मुक्ति मिली। पीएम मुद्रा योजना और जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों बहनों के खाते में खुशियां सीधे पहुंच रही हैं। जल जीवन मिशन जैसे अभूतपूर्व प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में भी बहनों को नल से शुद्ध जल मिलना आसान हुआ है। मातृत्व अवकाश की अवधि बढ़ाने का प्रधानमंत्री का निर्णय अभूतपूर्व है और इसका सीधा लाभ कामकाजी महिलाओं को मिल रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बेटियों के लिए सैनिक स्कूल के द्वार खोलने जैसे निर्णयों से सेना में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है। साथ ही भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को उच्च पदों पर नियुक्ति और नई भर्ती के द्वार भी खोले गए हैं। तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर, मुस्लिम महिलाओं को नया अधिकार दिया जिससे उनका भाग्य बदला है। यह सभी निर्णय प्रधानमंत्री की संवेदनशीलता और दूरदर्शिता के परिचायक हैं। खेलों के क्षेत्र में महिलायें आगे बढ़े, नया टैलेंट बाहर आए इसलिए खेलों इंडिया जैसे कार्यक्रमों से निकली खिलाड़ी बेटियों ने ओलंपिक जैसे वैश्विक मंचों पर भारत का तिरंगा लहराया है।

आजादी के अमृतकाल में नारी का अभ्युदय और प्रत्येक क्षेत्र में उसकी भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए मोदी जी प्रतिबद्ध हैं। महिलाओं के राजनैतिक सशक्तिकरण हो, उनके राजनैतिक अधिकार भी सुनिश्चित हो इस दिशा में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' मोदी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई महिला कल्याण केंद्रित योजनाओं से महिलाओं को सुगमता के साथ जीवन जीने का अवसर मिला है। बेटियां गंगा, गीता, गायत्री हैं। सीता, सत्य, सावित्री हैं। दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती हैं। इनके बिना सृष्टि नहीं चल सकती। परिवार से लेकर पंचायत तक, शिक्षा से लेकर अर्थव्यवस्था और उद्यम तक, नारी शक्ति हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है। स्टार्ट अप से लेकर स्पेस तक भारतीय महिलाओं ने अपना परचम लहराया है।

प्रधानमंत्री संकल्प के धनी है। वे दिन और रात काम करते हैं। उन्होंने लाल किले के प्राचीर से कहा कि मैं विकसित भारत बनाने के लिए तीन गुना अधिक ताकत से काम करूंगा। मैं लखपति दीदियों से अपील कर रहा हूँ कि प्रधानमंत्री तीन गुना अधिक ताकत से काम करेंगे तो हम भी उनके पीछे दोगुनी ताकत से काम करेंगे। प्रधानमन्त्री का संकल्प है गरीबी मुक्त गांव और वो गांव बनाने में हम भी कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

हमारे प्राचीन ग्रंथों में लिखा है कि नारी के बिना यज्ञ अधूरा है। विकसित भारत के निर्माण और राष्ट्र के संपूर्ण कल्याण का यज्ञ भी नारी के उत्थान एवं उसके सशक्तीकरण के साथ ही संभव है। निश्चय ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में माताओं, बहनों एवं बेटियों के कल्याण के जो कार्य हो रहे हैं, वह 'विकसित और आत्मनिर्भर भारत' की भव्य इमारत को दिव्य आकार दे रहे हैं। आज हमारी माताएं, बहनें आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर हो रही हैं और हम सब विकसित भारत के स्वप्न को साकार होते देख रहे हैं। संपूर्ण विश्व कह रहा है कि यह समय भारत और भारत की नारी शक्ति के उदय का है।

## आप की बात

### राष्ट्रपति की चिन्ता

**राष्ट्रपति** द्रोपदी मुर्मू ने अपनी चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा, बस बहुत हो चुका, मैं निराश और डरी हुई हूं। देश की महामहिम राष्ट्रपति द्वारा अपनी मनोदशा को इस चिन्ताजनक ढंग से व्यक्त करना किसी भी सभ्य समाज के लिए हजार बार सोचने को मजबूर करती है कि महिलाओं के प्रति अत्याचार को कैसे रोका जाए? राष्ट्रपति ने महिलाओं के प्रति अत्याचार को विकृति के रूप में परिभाषित किया है। कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई रेप और हत्या के बाद पूरे देश में आक्रोश है। यदि देश की बेटियां देश के शिक्षित व सभ्य परिवेश में भी सुरक्षित नहीं है तो सुदूर व दुर्गम क्षेत्रों के बारे में क्या कहा जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के प्रति अत्याचार और भी भयानक होते हैं क्योंकि इन क्षेत्रों तक मीडिया की ज्यादा पहुंच नहीं है। अत्याचार महिलाओं ही नहीं बच्चों पर भी लगातार हो रहे हैं। समाचारों की सुर्खियां रोज दिल दहलाने वाली होती हैं। देश की राष्ट्रपति की चिंता पर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को अति गंभीरता से सोचना चाहिए। निर्भया कांड के बाद संसद ने विशेष सत्र में इस स्थिति पर विचार किया था। अब यह सोचने का समय आ गया है कि पिछले लगभग दस साल में महिला सुरक्षा की क्या स्थिति है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### न्यायालयों पर बोझ

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** ने कहस है कि देश के न्यायालयों पर बढ़ते मुकदमों पर त्वरित न्याय हमारे लिए एक चुनौती है। इसे दूर करने के प्रयास होने चाहिए साथ ही स्थगन संस्कृति भी बदलने की कोशिश की जानी चाहिए। सही बात है कि तारीख पर तारीख की लम्बी प्रक्रिया भी न्याय में देरी का एक प्रमुख कारण है। फस्ट ट्रैक कोर्ट तथा न्यायाधीशों एवं विधि स्टाफ बढ़ाकर भी इसे दूर किया जा सकता है। न्याय में देरी होने से फरियादी के लिए इन्साफ का महत्व ही घट जाता है। दोषी को लम्बी प्रक्रिया से सजा तक पहुँचने में बढ़ते समय का लाभ मिलता है। अगर जल्दी निर्णय हो जाए तो फरियादी को लाभ होगा, उसके समय और धन की बर्बादी घटेगी और दोषी को सजा शीघ्र मिलने से बढ़ते अपराधों में भी तेजी से कमी आ सकती है। इससे न्यायालयों पर बढ़ते मुकदमों का बोझ भी कम होगा। दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या 140 करोड़ वाले देश भारत में बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप जिला न्यायपालिका के विस्तार की आवश्यकता है। यदि अपराधी को तुरन्त सजा न मिले तो इससे अनेक लोगों में अपराध करने की प्रवृत्ति भी बढ़ती है। उम्मीद करनी चाहिए कि नये कानूनों के समुचित क्रियान्वयन से भी लाभ होगा।

–**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### हेमा कमेटी रिपोर्ट

**हेमा कमेटी रिपोर्ट** से मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं के अकूत शोषण का पता चला है। अभिनेत्रियों व महिला कलाकारों द्वारा निर्देशकों, निर्माताओं और फिल्म फाइनेंसरों पर गंभीर यौन शोषण के आरोप लगाए जा रहे हैं। यौन उत्पीड़न मामलों के विरूद्ध आवाज उठाने से तमिल फिल्म जगत में भी उथलपुथल पैदा हो रही है। अतीत में कई महिला कलाकारों की रहस्यमय तरीके से मौत हुई। महिला कलाकारों व निर्माताओं के बीच कास्टिंग काउच जैसे मुद्दों पर मतभेद रहे हैं। हेमा समिति के खुलासे के बाद मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहनलाल से इस्तीफा तो अवश्य ले लिया गया है, किन्तु इस दिशा में सरकार की ओर से और आगे कार्रवाई की अपेक्षा है। केरल तथा तमिलनाडु सरकार को हेमा कमेटी रिपोर्ट तथा अन्य आरोपों पर स्वत: ही गोपनीय जांच शुरू कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है तो पहले से ही संकट का सामना कर रहा क्षेत्रीय या भाषाई सिनेमा उद्योग और संकट मे पड़ जाएगा। मलयालम व तमिल सिनेमा के साथ अन्य प्रदेशों के फिल्म उद्योग में न्यायोचित व्यवस्था स्थापित करने की जरूरत है ताकि महिला शोषण की आशंका समाप्त हो सके।

– **युगल शर्मा**, फरीदाबाद

### पलक का प्रदर्शन

**इंदौर** की अंतरराष्ट्रीय गोताखोर पलक ने एक बार फिर अपनी जीत से इतिहास रच दिया है। सिंगापुर में 30 अगस्त से एक सितंबर तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय सिंगापुर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए पलक ने छह इवेंट खेल में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक, एक रजत पदक और एक कांस्य पदक हासिल किया है। शाबाश पलक! इस विशिष्ट रिकॉर्ड ने पलक को सबकी पलकों पर बिठा दिया है। यह न केवल इंदौर, बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है कि बेटियां न सिर्फ पढ़ाई में बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में एक के बाद एक नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। बेटियों ने सिद्ध कर दिया है कि यदि उन्हें पर्याप्त अवसर व सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए तो वह हर उच्च शिखर को छूने में सक्षम है। पलक की उपलब्धि से देश भर की बेटियों का आत्मविश्वास नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। पलक की उपलब्धि ओलंपिक व पैरालंपिक में मिली उपलब्धियों के अलावा एक और उल्लेखीय योगदान है।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# युवा कांग्रेस ने जिला मुख्यालय में नारेबाजी करते हुए निकाली मशाल रैली

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव के समर्थन में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मशाल रैली निकाली। जिला मुख्यालय में आयोजित मशाल रैली में युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रांजल तिवारी के नेतृत्व में निकाली रैली में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता हाथ में मशाल लेकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस भवन से पैदल मार्च करते सिग्नल चोक पहुंचे। जहां सभी ने जमकर नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफहल्ला बोला। युवा कांग्रेसियों ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अपनी नाकामी को छुपाने के लिए गलत का साथ दे रही



है ओर सच को दबाने की कोशिश की जा रही है। बलौदाबाजार मामले में निर्दोष सतनामी समाज के लोगों के साथ बड़ा बुरा बर्ताव और घिनौनी हरकत की है। प्रदेश में न्याय व्यवस्था बनाने के लिए प्रदेश में एक नई क्रांति लाने वाले और मासूम निर्दोष लोगों की आवाज बनने वाले विधायक देवेंद्र यादव को भी इस भाजपा सरकार में जेल में बंद कर दिया है। प्रदेश में कहीं कोई कानून व्यवस्था नहीं है। अंग्रेजों की तरह शासन चला रहे हैं। भाजपा सरकार कटपुतली की तरह पुलिस को इस्तेमाल कर रही है। प्रदर्शन में ज़िला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष वसीम मुनीर, ज़िला अध्यक्ष एनएसयूआई राजू साहू ,विधानसभा अध्यक्ष शुभम् वर्मा, शुभांक परगहनीय, अतुल साहू, आशीष तिवारी,जयंत जांगड़ेढ्ढ वतन मिश्रा, ऋत्विक तिवारी, सशंक दूबे, आरिफ भाटिया, दीपक दिनकर, गौरव छाबड़ा, नमन छाबड़ा मोहित अनंत, राहुल जोशी ,सिद्धू दीवान, श्यामलाल चतुर्वेदी, निलेश वैष्णव, खेलवन ध्रुव, धनेश साहू, आत्मानंद सारथी, डिसेंट सिन्हा, जासन, लेखू वर्मा दुष्यंत शर्मा, महाराजी साहू, खिलेश्वर साहू, भूनेश्वर रजक, भूपेन्द्र साहू, द्वारिका साहू, पवन साहू अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी से प्रदेश के युवाओं में आक्रोश : प्रांजल तिवारी

मशाल यात्रा की अगुवाई युका नेता प्रांजल तिवारी ने आंदोलन के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या करने में तुली हुई है। अब तक पुलिस बलौदा?बाजार मामले में कोई सबूत नहीं जुटा पाई है। यह साबित नहीं कर पाई है कि वह दोषी है। पुलिस और पूरी भाजपा सरकार आज तक उनके खिलाफएक सबूत सार्वजनिक नहीं किया है। विधायक देवेंद्र यादव को पुलिस ने जबरदस्ती जेल में बंद कर रखा है। खुले आम बीच सड़क पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रोका जाता है, इस कांग्रेस के कार्यकर्ता शांति पूर्वक आंदोलन करते हैं तो पुलिस से बल प्रयोग कर कुचलने की हरकत करती है।इससे प्रदेश के युवाओं में आक्रोश फैल रहा है। आगामी दिनों में और भी उग्र आंदोलन किए जाने की तैयारी है।

# कबीरधाम जिले के 59 मेधावी छात्राओं के हौसलों को मिली उड़ान

## उपमुख्यमंत्री ने जिले के 59 मेधावी विद्यार्थियों को चेक प्रदान किया



पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले के 59 मेधावी छात्राओं के हौसलों को मिली उड़ान मिली है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के प्रवास के दौरान जिले के 59 मेघावी विद्यार्थियों को स्वेच्छा अनुदान से 3 लाख 45 हज़ार का चेक प्रदान किया। इसमे कक्षा दसवीं के 49 मेघावी विद्यार्थी को 5-5 हजार रुपए की प्रतिमान से 2 लाख 45 हजार रुपए और कक्षा बारहवीं की 10 मेघावी विद्यार्थियों को 10-10 हजार रुपए की प्रतिमान से 1लाख रुपए का चेक प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम में चेक प्रदान किया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और आईएएस, आईपीएस, राज्य प्रशासनिक के उच्च पदों और डॉक्टर, इंजीनियर के क्षेत्रों में बेहतर कैरियर निर्माण के लिए मनोबल बढ़ाया। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की सीख दी और कहा कि कड़ी मेहनत से ही हम सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ सकते है। सफलता की कोई शार्ट कट नही होता। उपमुख्यमंत्री ने कहा की आगे बढ़ने के लिए बेहतर संगति भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमें नशा से दूर रहना होगा। अच्छी किताबे और साहित्य का नियमित अध्ययन करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त कर छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, रामप्रसाद बघेल, मनीराम साहू, उमंग पाण्डेय, पवन जायसवाल, अनिल साहू सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में साक्षरता सप्ताह का आयोजन




पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

देश भर में चल रहे साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम के तहत आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट पूर्व माध्यमिक शाला बेमेतरा में बालिकाओं ने नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। तथा शिक्षा को लेकर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारत सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सरेखित करने के लिए शिक्षा के सभी पहलुओं को कवर करने के लिए वित्त वर्ष 2022-2023 की अवधि के लिएएक नई केंद्र प्रायोजित योजना उल्लास (समाज में सभी के लिए आजीवन सीखने की समझ) को मंजूरी दी है।जिसके तहत सभी हितधारकों, लाभार्थियों ,व नागरिकों के बीच उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। इसके लिये देश भ र्मे साक्षरता सप्ताह में विभिन्न गतिविधियां को करवाते हुए 8 सितंबर 2024 को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाएगा। शाला के प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद बंजारे जी ने साक्षरता सप्ताह के तहत होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी बच्चों को दी व उन्हे इस कार्यक्रम में अपने आसपास के लोगों को जोड़ने के लिए कहां।कार्यक्रम का आयोजन रेणुका अग्रवाल के द्वारा किया गया इस आयोजन में प्रधान पाठक रामेश्वर बंजारे एवं संस्था की सभी शिक्षिकाएं व शिक्षक उपस्थित थे।

# भाजपा का सदस्यता अभियान के लिए प्रचार प्रसार शुरू

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रव्यापी शसक्त भाजपा विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को लेकर भाजपा सदस्यता अभियान 2024 की शरुवात हुई है कल सर्वप्रथम भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सदस्यता ली फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदस्यता दिलाई गई छत्तीसगढ़ के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने सदस्यता ली फिर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सदस्यता ली सदस्यता लेने की तीन विधि है मिस्ड कॉल 8800002024 करे या ऑफ लाइन फॉर्म भरके या सकेनिग करके सदस्यता दिलाई या ली जा रही है कल से सभी जिलाध्यक्ष विधायक मंत्री भी अपने



मण्डल अध्यक्षों शक्ति केंद्र बूथ अध्यक्ष को सदस्ता दिलाई जायेगी। विधिवत 2 सितम्बर को सदस्यता महाअभियान की प्रचार प्रसार के लिए बेमेतरा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी के निर्देश पर बेमेतरा के विधायक दिपेश साहू के मार्गदर्शन में भाजपा जिला कार्यालय मंत्री व भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ जिला संयोजक विकास तम्बोली के नेतृत्व में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश मोहन शर्मा दीना साहू के उपस्थित में बेमेतरा नगर व आप पास के अंचल में व्यापक सदस्यता अभियान चले साथ ही ईरिक्सा के माध्यम से हर गाँव नगर वार्ड गली मोहल्ले में जा हर समाज वर्ग के व्यक्तियों अंतिम पंक्ति के परिवारों तक भाजपा के विचारों को भाजपा के विचारधारा से जन जन को जोड़ने के साथ ही भाजपा के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा इन 10 सालो में जो राष्ट्रहित में सनातन धर्म संस्कृति धरोहर परम्परा जो भारत की मूल है सभी 140 करोड़ भारतवासियों का समग्र विकास बिना भेदभाव के सबका साथ सबका विकास सबका सहयोग सबका सम्मान सबके प्रयास के मूलमंत्र से अनेकों जनकल्याणकारी योजना सभी क्षेत्रों के लिए निकाल कर देश को भ्रष्टाचार मुक्त गरीबी मुक्त कर आत्मनिर्भर भारत समृद्ध विकसित भारत बनाने के गाँव गरीब किसान महिला युवा सेना सहींत मूलभूत सभी व्यवस्था के लिए ऐतिहासिक व स्वर्णिम फैसले लेकर जो आज तक नहीं हुआ था वैसे असम्भ कार्य को भी सम्भव कर भारत का नाम पूरी दुनियां में रौशन किया इन सभी बातों को घर घर जाकर बताना और फिर उनको मोदी हाथ को मजबूत करने भाजपा को शसक्त बनाने के लिए भाजपा का सदस्य बनने का आग्रह कर भाजपा विचारधारा से जोड़ कर राष्ट्रहित देशभक्ति अखण्ड भारत विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा का सदस्य बनने के लियो आह्वान किया जायेगा इस प्रचार वाहनों को आज विधायक कार्यालय से विधायक दिपेश साहू जी के हाथों हरि झंडी भाजपा के कमल के झंडे दिखाकर रवाना किया गया जो दो महीने तक सदस्यता अभियान चलते तक प्रचार प्रसार के लिये नगर पालिका क्षेत्र व बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में घूमते रहेगी।

# दल्लीराजहरा के स्वाधीन जैन को कांकेर जिला भाजपा का प्रभारी बनाया गया

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 सितंबर, की शाम 5 बजे भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा प्रधानमंत्री को प्रथम सदस्य बनाया गया। सदस्यता अभियान के माध्यम से बीजेपी संगठन पर्व मनाकर अपना विस्तार कर रही है। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी एवं भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशन पर एवं मोर्चा के प्रदेश प्रभारी डॉ.सलीम राज की सहमति से संगठन महा पर्व सदस्यता अभियान 2024 के लिए मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने प्रदेश सदस्यता टीम की घोषणा की है जिसमे दल्लीराजहरा के स्वाधीन जैन को कांकेर



जिला का प्रभारी बनाया गया है। स्वाधीन जैन ने पूरे प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा पूरे 6 सालो में इस सदस्यता अभियान को एक महापर्व के रूप मनाती है ऐसे में आज मुझे कांकेर जिले का प्रभारी बनाया है हम सभी अल्पसंख्यक मोर्चा के लोग मिल कर शत प्रतिशत सदस्य बनाएंगे साथ ही इस महापर्व में नये लोगो को भी बड़ी संख्या में सदस्य बनाने का संकल्प दिलाएंगे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश मीडिया प्रभारी व सदस्यता अभियान कांकेर जिले का प्रभारी स्वाधीन जैन को बनाये जाने पर दल्लीराजहरा नगर में हर्ष का माहौल है। भाजपा बालोद जिला अध्यक्ष पवन साहू ने बधाई दी साथ ही गोविन्द वाधवानी ,जयदीप गुप्ता , आशीष लालवानी , हितेश कुमार , शाहिल कुमार , सुरेश जायसवाल ,विशाल मोटवानी , ओम गोलछा, दमनदीप, ललित जैन ,आलोक जैन, मोहमद इमरान, फारूक भाई, हनी मथारू, निखिल जैन, दीपेश जैन,पुनीत पब जी, व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के लोगो ने बधाई दिया है। इस दौरान स्वाधीन जैन ने बताया सदस्यता अभियान में तीन तरीके से सदस्य बन सकते हैं.जिसमें ऑनलाइन, ऑफलाइन और मिस्ड कॉल इन तीन फॉर्मेट में से किसी भी फॉर्मेट में जाकर व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बन सकता हैं।

# द्वेष पूर्ण कार्यवाही के विरोध में युवा कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस




पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकाश शर्मा के आदेश एवम एवं युवा कांग्रेस डोंडी लोहारा विधानसभा अध्यक्ष भरत देवांगन के मार्गदर्शन में दल्ली राजहरा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अयान अहमद एवं कार्यकर्ताओं ने बलौदा बाजार हिंसा में कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे, एन एस यू आई विधानसभा अध्यक्ष सुर्यकांत वर्मा, अजित कोशले व युवा कांग्रेस, के कार्यकर्ताओं , सतनामी समाज के साथियों को झूठे केस में फंसाकर जेल भेजे जाने व पिछले कई महीनों से उन्हे व उनके परिवार वालों को जबरन परेशान करने व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के विरोध में दल्ली राजहरा युवा कांग्रेस द्वारा मशाल रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिसमे प्रमुख रूप से दल्ली राजहरा नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, डोंडी लोहारा विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस भरत देवांगन, अल्पसंख्यक बालोद जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव ज़ेबा कुरैशी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ईश्वर राव, अल्पसंख्यक बालोद जिला उपाध्यक्ष तंजीला खान, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव शालिनी रामटेके, दल्ली राजहरा युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष अयान अहमद, युवा नेता हेमंत पटेल, नीरज साहू, दिनेश आर्य, मुकेश पटेल, नितिन लुल्ला, लोकेश साहू, मोहन्ती, नवीन साहू,जगजोत तुली, नंदू तालिब, दिनेश, लक्की, कुणाल साहू, विनय साहू, राज साहू, फरहान, जीवन राजपूत एवं बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राज्यपाल के मुख्य आतिथ्य में पांच सितम्बर को 39 वां शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षक सम्मान समारोह समिति द्वारा 39 वे शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन 05 सितम्बर दिन गुरूवार को कृषि उपज मण्डी में आयोजित किया जा रहा है। विधायक एवं आयोजन समिति के संरक्षक दीपेश साहू ने बताया कि इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश की महामहिम राज्यपाल रमेन डेका शामिल होंगे। समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे । इस अवसर पर जिले के सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्वर्णपदक से सम्मानित किया जाएगा। ज्ञात हो कि राजस्व जिला गठन के पूर्व बेमेतरा में विगत 38 वर्षो से लगातार शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। जिसकी अपनी एक विशिष्ट पहचान कायम है। जिसमें प्रदेश एवं देश की महान हस्तियां शिरकत कर चुकी हैं। विधायक दीपेश साहू ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में इस समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है।इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिकआपूर्ति निगम मंत्री दायलदास बघेल, साजा विधायक ईश्वर साहू सहित जिले के शिक्षक शिक्षिका छात्र छात्राएं शामिल होंगे ।

# रेलवे इंस्टिट्यूट में भव्य रूप से मनाया गया तीज मिलन कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

तीज मिलन कार्यक्रम 31 अगस्त को रेलवे इंस्टिट्यूट में भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टी.ज्योति पार्षद द्वारा किया गया व कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने में विशेष रुप से किरण गोटे, निधि सोनी, दीप्ति कोष्टा,तारिणी गवरना, खुशबू साहू, ऊषा कुमारी का योगदान रहा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महादेव जी के समक्ष गणेश वंदना कर दीप प्रज्जवलित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एक पेड़ मां के नाम से हुआ, कार्यक्रम का मंच संचालन खुशबू साहू द्वारा




किया गया। सर्वप्रथम खेल का आयोजन सुनीता कुशवाहा व होमलता द्वारा कराया गया,जिसमे बैलून खेल प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभा दुबे व कंचन पाल रही। खेल के उप विजेताओं में सी एच त्रिवेणी, सुमित्रा निर्मलकर, माधवी सिंग, रीना ठाकुर, पिंकी राव, लक्ष्मी राव, रजनी, सुजाता रही। कार्यक्रम में सभी की सहभागिता रही । कार्यक्रम के तीसरे चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल डांस में रोशनी सिंह, किरण गोटे, दीप्ति कोष्टा, खुशबू साहू, मीनाक्षी देशमुख, निकिता वर्मा द्वारा किया गया व समस्त महिलाओं के द्वारा ग्रुप डांस भी किया गया। तीज कार्यक्रम में साज श्रृंगार की विजेता तारिणी गवरना रही व बेस्ट एंट्री ऑफ द तीज में निधि सोनी रही। तीज मिलन कार्यक्रम में विशेष रुप से नुनिता ध्रुव, ऊषा कुमारी, पुष्पा टंडन, पार्वती चंद्रवंशी, यशोदा डडसेना, सुमन तिवारी,ए प्रमिला कुसुम साहू, मीनू सिंग,खेमवती साहू, गोदावरी साहू, नागमल्ली, गोपिका कोसमा, अंजू भट्ट, संतोषी कुशवाहा, सुधा साहू, लीना पटेल, कविता, अमीना सुधाकर, त्रिलोचना नाग, सरोज, शशी मंडावी, भारती साहू, कविता क्षीरसागर, चेतना देवांगन, बबिता भुआर्य, मल्लेश्वरी, रमनम्मा, संगीता रंगारी,यशोदा मेश्राम, रूकमणि हरिप्रिये, अंशु सिंह, रानू रंगारी, मेघा गवरना व समस्त रेलवे परिवार की महिलाएं काफी संख्या में उपस्थिति थी। टी.ज्योति पार्षद द्वारा कहा गया कि हर वर्ष तीज पर्व रेलवे कॉलोनी की महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जाता है । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रत्येक महिलाओं का आभार व्यक्त किया गया ।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में हो रहा है सर्पदंश का सफल इलाज

**बेमेतरा।** सर्पदंश को लेकर अक्सर लोग जड़ी बूटी या झाड़ फुंक्र में ज्यादा यकीन रखते हैं और ऐलोपैथिक इलाज करने से कतराते हैं, जिससे समय पर उचित इलाज न मिलने से जीवित बचे रहने की उम्मीद कम हो जाती है। सर्पदंश के सर्वाधिक मामले विकासखण्ड नवागढ़ में आते हैं और यहाँ के लोग ज्यादातर झाड़फूंक्र के चक्क र मे समय व्यतीत करते रहते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए डॉ एम एम रजा खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ के समस्त चिकित्सको को मार्गदर्शन करते हुए सर्पदंश के इलाज हेतु प्रेरित किया एवं अस्पताल में सर्पदंश के इलाज हेतु एन्टी स्नैक वेनम एवम अन्य जरूरी संपुर्ण व्यवस्था उपलब्ध कराए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग एवं मितानिन के माध्यम से विकासखण्ड में प्रचार प्रसार कराया गया जिसका क्षेत्र वासियो को ये लाभ हुआ कि अप्रैल 2024 से 03 सितंबर 2024 तक 05 माह में सर्पदंश के 60 मामलों में 54 मरीजों का सफल इलाज किया गया, एवम केवल 06 केस को स्थिति गम्भीर होने के कारण जिला चिकित्सालय बेमेतरा में रेफेर किया गया। इसी तरह बिच्छु काटने के 52 मामलों में 52 मरीजो का सफल इलाज सामुदायिक स्वास्थय केंद्र नवागढ़ में किया गया।

# कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

## अधिकारी-कर्मचारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर कार्यों की सतत् मॉनिटरिंग करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर केन्द्र व राज्य शासन के अंतर्गत जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर विभागीय कार्यों का सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिससे कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।



बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कार्ययोजना बनाने के पूर्व फील्ड का मुआयना करने से वस्तुस्थिति का भलि-भाँति आंकलन हो जाता है। जिससे योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं मदद मिलने के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों के नियमित रूप से फील्ड विजिट करने से शासकीय कामकाज में कसावट भी आता है। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से उनके द्वारा अतिक्रमण हटाने हेतु की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए अतिक्रमण हटाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन एवं राज्य शासन से प्राप्त प्रकरणों के निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

### हुच्चेटोला के ग्रामीणों के आय को दुगुना करने की कलेक्टर ने की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला प्रशासन द्वारा जिले के डौंडीलोहारा ब्लॉक के अंतिम छोर पर सुदूर वनांचल के आदिवासी बाहुल्य ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों के आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे उपायों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को ग्राम हुच्चेटोला का नियमित रूप से भ्रमण कर ग्रामीणों की मांग एवं स्थानीय परिस्थिति के आधार पर इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पशुपालन विभाग के उप संचालक से ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों को उनके रूचि के अनुसार पशुपालन, व्यवसाय तथा अन्य विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कर उनके आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने कृषि विभाग के उप संचालक से ग्राम हुच्चेटोला में उनके विभाग के द्वारा बारहमासी एवं उन्नत प्रजाति के फसलों की खेती के लिए प्रेरित करने के अलावा उन्होंने आधुनिक कृषि यंत्रों एवं खाद, बीज की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने श्रम, महिला एवं बाल विकास, क्रेडा आदि विभागों द्वारा ग्राम हुच्चेटोला के ग्रामीणों के आय को दुगुना करने हेतु किए जा रहे उपायों की भी विस्तृत समीक्षा की।

### डीईओ को प्रचार प्रसार करने के निर्देश

कलेक्टर ने ने डौंडीलोहारा एसडीएम से जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में 30 अगस्त को आयोजित प्रबंधन समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय में पानी की समुचित आपूर्ति सुनिचित करने हेतु की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इसके लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा में जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को इसका समुचित प्रचार-प्रसार कराने को कहा।

# नहरिया बाबा हनुमान मंदिर के दान पेटी को चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को मिली बड़ी सफलता






**पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा**
www.dailypioneer.com

नहरिया बाबा हनुमान मंदिर के दान पेटी को चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को मिली बड़ी सफलता। सायबर सेल/थाना जांजगीर, चौकी नैला पुलिस द्वारा घटना स्थल से चारो दिशाओं में लगभग 600 सीसीटीवी फुटेज चेक करने बाद मिला सुराग। 5.08.2024 दरमियानी रात्रि में नहरिया बाबा मंदिर अंदर घुसकर कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखे दान पेटी को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है, जिसमे लगभग 90 हजार रूपया था। प्रार्थी प्रमोद कुमार तिवारी निवासी जांजगीर की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध कमांक 677/2024 धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। इसी दिनांक 25.08.2024 दरम्यिानी रात्रि में नहरिया बाबा मंदिर के सामने रखे मो.सा. एच.एफडिलक्स क्रमांक सी.जी 11 एके 4750 कीमती 50,000 रू. को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है प्रार्थी मनोज सूर्यवंशी निवासी जांजगीर की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। मंदिर की हुयी चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर- चाम्पा के निर्देशन में अज्ञात आरोपियों की पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित किया गया। सायबर टीम/चौकी नैला पुलिस द्वारा राजेन्द्र कुमार जायसवाल अति. पुलिस अधीक्षक जांजगीर चाम्पा के कुशल मार्ग दर्शन में अज्ञात आरोपियों एवं चोरी गये मशरूका की लगातार पतासाजी की जा रही थी। दौरान विवेचना सायबर सेल पुलिस जांजगीर द्वारा बारिकी से घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। घटना में लगे सीसीटीव्ही को चेक करने पर तीन ब्यक्ति रेनकोट पहनकर अपने अपने चेहरा को कपड़े से ढका हुआ दिखा। घटना स्थल से सभी दिशाओं के सीसीटीव्ही फुटेज को चेक करने पर आरोपी घटना स्थल से मोटर सायकल चोरी कर बलौदा होते हुए सीपत, बिलासपुर शहर जाना पता चला। इसी क्रम में जांजगीर पुलिस द्वारा बिलासपुर जाकर संभावित स्थान में सीसीटीव्ही फूटेच को आसपास दिखाने पर एक व्यक्ति को धीरेन्द्र वैष्णव उर्फ टींकू निवासी भूकम्प अटल अवास थाना सरकण्डा बिलासपुर के रूप में पहचान करने पर संदेही धीरेन्द्र वैष्णव उर्फ टींकू उसके सकुनत से पकड़ा गया। जिसको घटना के संबंध में बारिकी से पूछताछ करने पर अपने अन्य सहयोगी विजय कुमार वैष्णव, रामायण केंवट दोनो निवासी हरदीकला टोना थाना सिरगिट्टी बिलासपुर के साथ मिलकर रात्रि में गतौरा रेलवे स्टेशन से ट्रेन से नैला रेलवे स्टेशन आना एवं नहरिया बाबा मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी को चोरी करना तथा वापस जाने का साधन नही होने से वहां पर खड़े मोटर सायकल हीरो एच एफडिलक्स को चोरी करना उसी मोटर सायकल से तीनो बैठकर बलौदा, सीपत होते हुए बिलासपुर जाना एवं साक्ष्य छुपाने के लिए चोरी का मोटर सायकल एवं पहने हुए रेनकोट को जला देना बताया। प्रकरण के अन्य आरोपी विजय कुमार वैष्णव एवं रामायण केंवट दोनो निवासी हरदीकला टोना थाना सिरगिट्टी बिलासपुर को उसके सकुनत से पकड़ा तीनो आरोपियों से पृथक पृथक पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन दर्ज किया गया जो आरोपियो के द्वारा चोरी का रकम को अपने साथी राजा ठाकुर उर्फराज निवासी अशोक नगर खमतरई बिलासपुर के किराये के मकान में छुपाकर रखना बताया। आरोपियों द्वारा उक्त घटना कारित करना अपना अपना जुर्म स्वीकार किये जाने से नगदी रकम 37236/ रूपया, मोटर सायकल (जला हुआ) कीमती 50 हजार रूपये एवं घटना में प्रयुक्त औजार को बरामद किया गया है तथा आरोपियों द्वारा शेष रकम को खा पीकर खर्च करना बताया गया।

## रक्षा बंधन एवं तीज मिलन समारोह मे शामिल हुए विधायक





**पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर**
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर के सद्भावनाा भवन में रक्षाबंधन एवं तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें बढ़-चढ़कर महिलाओं ने भाग लिया और हमारे क्षेत्र के माननीय विधायक बालेश्वर साहू एवं चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव कि कलाई में राखि बांधकरअपना भाई बनाएं बडी सख्या मे नगर पचायत जैजैपुर के महिलाऔ ने अपने बिधायक को पाकर बहुत खुश नजर आये सद्भ्भावना भवन के अदर एव बाहर बैठने के लिए जगह का अभाव दिखाई पडा । वहीं पर तीज त्यौहार उपलक्ष पर्व में प्रत्येक महिलाओं को एक-एक साड़ी विधायकों के द्वारा भेंट किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं रक्षाबंधन एवं तीज मिलन समारोह में पहुंची हुई थी?। नये वस्त्र पाकर तीज त्यौहार मनाने का मन बनाये । जहां पर अभिषेक सोनी ,दिलीप चंद्रा, इंदिरा राजेश लहरे, पिंटू चौहान तथा अनेक नेता द्वय दिखाई पड़े।

## 500 यातायात मित्र जिले में पुलिस को बेहतर यातायात बहाल करने की दिशा में दे रहे योगदान



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ प्रदेश मे सक्ति जिला नेशनल हाईवे मांक 49 मे स्थित हैं, सक्ति जिले मे पावर प्लांट होने एवं सीमा पर रायगढ़ औद्योगिक जिला होने के कारण सक्ति जिले मे यातायात का दबाव अधिक रहता हैं, जिसके कारण आये दिन वाहन दुर्घटना होना आम बात हो गयी हैं। दुर्घटना मे होने वाली जनहानि को लेकर सक्ति पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने सर्वप्रथम यातायात शाखा को सुदृण बनाया एवं जिले मे स्थित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर आम जनता को इससे अवगत करवाया तथा यातायात पुलिस सक्ति ने दुर्घटना मे त्वरित मदद उपलब्ध हो सके इसीलिए पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन मे जिले के चारो दिशाओ मे 500 यातायात मित्र बनवाये जिसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं,पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं मार्गदर्शन मे आम जनता, छात्र-छात्राओं एवं युवा वर्ग मे यातायात नियमों के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से आज एक यातायात मार्गदर्शिका का विमोचन किया।

## जिले के डभरा थाना अंतर्गत हुई गैंगरेप की घटना, मंदबुद्धि युवति के साथ नशे की हालत में तीन युवकों ने किया बलात्कार







**पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती**
www.dailypioneer.com

जिले के पुलिस थाना डभरा के अंतर्गत ग्राम बसंतपुर में एक मंदबुद्धि युवती के साथ तीन युवकों ने गैंगरेप किया तथा जब युवक अपने ही मकान पर मंदबुद्धि युवती के साथ गैंगरेप कर रहे थे, तभी गांव के माली समाज के प्रमुख गोटिया वासुदेव माली एवं ग्रामीणों ने सभी आरोपियों को पकड़ा तथा उन्हें पुलिस के हवाले किया, डभरा पुलिस ने तीनों आरोपियों को पड़कर उनका डॉक्टरी मुलाइजा करवाया है, तथा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना डभरा के ग्राम बसंतपुर की रहने वाली एक मंदबुद्धि युवती को गांव के तीन युवक मदन माली, वोटलाल माली एवं गणेशी माली ने उनके घर पर जाकर उन्हें सामान लाने के लिए 500 दिए तथा थोड़ी देर बाद वे फिर उनके घर पहुंचे एवं उन्हें पैसे कहां है कहकर आरोपित करने लगे एवं उन्हें जबर्दस्ती अपने साथ ले गए तथा वोटलाल माली के घर पर युवती को ले जाकर तीनों ने उसके साथ गैंगरेप किया वही इस संबंध में ग्राम पंचायत बसंतपुर के सरपंच रवि पटेल का कहना है कि उपरोक्त तीनों युवक अपराधिक प्रवृत्ति के हैं तथा पूर्व में भी गांव में भी उन पर चोरी के आरोप हैं तथा ग्राम पंचायत भी उन्हें अनेकों बार सजा दे चुकी है किंतु वे सुधर नहीं रहे हैं तथा इन पर कार्रवाई की जाए, वही ग्राम पंचायत बसंतपुर के नागरिकों में भी इस गैंगरेप की घटना को लेकर काफी आक्रोश है।

## रामनरेश यादव ने ली शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति की बैठक

**पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती**
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विगत दिनों शक्ति के शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के जन भागीदारी अध्यक्ष की नियुक्ति की गई थी, जिसमें शक्ति शहर के रामनरेश यादव को जन भागीदारी समिति का अध्यक्ष बनाया गया था, रामनरेश सिंह यादव ने 2 सितंबर को शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य सहित महाविद्यालय परिवार के साथ एक बैठक करी, जिसमें महाविद्यालय के नए भवन,छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदत्त पुस्तको एवं वर्तमान में संचालित हो रहे भवन में आवश्यकता अनुसार सुविधाओं क्या कमी है इस पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की। तथा इस दौरान महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि वर्तमान में व्यवस्थित भवन की कमी के चलते परेशानियां हो रही है, एवं कुछ आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता जरूरी है, जिस पर जन भागीदारी के अध्यक्ष राम नरेश सिंह यादव ने उपरोक्त समस्याओं के लिए शक्ति जिले के कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें अवगत कराने का आश्वासन दिया, इस दौरान शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बी डी जांगड़े, प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर विजय देवांगन, लेखापाल राजा तिवारी सहित सदस्य मौजूद रहे तथा जन भागीदारी के अध्यक्ष रामनरेश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शीघ्र ही शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के नए भवन का निर्माण किया जाना है तथा वर्तमान में हमें जो सुविधा एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध है उस पर बेहतर ढंग से इस महाविद्यालय को संचालित करना है, तथा प्रतिवर्ष पूरे क्षेत्र की छात्राओं को महाविद्यालय की तथा छत्तीसगढ़ शासन की उच्च शिक्षा विभाग की समस्त योजनाओं का लाभ मिल सके इस दिशा में हम सभी सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें।

## बाल संस्कार शाला प्रशिक्षण शिविर संपन्न चार नई बाल संस्कार शालाएं खुलेंगी



**पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती**
www.dailypioneer.com

01 सितंबर को गुरुकुल संस्कृत विद्यालय ग्राम राछा ब्लॉक नवागढ़ में युवा प्रकोष्ठ जिला-जांजगीर चांपा एवम शक्ति द्वारा बाल संस्कार शाला आचार्य प्रशिक्षण व बाल संस्कार शाला का शुभारंभ बहुत ही भव्यता के साथ संपन्न हुआ,टोली में महिला प्रकोष्ठ प्रमुख नेहा गुप्ता, चंद्रकांति वर्मा,पूर्णिमा श्रीवास दीदी,सालिक राम साहू,शक्तिराज गुप्ता की उपस्थिति रहीजिसमें आयोजक मण्डल प्रकाश प्रज्ञा मंडल समिति नेगुरडीह का आयोजन रहा,विशेष सहयोगी के रूप में सुशील कश्यप(जिला संयोजक युवा प्रकोष्ठ जिला जांजगीर चांपा), प्रमिला दीदी, मीना कश्यप, युमन भईया, मोहन साहू, सुरेश चंद्रा , साथ ही हमारे शिक्षक भाइयों व शिक्षिका बहनों का भरपूर सहयोग रहा साथ ही इस शिविर में 4 बाल संस्कार शाला खोलने का संकल्प लिया गया और एक बार फिर से बाल संस्कार को पुनर्जीवित करने का संकल्प किया गया,समस्त आचार्यगणों को टोली द्वारा बाल संस्कारशाला की मार्गदर्शीका भी भेंट की गई।

## अवैध रूप से कोडिन युक्त मादक पदार्थ ओनरेक्स कप सिरप के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चाम्पा**
www.dailypioneer.com

मुखबीर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति मो.सा. में अवैध कोडिन युक्त ओनरेक्स कप सीरप सारागांव हाइवे रोड पर बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहा है कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक जांजगी-चाम्पा के निर्देशन में आरोपियों को पकड़ने के लिए घटना स्थल पहुंच कर घेराबंदी कर आरोपी भीमेश्वर उर्फ भोलू यादव, सुशील यादव दोनो निवासी महामाया मंदिर वार्ड नं. 13 सक्ति जिला सक्ति को पकड़ा जिसके कब्जे से गवाहो के समक्ष 42 नग कोडिन कम सिरप, मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर प्लस सीजी 11 बीएम-0443 एवं एक मोबाईल किमती 10,000/रू को बरामद किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से धारा 21 (सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत कार्यवाही किया जाकर विधिवत् गिरफ्तार कर 03.09.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. सावन कुमार सारथी, सउनि सरोज पाटले, प्र.आर. राजेश कोशले, सहेत्तर पाटले, आर. मोनू थापा, रामायण सिंह एवं थाना स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

## डा. राम विजय शर्मा का रैनखोल में मोवार मौवार आदिम जनजाति पर शोध कैम्प सम्पन्न

**पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती**
www.dailypioneer.com



डा. राम विजय शर्मा, शोधकर्ता एवम् इतिहासकार, छत्तीसगढ़ ने विगत दिनों रैनखोल में तीन दिवसीय शोध कैम्प का आयोजन कर मोवार आदिम जनजाति पर शोध किया,रैनखोल सक्ती तहसील एवम् सक्ती जिला के अंतर्गत एक आदिवासी गांव है,डा. राम विजय शर्मा ने रैनखोल को छत्तीसगढ़ का रोम घोषित किया है । क्योंकि जिस तरह इटली की राजधानी रोम सात पहाड़ियों से घिरा है, उसी प्रकार रैनखोल भी सात पहाड़ियों से घिरा है।(1) रक्सा करखा पहाड़ी (2) टोपर माथा पहाड़ी (3) केरादमक पहाड़ी (4)पंचवटी पहाड़ी (5) रामहोती पहाड़ी (6) बम्हनीरानी पहाड़ी तथा(7)कुकरादमक पहाड़ी। डा. शर्मा ने सातों पहाड़ियों पर चढ़ने के लिए उचित साधन लगाने हेतु तथा रैनखोल को सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजे जाने की बात कही ।

ताकि न केवल छत्तीसगढ़ और भारत बल्कि विश्व के पर्यटन मानचित्र में दर्ज हो और यहां के आदिम जनजातियों की आदिवासी संस्कृति का विश्व में प्रचार हो। डा. शर्मा ने रैनखोल में भगवान आदिवासी महाकवि कालीदास पंडो की मंदिर स्थापना भी आदिवासी परंपरा के अनुसार किया जिसमे मोवार, मौवार आदिम जनजाति है । मोवार, मौवार जनजाति वर्तमान में अघोषित आदिम जनजाति के रूप में है । डा. शर्मा ने बताया कि मोवार , मौवार आदिम जनजाति में जनजाति समाज के सारे पारंपरिक लक्षण , उनकी रीति रिवाज, देवी देवता , शादी विवाह , पूजा पाठ आदि आदिम जनजाति से पूर्णतः मेल खाते है, डा. शर्मा ने बताया कि देश की आजादी के 75 वर्ष बीतने के बावजूद मोवार, मौवार आदिम जनजाति का जनजाति की सूची में शामिल न हो पानाआश्चर्यजनक है।

सेंट्रल प्रोविंस एवम् बरार सरकार 1949 से ही मोवार, मौवार जनजाति को आदिम जनजाति में रखा गया था तथा मध्यप्रदेश शासन में भी 1971 72 के गजट नोटिफिकेशन में आदिम जनजाति के रूप मे दर्ज थी।

## समाज में बुजुर्ग महिलाओं की देखभाल का सच्चा सहारा बना तपसी बाबा जन सेवा समिति

**पायनियर संवाददाता ◄ चांपा**
www.dailypioneer.com




तपसी बाबा जन सेवा समिति के द्वारा संचालित तापसी धाम वृद्धा आश्रम, केराझारिया चांपा में बेसहारा और बेघर बुजुर्ग महिलाओं को सहारा और सुरक्षा प्रदान की जा रही है यह आश्रम उन बुजुर्ग महिलाओं के लिए एक आशा की किरण है, जिन्हें उनके ही परिवार के सदस्यों द्वारा घर से बाहर निकाल दिया जाता है, और समाज में कोई और सहारा नहीं मिलता है।इस आश्रम में बुजुर्ग महिलाओं को खाना, कपड़ा, और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, साथ ही उन्हें प्यार और सम्मान भी दिया जाता है। यह आश्रम उन बुजुर्ग महिलाओं के लिए एक सच्चा सहारा है, जिन्हें समाज में कोई और सहारा नहीं मिलता है।तपसी बाबा जन सेवा समिति के द्वारा कार्य किया जा रहा यह कार्य वाकई प्रशंसनीय है, यह आश्रम एक सच्चा उदाहरण है कि कैसे हम समाज में बुजुर्गो की देखभाल कर सकते हैं और उन्हें सम्मान दे सकते हैं। आश्रम के संचालकों का कहना है कि यह आश्रम बुजुर्ग महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और स्नेहपूर्ण वातावरण प्रदान करता है, जहां वे अपने जीवन के अंतिम दिनों में शांति और सुख से रह सके। बुजुर्ग महिलाओं के लिए, और हमें उम्मीद है कि यह और भी लोगों को प्रेरित करेगा कि वे समाज में बुजुर्ग महिलाओं की देखभाल करें। हाल ही में एक वृद्धा बुजुर्ग महिला को तपसी बाबा समिति के द्वारा इस आश्रम में रखा गया जिसकी देखभाल की जा रही है और वृद्धा बुजुर्ग महिला इस आश्रम में खुश है तपसी बाबा जन सेवा समिति के अध्यक्ष बसंत देवांगन उपाध्यक्ष हनुमान कुमार देवांगन (बलारा) सचिव विजयकांत देवांगन कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार देवांगन सदस्य राम नारायण मोदी शंकर लाल देवांगन हीरालाल श्रीवास शिवकुमार निषाद श्याम लाल देवांगन एवं समस्त समितिगण सेवा के लिए तत्पर रहते है।

### शत प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड पंजीयन करने के दिए निर्देश

## स्वस्थ जांजगीर-चांपा अंतर्गत सारागांव स्वास्थ्य केंद्र में लगा दिव्यांगता प्रमाण पत्र शिविर

**पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चाम्पा**
www.dailypioneer.com



कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के बम्हनीडीह विकासखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सारागांव में समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त रूप से लगाए गए शिविर में दिव्यांगता जांच शिविर का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र का वितरण किया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सारागांव के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने शिविर के अन्तर्गत दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड पंजीयन के लिए एवं ब्लॉक स्तरीय मेगा दिव्यांग शिविर के माध्यम से शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों का प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसमें पात्रतानुसार प्रमाणीकरण करते हुए प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके साथ यूडीआईडी पंजीयन किया गया। कलेक्टर ने शिविर में लगाए गए पंजीयन काउंटर की व्यवस्था, नेत्र रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों से चर्चा करते हुए की जा रही जांच की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिव्यांग प्रमाण पत्र से कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। सभी की जांच करते हुए पात्रता अनुसार प्रमाण पत्र बनाकर दिए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सर्वश्री जनक राम साहू, आकृति केंवट, उमा यादव, सुरजा बाई, तिया साहू, मनोहर कुमार केंवट को दिव्यांगता प्रमाण पत्र का वितरण किया। उप संचालक समाज कल्याण टी पी भावे ने बताया कि शिविर में दिव्यांगता को लेकर प्रमाणीकरण किया गया है। जिनमे अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित, बहुविकलांग, मानसिक विकलांग, मूकबधिर सहित अन्य दिव्यांग व्यक्तियों का चिन्हांकन, मूल्यांकन तथा परीक्षण किया गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया, सिविल सर्जन डॉ अनिल जगत, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी, बी एम ओ अजम्बर सिंह सिसोदिया जनपद पंचायत बम्हनीडीह सीईओ कुबेर उरेती सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## आओ पधारो हमारो गणपति बप्पा





**पायनियर संवाददाता ◄ चांपा**
www.dailypioneer.com

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने नन्हे नन्हे हाथों से बनाते हुए (इको फ्रेंड्ली हैंडमेड) मिट्टी के गणेश जी गणेशोत्सव पर्व को लेकर घर-घर में हर्षोल्लास का माहौल रहता है विशेष रुप से छोटे-छोटे बच्चों अंशिका और लक्ष्य में भी इस पर्व को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है स्थानीय डागा कॉलोनी बरपाली चौक निवासी रोशन लाल अग्रवाल के घर में भी अंशिका और लक्ष्य ने अपनी मम्मी, पापा श्रीमती मधु अग्रवाल व अजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में नन्हे नन्हे हाथों से भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति एवं मोदक ( मारवाड़ी ) शब्दों के साथ मूशक वाहन छोटो सो ओर लेकिन खोटो सो बनाया गया एक दो तीन चार गणेश जी की जय जय कार का जयकारा लगाते हुए गणेश जी की प्रतिमा बनाई।

# रोती बेटियों ने बताया... हायर सेकेंडरी के छात्रों को डीईओ ने जनदर्शन में फटकारा, कहा–अंदर जाओगे तब पता चलेगा

## आलीवारा स्कूल में शिक्षकों की कमी को लेकर जनदर्शन में पालकों के साथ गुहार लेकर पहुंचे थे छात्र

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने विवाद मोल ले लिया है। मंगलवार को जनदर्शन में व्याख्याताओं की मांग लेकर पहुंची छात्राओं ने उन पर जनदर्शन में ही बुरे बर्ताव का आरोप लगाया है। एक छात्रा ने रोते हुए कहा कि, डीईओ ने हमसे कहा कि बहस मत करो, चलो जाओ यहां से.. ये सब लिखे हो एप्लीकेशन में... कौन सिखाया तुम लोग को.. अंदर जाओगे तब पता चलेगा। अधिकारी की इस डपट से बच्चियां सहम गईं और रोने लगी। शिक्षकों की कमी और अव्यवस्था से ग्रसित मासूम अब अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के चलते आंसू बहाने मजबूर हैं। डोंगरगढ़ ब्लॉक के आलीवारा गांव में हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित है। यहां दो वर्ष से विषय व्याख्याताओं की कमी को लेकर स्कूल की छात्र अपने पालकों के साथ जनदर्शन में गुहार लगाने पहुंची थी। उन्होंने पहले कलेक्टर संजय अग्रवाल को अपनी समस्या से वाकिफ कराया और शिक्षकों की मांग को लेकर बच्चों ने अपना आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने उन्हें आश्वस्त करते हुए डीईओ से मिलने कहा। जनदर्शन में ही मौजूद डीईओ से जब बच्चे मिलने पहुंचे तो आवेदन देखकर वे तमतमा उठे। छात्रों की मांग को लेकर उन्होंने रुखा व्यवहार किया। छात्रों के साथ आए पालक नारायण यादव ने बताया कि, डीईओ साहब ने बच्चों को सीधे फटकारते हुए चले जाने को कह दिया। बच्चे इससे सहम गए और रोने लगे। बताया जा रहा है कि, यहां पदस्थ एक महिला व्याख्याता मातृत्व अवकाश के पूरा होने के बाद भी स्कूल नहीं लौटीं थीं। जबकि शाला में पॉलिटिकल साईंस, फिजिक्स के भी शिक्षक मौजूद नहीं हैं।

### बच्चों के परिणाम प्रभावित हो रहे

दो वर्षों से शिक्षकों के अभाव के चलते बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती रही है। छात्रों ने बताया कि, पढ़ाई में पिछड़ने का असर उनके वार्षिक परिणामों पर पड़ रहा है। प्रश्नों से जुड़ी शंकाओं के लिए कोई उपलब्ध नहीं हो पाता है। पालकों ने बताया कि पूर्व की कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे भी पढ़ाई में पिछड़ते जा रहे हैं जो कि उनके भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। परिजनों में इसे लेकर चिंता है। हमने कई बार इसे लेकर अपनी बातें रखीं लेकिन कोई निदान नहीं हो पाया।

### शिकायत के बाद अवकाश का आवेदन अस्वीकृत किया

दूसरी ओर, छात्राओं के आरोप और उनके बयान सामने आने के बाद डीईओ के रवैये को लेकर आक्रोश है। सोशल मीडिया में इस विषय को लेकर तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। आरोप लग रहे हैं कि मौजूदा डीईओ शिकायती मामलों में ढुलमूल रवैया अपनाते हैं। वे सिस्टम सुधार नहीं पाए हैं। अलबत्ता वे शिक्षकों की अंदरुनी राजनीति का विषय बताकर कार्रवाई से किनारा कर लेते हैं। आलीवारा के प्रकरण में भी छात्रों की शिकायत के बाद अब डीईओ ने अवकाश पर चल रहीं व्याख्याता के लंबित आवेदन को अस्वीकृत किया है। समय पर कार्यवाही पर टालमटोल करने के चलते भी शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

### छात्र स्कूली ड्रेस में आए थे.. इससे गलत संदेश जाता है : डीईओ

इस मामले पर डीईओ अभय जायसवाल ने कहा कि, मैंने पालकों को समझाईश दी थी। व्याख्याता की वैकल्पिक व्यवस्था करेंगे। बायो विषय की एक व्याख्याता मातृत्व अवकाश पर थीं, उन्होंने संतान पालन के लिए भी अवकाश मांगा था जिसे हमने अस्वीकृत कर उन्हें स्कूल लौटने कहा है।



शिकायत मिलने पर मैं खुद आलीवारा हायर सेकंडरी स्कूल गया था। बच्चों को धमकाने जैसा कुछ नहीं है.. वो बच्चे हमारे हैं। मैंने पालको को समझाया था कि तालाबंदी इस समस्या का हल नहीं है और ये कानूनन उचित भी नहीं है। बच्चियां भी बगैर प्रिंसिपल की अनुमति के स्कूली ड्रेस में आईं थी इससे गलत संदेश जाता है।

### डीईओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेगा मोर्चा : मोनू

इधर, इस प्रकरण को लेकर जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि, विभागीय अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे व्यवस्था में कमियों पर संज्ञान लें और सबसे पहले जनता-जनार्दन को उचित सम्मान दें। लेकिन डीईओ अभय जायसवाल के बर्ताव से आहत और डरी हुई बच्चियों ने जो कुछ भी बताया है वह शर्मिंदा करने वाला और अधिकारी की अमानवीयता का परिचायक है। अधिकारी ने गुरु परंपरा को आघात पहुंचाया है इसके लिए वे दंड के ही पात्र हैं। उन्होंने कहा कि, अधिकारी अपने रवैये या निरंकुश कार्यशैली से शासन की छवि को नुकसान तो पहुंचा ही रहे हैं अपितु वे बेबस जनसामान्य से अगर अनुचित व्यवहार कर रहे हैं तो इस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे निरंकुश अधिकारियों की कार्यशैली से सरकार की छवि को नुकसान पहुंचता है। इस विषय को हम स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त सरकार के संज्ञान में लेकर आएंगे। मोनू ने कहा कि विभागीय उच्चाधिकारियों से डीईओ पर कार्रवाई की मांग को लेकर शिकायत करेंगे।



## जांच में 96 घरेलू गैस सिलेण्डर, 77 नग रेग्युलेटर और 25 फीट गैस पाईप जप्त

**राजनांदगांव।** जिले में घरेलू गैस के दुरूपयोग करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच कर जप्ती की कार्रवाई की जा रही है। खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी ने बताया कि विगत दिनों जिले के छुरिया विकासखंड एवं डोंगरगांव विकासखंड के तीन प्रतिष्ठानों में सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा जांच की कार्रवाई की गई। खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने छुरिया विकासखंड के ग्राम आमगांव स्थित प्रतिष्ठान न्यू सांई जनरल स्टोर्स आमगांव (कुमर्दा), राजेश साहू किराना स्टोर्स ग्राम खुर्सीटिकुल तथा डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अर्जुनी स्थिति अनिल कुमार के प्रतिष्ठान में दबिश देकर जांच की गई।
जांच के दौरान प्रष्ठिानों में घरेलू गैस सिलेण्डरों की रिफिलिंग एवं अवैधानिक रूप से वि य किया जाना पाया गया। जांच में 5 किलो ग्राम के 72 नगर सिलेण्डर, 2 किलो ग्राम के 13 नग एवं 14.2 किलो ग्राम के 11 सिलेण्डर, 77 नग रेग्युलेटर, 25 फीट गैस पाईप जप्त की गई। कलेक्टर न्यायालय में संबंधितों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर प्रस्तुत किया गया है।

## घर तोड़ दिया रोड भी बन गई लेकिन अब तक नहीं मिला मुआवजा, जनदर्शन में कलेक्टर से लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में आमजनों की शिकायतो, समस्याओं और मांगों को सुना। जनदर्शन में अं.चौकी वि.ख. ग्राम पागरी निवासी अनिल कुमार ने मुआवजा राशि का भुगतान करने के संबंध में आवेदन प्रेषित किया। उन्होंने आवेदन देते हुये बताया कि छ.ग. राज्य रोड इंफ्रास्ट्रचर डेवलपमेन्ट कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर द्वारा बिहरी से लोहारा मार्ग निर्माण किया गया है। जिसमें मेरी निजी भूमि में पक्का मकान था। उसे तोड़ा गया है। सड़क निर्माण लगभग पूरा कर लिया गया है। पर मुझे आज दिनांक तक मुआवजा नही मिला है। संबंधित समस्या से निजात पाने आवेदक ने कलेक्टर जनदर्शन में गुहार लगाई है। मोहला वि.ख. के ग्राम डुमरटोला के समस्त ग्रामवासीयों ने शा. प्राथमिक शाला डुमरटोला (मुकादह) में विद्युत कलेक्शन जुड़वाने के संबंध में आवेदन दिया। ग्रामवासियों ने आवेदन देते हुए बताया कि स्कुल में बोरवेल, लाईट, पंखा, पानी, आदि मूलभूत सुविधा नही मिल पा रही है। इसी प्रकार मोहला के वार्ड नं.17 के निवासियों ने गंदे पानी की निकासी हेतु पक्की नाली निर्माण के संबंध में आवेदन प्रेषित किया है।

### ऋण मुक्ति हेतु 11 दिवसीय गणपति अनुष्ठान, शामिल हो सकते हैं नागरिक

**राजनांदगांव।** श्री मिथिला धाम गणेश मंदिर में इस वर्ष गणपति पूजा के अंतर्गत महा गणपति पूजन एवं अभिषेक का विशेष कार्यक्रम रखा गया है। अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति या किसी कारणवश व्यक्ति को कर्ज लेना पड़ता है और बाद में कर्ज अदाएगी करने मे परेशानी आती है। मान्यता है कि ऐसे व्यक्तियों को श्रीगणेश जी का पूजन करना चाहिए व प्रतिदिन कम से कम ग्यारह दूबी सफेद हो तो उत्तम अथवा हरि दूब गणेश प्रतिमा पर चढ़ाकर अपनी मनोकामना भगवान श्रीगणेश को सुनाकर संकट दूर करने की प्रार्थना करना चाहिए।

## सहकारी बैंक शाखा की मांग को राजनीतिक रुप देने की कोशिश, इसका प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका

### चेयरमेन बघेल ने कहा–किसानों को कहीं भी भटकने या किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कुमरदा में सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा को लेकर किसानों को कतिपय राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उकसाने की बात कही जा रही है। इस आंदोलन से पहले ही जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ने एक प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की है। उन्होंने बताया कि, कुमरदा जैसी सेंटरों में ब्रांच खोलने की योजना को लेकर हमने पहले ही प्रस्ताव भेजा हुआ है। आरबीआई की अनुमति और आवश्यक दूसरी सहमतियों के बाद ही नई ब्रांच खोली जा सकती है जिसे लेकर हम प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि, किसानों की असुविधा से बैंक भी वाकिफ है लेकिन संसाधनों की कमी और दूसरे पहलुओं में वक्त लग रहा है। किसानों की मांगों और जरुरतों को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल ने सांसद संतोष पांडे और सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल से पिछले दिनों मुलाकात की।

विषय को सांसद पांडे ने गंभीरता से लेते हुए संज्ञान में लिया और फाइल आगे फॉरवर्ड करते हुए आश्वस्त कर दिया कि कुमरदा की प्राथमिकता हमारी प्रतिबद्धता है और हम कुमरदा क्षेत्र के किसानों के हित में सर्वोच्च प्रयास करेंगे। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव के अध्यक्ष सचिन बघेल ने कहा कि कही कोई भी भ्रम में रहने की आवश्यकता नहीं रह गई है। हमारी सरकार ने पहले से ही कुमरदा को सूची में शामिल कर रखा है। बघेल ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को कहीं भी भटकने या किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है। कुछ लोग राजनैतिक रूप देने का प्रयास कर रहे हैं वो समझ लें की इससे कोई फायदा नहीं होगा। जो विषय हमारे संज्ञान में है हम उसको करने भी जा रहे है। उस पर माहौल बनाने का प्रयास किया जाना केवल राजनीतिक खेल हो सकता है। हमारी सरकार किसानों की सर्वदा हितैषी रही है। 5 वर्षो से लटके भटके काम सब निश्चित समय पर पूर्ण हो जाएंगे। प्रतिनिधि मंडल में भाजपा मंडल महामंत्री कुमर्दा नुनकरन भूआर्य, अनंत तिवारी, सरपंच दिनेश ठाकुर, नवीन साहू, उपसरपंच गंसू राम कोलियारे, किशन सिंह साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, रूपेश साहू, हेमदास साहू, मिलेंद्र तांडेकर शामिल रहे।

### कांग्रेस शासन में क्यूं नहीं हुए प्रयास

कुछ दिनों पहले कुमरदा में कुछ किसानों को जुटाकर आंदोलन की रणनीति बनाई गई थी। इसमें पांच मांगों को शामिल किया गया। इस बैठक में पूर्व विधायक छन्नी साहू के पति चंदू साहू भी शामिल थे। उन्होंने बयान भी जारी किया था जिसमें क्षेत्रीय मांग की बात की गई थी। उनके इस बयान पर यह सवाल भी खड़े किए जा रहे हैं कि पांच वर्ष कांग्रेस के शासन, कांग्रेस के ही जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष और उनकी पत्नी के विधायक रहते क्यूं ब्रांच की स्थापना को लेकर गंभीर प्रयास नहीं किए गए। खेती किसानी के दौर में गाहे-बेगाहे किसानों को आंदोलित करने की नीति से कृषकों को होने वाले नुकसान की भी बात कही जा रही है।

## बलौदाबाजार कांड पर डोंगरगांव नगर में मशाल जुलूस भाजपा सरकार के खिलाफ जुलूस में गरजे युवा कांग्रेसी



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार कांड को लेकर भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए युवक कांग्रेस ने एक सितंबर को नगर में मशाल जुलूस निकालकर विरोध जताया। युवक कांग्रेस ने सतनामी समाज के युवाओं सहित विधायक देवेंद्र यादव, युकां जिलाध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे व एनएसयूआई अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा की गिरफ्तारी तथा भिलाई में हुए लाठीचार्ज के विरोध में मशाल जुलूस निकालकर विरोध दर्ज कराया। युकां की विज्ञप्ति मुताबिक जुलूस में जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, वरिष्ठनेता वीरेन्द्र बोरकर, जनपद सदस्य मोहनीश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संध्या साहू, डॉ. नरेंद्र साहू, जिला कांग्रेस सचिव राकेश साहू, पार्षद व युकांनेता प्रियंक जैन, उपाध्यक्ष लीलेश पटेल, महासचिव पुष्पेंद्र नेताम, रितेश राजपूत के अगुवाई में युवाओं ने विष्णुदेव सरकार एवं भाजपा नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर भड़ास निकाली। जुलूस में रवि कोरे, सोमन साहू, प्रशांत यादव, अब्दुल करीम, अमित ठाकुर, प्रदीप साहू, विक्की साहू, युगल किशोर देवांगन, महेश्वर, सुभाष पटेल, दुर्गेश पटेल, लकेश्वर पटेल, छोटू राजपूत, मोनू पटेल, हेमचंद पटेल, छतरपाल पटेल, टिंकू, मनीष, टोमन देवांगन, विक्की आदि शामिल हुए। इस दरम्यान पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## मानसिक विकृत युवती से पड़ोसी युवक द्वारा दुष्कर्म पीड़िता की तबियत बिगड़ने पर दुष्कर्म का खुलासा

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



पुलिस थाना क्षेत्र में एक मानसिक विकृत युवती के साथ पड़ोसी युवक द्वारा दुष्कर्म का मामला उजागर हुआ है। युवती की तबियत बिगड़ने से युवती के गर्भवती होने की जानकारी सामने आने के बाद 5 माह पूर्व दुष्कर्म का खुलासा हुआ है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी युवक को तत्काल गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस विभाग निरीक्षक उपेन्द्र शाह ने प्रेसवार्ता में बताया कि 01 सितंबर को पीड़िता की माँ ने अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म होने की शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी युवक भैरव साहू पिता नोहर साहू 29 वर्ष पीड़िता का पड़ोसी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी युवक को उसके सकूनत में जाकर घेराबंदी करके पकड़ लिया। तब आरोपी ने पूछताछ के पुलिस को बताया कि वह अक्सर पीड़िता के घर आनाजाना करता था। 5 माह पुर्व पीड़िता को मानसिक विकृत युवती को घर मे अकेली देखकर दुष्कर्म किया। आरोपी ने किसी को बताने पर पीड़िता को जान से मारने की भी धमकी दी थी। दरअसल 5 माह बाद पीड़िता के तबियत बिगड़ने पर डॉक्टर द्वारा उपचार दरम्यान उसके साथ अनाचार होने एवं पीड़िता के 5 माह के गर्भवती होने का खुलासा हुआ। तब पीड़िता युवती की माता ने एक सितंबर को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 376ड्2 एल व एन, 450, 506 भादवि के तहत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड में भेजा गया है।

### वन पट्टाधारी किसानों का धान विक्रय हेतु पंजीयन अनिवार्य रूप से करें

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर समय सीमा के प्रकरणों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर जयवर्धन ने अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों में लम्बित प्रकरणों का निकरण प्राथमिकता से करते हुए संबंधित हितग्राहियों को लाभान्वित करें। कलेक्टर ने किसानों के धान पंजीयन के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि वन अधिकार पट्टाधारी किसानों का पंजीयन अनिवार्य रूप से हो, जिससे किसान बिना किसी दिक्कत के धान विक्रय कर सकें। उन्होंने वन विभाग को निर्देशित किया है कि कोई भी किसान पंजीयन से ना छूटे इसके लिए वन अधिकार पत्रक धारी सभी किसानों का पंजीयन का कार्य शीघ्र कर लें। कलेक्टर ने पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों व गतिविधियों की समीक्षा की।

## एबिस फैक्ट्री के सामने फिल्मी स्टाईल में अपहरण, कांकेर जिले के जंगल में लोकेशन से मिला अपहृत, अपहरण के आरोप में 5 अपहर्ताओं पर जुर्म दर्ज



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

अंचल में लेनदेन को लेकर अपहरण मामले में पुलिस ने अपहृत व्यक्ति को अपहर्ताओं से छुड़ाते हुए 5 आरोपी अपहर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार मामला आपसी लेनदेन से जुड़ा है। एबिस फैक्ट्री के सामने से फ़िल्मी स्टाईल में घटित अपहरण मामले में पुलिस ने 5 घण्टे के भीतर ही अपहृता को अपहरणकर्ताओं से मुक्त कराने में सफलता हासिल की। प्रेसवार्ता में टीआई उपेन्द्र शाह के मुताबिक लेनदेन के मामले में एक सितंबर को आरी निवासी सुभाष नामक व्यक्ति को कुछ युवकों ने एबिस फैक्ट्री के सामने से चाकू दिखाकर गलीगलौज करते हुए जबर्दस्ती उठाकर बोलेरो क्र सीजी 19 बीएस 2287 में बिठाकर ले गए। तब अपहृता के भाई अमित फरहाद तक पीछा करते गए थे। उपरांत उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। डोंगरगांव पुलिस ने सायबर सेल राजनांदगाँव की सहायता से लोकेशन ट्रेस करते हुए कांकेर जिले की पुलिस से संपर्क स्थापित करते हुए घेराबंदी की। तब स्थानीय पुलिस की सहायता से डोंगरगांव पुलिस टीम ने ग्राम भेजा के जंगल में अपहरणकर्ताओं की घेराबंदी करते हुए अपहृता सुभाष को छुड़ाते हुए आरोपी अपहर्ताओं को धरदबोचा। वहीं अपहरण में प्रयुक्त बोलेरो को भी जब्त किया। पुलिस की पूछताछ में 5 आरोपी अपहरणकर्ताओं ने सुभाष को अपहरण करने का जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने अनितराम गोटा पिता दुकाल गोटा 35 वर्ष, शीतला पारा ग्राम भेजा, थाना कोरर कांकेर, सतीश कोसमा पिता श्यामसुंदर कोसमा 30 वर्ष, मंडल पारा ग्राम तरहूल, थाना भानुप्रतापपुर कांकेर, जीतूराम उसेंडी पिता रामसिंग उसेंडी 28 साल, ग्राम तरहूल, थाना भानुप्रतापपुर कांकेर, सनीत कुमार यादव पिता शिवप्रसाद यादव 23 साल, ग्राम तरहूल, थाना भानुप्रतापपुर, कांकेर एवं रमेश कुमार यादव पिता बलीराम यादव 34 वर्ष, ग्राम कालागांव, थाना कच्चे कांकेर छग को ज्यूडिशियल रिमांड में भेज दिया गया है।

### जिले के अंतिम ग्राम पंचायत तक पहुंचे वाई-फाई की सुविधा : विधानसभा अध्यक्ष

## राशि लैप्स होने पर विधानसभा अध्यक्ष ने दिखाई तल्खी, विकास कार्य बाधित होने पर नाराजगी जाहिर की

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में उप मुख्यमंत्री, गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
इस दौरान सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक डोंगरगढ़ दलेश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू,कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जिले के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और बहुत अच्छे से जिले के विकास कार्यों के संबंध के जानकारी दी गई। डॉ. रमन ने कहा कि जिले के अंतिम ग्राम पंचायत तक वाई-फाई की सुविधा होने से वीडियो कान्फ्रें सिंग के माध्यम से सरपंच एवं सचिव से बात हो सकेगी। जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या को देखते हुए ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर की उपलब्धता के लिए टेंडर का कार्य जल्दी करवाएं। उन्होंने पुनरूद्धार वितरण क्षेत्र योजना के अंतर्गत मद में प्राप्त राशि लैप्स हो जाने के कारण विकास कार्य बाधित होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि समय पर कार्य नहीं करने वाले कंपनी, कान्ट्रेक्टर को कैसिंल करें या ब्लैक लिस्ट करें। उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि शत-प्रतिशत मोबाईल नेटवर्क के माध्यम से जिले में वाई-फाई की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को अवैध शराब पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लखपति योजना अंतर्गत सीएलएफ कलस्टर की समीक्षा करते हुए इसके लिए कार्य योजना बनाएं ताकि समूह की महिलाओं द्वारा बनाएं गए उत्पाद की अच्छी तरह बिक्री हो सके। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली लखपति दीदीयों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया।
सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि रेवाडीह कांजी हाऊस में गाय की संख्या अधिक है और यहां चारे और पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि एक साल से ऊपर के राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। जिले के पुराने हास्पिटल में पानी भर जाने की समस्या का समाधान किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि जिले में अवैध शराब विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में इसके रोकथाम के लिए कार्रवाई की जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मनरेगा अंतर्गत आवास का लक्ष्य पूर्ण किया गया है। लखपति दीदी योजना अंतर्गत 14520 समूह की महिलाओं का सर्वे किया गया है, जो विभिन्न आजीविका गतिविधियों जैसे लघु उद्योग, पशु पालन, मुर्गी पालन, मछली पालन सहित विभिन्न कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि बैंक क्रेडिट लिंकेज, बीसी सखी के संबंध में जानकारी दी।

### शत्रुहन लाल देवांगन निधन




**राजनांदगांव।** शहर के ठेठवार पारा वार्ड 37 निवासी शत्रुहन लाल देवांगन का सोमवार सुबह निधन हो गया। 55 वर्षीय शत्रुघन पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। वो मीडिया कर्मी रोहित देवांगन के पिता थे। अंतिम संस्कार शहर के मठपारा लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

### शिव साहू का आकस्मिक निधन



डोंगरगांव नगर। नगर के मटियावार्ड 13 निवासी शिव साहू पिता पदुम साहू का सोमवार 2 सितंबर को सुबह लगभग साढ़े 10 बजे हृदयघात से निधन हो गया है। वे लगभग 35 वर्ष के थे। सुबह सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें स्थानीय अस्पताल में दाखिला कराया गया था। उपचार दरम्यान उन्होंने दम तोड़ दिया। स्व साहू शिव कृषि केंद्र के संचालक थे। वे अपने पीछे पिता माता, धर्मपत्नी, दो पुत्रियों व एक पुत्र सहित भरापूरा परिवार पीछे छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा सामाजिकजन, व्यापारीगण सहित गणमान्यजन बड़ी तादात में शामिल हुए।

# पहली बार किसी रैली को रोकने जशपुर में इतनी कड़ी सुरक्षा कि परिंदा भी पर न मार सके, लोगों ने कहा-हम हाऊस अरेस्ट हो गए





**■ शहर प्रवेश करने के चारों ओर लगा बैरिकेड, आंदोलनकारियों से अधिक पुलिस फोर्स**

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

शहर प्रवेश करने के चारों मार्ग में बैरिकेड लगाकर लोगों को रोक दिया गया। सुरक्षा के लिए महाराजा चौक को भी बंद कर दिया गया। एसपी-कलेक्टर कार्यालय में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करते हुए बैरिकेड से बांध दिया गया। राजी पड़हा की जन आक्रोश रैली के दौरान किसी प्रकार की कोई हानि न हो जिससे शहर का सौहाद्र बिगड़ जाए इस बात का ख्याल रखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह गंभीर नजर आए। यही वजह रही कि आजतक जशपुर शहर में किसी भी आंदोलन को व्यस्थित अंजाम देने के लिए इतने व्यापक सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए थे। इंतजाम ऐसे थे कि परिंदा भी पर न मार सके।

### रक्षित केंद्र के पास टीना की दीवार

पुलिस रक्षित केंद्र सागर होटल के पास आंदोलनकारियों को काबू करने के लिए टीन के चादर की दीवार बनाई गई थी। यह दीवार 12 फीट ऊंची थी। साथ में बैरिकेड भी लगाए गए और पुलिस का भी जबरदस्त पहरा रहा। जन आक्रोश रैली में आंदोलनकारियों से अधिक पुलिस बल तैनात था।

### आमजन हलाकान

जिला प्रशासन के मुताबिक राजी पड़हा को रणजीता स्टेडियम में रैली और सभा की अनुमति इसलिए नहीं दी गई क्योंकि जनमानस हालाकान न हो और प्रभावित न हो। जबकि मंगलवार को बैरिकेड इतने लगा दिए गए कि जनमानस पूरी तरह से हलाकान भी हुए और लोगों ने कहा, कि हाऊस अरेस्ट जैसी स्थिति लोगों की दिन भर बनी रही।

# मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया से अबतक 1023 मरीजों को मिली तत्काल सहायता

## जिले में स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन नम्बर का हो रहा है सुचारू संचालन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से जिले में स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन का संचालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन प्रत्येक समय मरीज के स्वास्थ्य संबंधित परेशानी के समाधान हेतु उपलब्ध है। विकासखंड, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय से संबंधित मरीजों को तत्काल स्वास्थ्य संबंधी लाभ उपलब्ध कराया जाना स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन का उद्देश्य है।



जशपुर जिले के अंतर्गत ही नहीं बल्कि मरीज-हितग्राहियों को जिले के बाहर रायपुर अन्य नजदीकी जिले अंबिकापुर, रायगढ़ तथा अन्य राज्य जैसे रांची में भी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत फ़रवरी 2024 से आज पर्यंत 1023 मरीज को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया है। विदित हो कि सर्वप्रथम आवेदक आवेदन बगिया कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करते हैं। आवेदन प्रस्तुत होने के पश्चात तत्काल 5 मिनट के अंदर कार्यवाही की जाती है। दूरभाष द्वारा संपर्क कर संपूर्ण जानकारी लिया जाता है और स्वास्थ्य संबंधित निराकरण हेतु अन्य संबंधित चिकित्सा अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारी से संपर्क किया जाता है। संपर्क करने के बाद निराकरण करने हेतु मरीज से पुनः कॉल कर उनके स्वास्थ्य संबंधित समस्या का समाधान किया जाता है।


## बस्तर क्षेत्र की जनता के लिए एयर ऐम्बुलेंस की व्यवस्था करे भाजपा सरकार



**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार गुप्ता ने कहा कि जगदलपुर एवं बीजापुर जिले में लगातार बारिश के चलते बाढ जैसी स्थिति है। एयर ऐम्बुलेंस की सुविधा अत्यंत आवश्यक हैं। बस्तर में डयूटी कर रहे जवानो के लिए महत्वपूर्ण है। प्रति वर्ष पुल पुलिया नही होने के कारण लोगो के बिमार होने की स्थिति में खाट पर लिटाकर ग्रामीणो ने जान को जोखिम में डालकर उफनते नाले को पार कराया ऐसा जोखिम लोग लम्बे समय से उठा रहे है। भाजपा का कुशासन है। इसलिये लोग बीमार महिला को खाट में जान का प्रवाह न करते हुए उफनते नाला पार करा रहे है। बस्तर का कोयला एवं लोहा हसदेव जंगल काट कर भी जनता के हित में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कुछ भी नही कर पा रहे है। भाजपा लगातार सत्ता में रहे लेकिन लोगो के लिए आज तक सडक पुल पुलिया अस्पताल स्कूल युवाओ को रोजगार देने में भाजपा सरकार असफल रहा है। बस्तर के खनिज सम्पदा को खनन कर के ले जा रहे है। बीजेपी आदिवासीयो का शोषण करने वाली पार्टी है।

# पति की लंबी आयु के लिए महिलाएं को रखेंगी हरतालिका तीज व्रत 6 को

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



हरतालिका तीज का पावन पर्व 6 सितंबर शुक्रवार के दिन मनाया जाएगा। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। कई जगह विवाह योग्य युवतियां भी मनवांछित वर की कामना करते हुए हरतालिका तीज का व्रत रखती हैं। हरतालिका तीज का व्रत बेहद कठिन होताहै । यह शुभ पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के बीच भक्ति और प्रेम को समर्पित है। इस व्रत में तीज माता माता पार्वती और शिव जी की पूजा की जाती है। महिलाओं को इनके आशीर्वाद से अखंड सौभाग्य प्राप्त होता है। हरतालिका तीज का व्रत भाद्रपद शुक्ल तृतीया तिथि को रखा जाता है । यह पर्व पति की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन के लिए किया जाता है। माता पार्वती के पिता उनका विवाह भगवान विष्णु के साथ करवाना चाहते थे जबकि माता पार्वती शिव को अपने पति के रूप में भगवान शिव को चाहती थी पार्वती का हरण कर जंगल में छिपा दिया जहां सैकडो वर्षो तक कठोर जप और तप करने के बाद माता पार्वती ने भगवान शिव को प्रसन्न किया और पति स्वरूप प्राप्त किया। उस दिन से हरतालिका तीज मनाया जाता है। वही तीजा आने जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। बस स्टेण्ड में अपने भाईयो व पिता के साथ अपने गंतव्य की ओर आते जाते देखा जा सकता है जो अपने अपने साधनो से बस, मोटर सायकल अन्य साधनो से अपने अपने मायके पहुंच रही है।

# अवैध गांजा तस्करी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धमतरी पुलिस द्वारा अवैध गांजा, शराब अवैध कारोबारियों पर लगातार की जा रही है कार्यवाही**

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक द्वारा कानुन व्यवस्था एवं अपराधों के नियत्रंण एवं रोकथाम करने एवं समय समय पर पुलिस को आसूचना तंत्र को मजबूत करते हुए एवं संदिग्ध आचरण के व्यक्तियों पर सतत् निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में धमतरी पुलिस, अर्जुनी थाना द्वारा हमराह के साथ शासकीय वाहन से पेट्रोलिंग डियूटी पर रवाना होकर ग्राम संबलपुर के तरफ रवाना हुई थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली की दो व्यक्ति मोटर सायकिल में धमतरी की ओर से आ रहे हैं जिनके पास अवैध गांजा रखने की सूचना पर तत्काल संबलपुर के पास पहुंचकर धमतरी की ओर से आने वाले मोटर सायकिल की चेकिंग किया जा रहा थी। उसी समय एक मोटर सायकल



सीटी.100 क्र सीजी 10 ईए 1682 जो धमतरी से रायपुर की ओर जा रही थी। जिसे रोककर पूछताछ करने पर मोटर सायकल चालक ने अपना नाम रमेश सूर्यवंशी एवं रजनीकांत उर्फ पंकज सूर्यवंशी के कब्जे से एक लाल, काला रंग के पिट्ठू बैग के अंदर भूरा रंग के टेप से लिपटा हुआ 05 किलोग्राम गांजा कीमती 50, 000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल सीटी.100 क्र 10 ईए 1682 कीमती 10,000. रूपये कुल जुमला कीमती 60,000 रूपये जब्त कर, आरोपियों को कृत्य नारकोटिक्स एक्ट के अपराध के पाये जाने से आरोपियों के विरुद्ध थाना अर्जुनी में अप. नारकोटिक्स एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपीगण रमेश सुर्यवंशी एवं रजनीकांत उर्फ पंकज सुर्यवंशी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार किये गये आरोपी में रमेश सुर्यवंशी पिता रहस लाल सुर्यवंशी उम्र 29 वर्ष सा0 पौंसरा थाना कोनी जिला बिलासपुर ,रजनीकांत उर्फ पंकज पिता नर्मदा प्रसाद कान्तीकर सुर्यवंशी उम्र 20 वर्ष सा0 भरारी थाना रतनपुर, उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अर्जुनी निरीक्षक सन्नी दुबे,उप निरीक्षक कपिश्वर पुष्पकार, सरिता मानिकपुरी,सउनि उत्तम निषाद, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर साहू, आरक्षक खेमू हिरवानी, तेजराम साहू, प्रशांत पांडेय,प्रदीप साहू का विशेष योगदान रहा।

# विधायक गोमती साय के हाथों 200 कृषकों को 46 लाख 43 हजार मिला नहर मुआवजा राशि

**किसानों ने शासन-प्रशासन को दिया धन्यवाद**




पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पत्थलगांव विधायक गोमती साय की अध्यक्षता में सोमवार को पत्थलगांव विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित नहर के मुआवजा राशि का वितरण कृषकों को किया गया। इस अवसर पर पत्थलगांव एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी एवं जलसंसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इसमें तीन गांव डूमरबहार, बिलडेगी और सूरजगढ़ के लगभग 200 कृषकों को राशि 46 लाख 43 हजार 951 रूपए चेक के माध्यम से वितरित की गई। राशि मिलने पर किसानों ने शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# पुलिस कस्टडी से हथकड़ी लगे दो आरोपी फ़रार एसपी ने एएसआई राजेश यादव, प्रआ जोस्टिन को किया निलंबित

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पुलिस कस्टडी से हथकड़ी लगाए हुए दो आरोपी फरार हो गए। इस मामले में एएसआई राजेश यादव और प्रधान आरक्षक जोस्टिन तिर्की को निलंबित किया गया है। इस सम्बंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कांसाबेल थाना में दर्ज धारा 379 भा.द.वि. के 02 आरोपियों से चोरी का माल बरामदगी एवं जप्ती के लिए थाना कांसाबेल के स.उ.नि. राजेश यादव के नेतृत्व में प्र. आर. 94 जोस्टीन तिर्की, आर. 394 अशोक एक्का एवं नगर सैनिक 41 जोगेन्द्र यादव के साथ वाहन में रवाना हुए थे, एक आरोपी के घर से माल मशरूका बरामदगी पश्चात् दूसरे आरोपी के घर माल मशरूका बरामदगी हेतु जा रहे थे कि कुछ दूर जाने के बाद रास्ते में वाहन के पीछे बैठे आर.क. 394 अशोक एक्का की लापरवाही से हथकड़ी को जोर से अचानक खींचकर दोनों आरोपी



गाड़ी से कूदकर खेत के मेड़ होते हुए जंगल की ओर भाग गये। भागने वाले आरोपी महेंद्र साय और सूरज यादव हैं।

### इनपर हुई कार्रवाई

इस कार्यवाही में अत्यंत लापरवाही बरतने वाले स.उ.नि. राजेश यादव, आर.क. 394 अशोक एक्का को निलंबित कर रक्षित केंद्र जशपुर संबद्ध किया गया है एवं साथ में रहे प्र. आर. 94 जोस्टीन तिर्की को रक्षित केंद्र जशपुर संबद्ध एवं नगर सैनिक 41 जोगेन्द्र यादव को नगर सेना कार्यालय जशपुर में सम्बद्ध किया गया है।

# हमे अपने वैराग्य को बढ़ाना है ताकि आत्मा का विकास हो सके-प.पू.विशुद्ध सागर जी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

परम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने प्रवचन में फरमाया कि कल्पसूत्र के माध्यम से भगवान नेमीनाथ का जीवन चरित्र का वांचन होगा। नेमीनाथ भगवान आबाल ब्रम्हचारी कहे जाते है। जैन जगत के 22वे तीर्थंकर परमात्मा नेमीनाथ का जन्म सौरीपुर नगर के राजा समुद्रगुप्त की भार्या शिवादेवी की रत्नकुक्षी से हुआ था। जो राग की राख करता है वही भविष्य में वीतराग बन सकता है। राग एक मीठा जहर है और जहर का एक ही काम है मारना। हम मोह में फंसकर आत्मा के विकास को रोक रहे है। अगर राग करना ही है तो वीतराग से राग करना चाहिए तो संसार भ्रमण कम हो जाएगा। वैराग्य को खत्म करना तथा राग को बढाना तो सबको आता है।जबकि ज्ञानी भगवंत कहते है हमे अपने वैराग्य को बढ़ाना है ताकि आत्मा का विकास हो सके। हमे हमारे जीवन में



प्रीति की जरूरत है लेकिन प्रीति परमात्मा नेमीनाथ के जैसे हों चाहिए। नेमीनाथ भगवान का राजुल के साथ पूर्व के आठ जन्मों का संबंध था। नवमे भव में नेमीनाथ परमात्मा और राजुल बने। परमात्मा परिवारजनों के बार बार कहने पर भी विवाह के लिए मना कर देते थे। लेकिन एक बार विवाह के बारे में जब परिवार जनों ने पूछा तो भगवान ने कुछ नही कहा। परिवारजनों ने इसे मौन स्वीकृति मान लिया और उनका विवाह उग्रसेन राजा की पुत्री राजुल के साथ तय कर दिया। श्रवण सुदी छठ के दिन विवाह तय हुआ। मन न होते हुए भी भगवान सेहरा बांधकर बारात के साथ चले। रास्ते में उन्हें पशुओं की करुण क्रंदन सुनाई दी जिसे सुनकर परमात्मा वही रूक गए और सारथी से कहकर अपना रथ उस ओर ले जाने कहा जिस ओर से पशुओं की आवाज आ रही थी। उस स्थान पर पहुंचकर पूछा तो जानकारी मिली की इन पशुओं को विवाह में भोजन हेतु रखा गया है। इतना सुनते से करुणा सागर परमात्मा की आंखों में आंसू आ गए और तत्काल उन पशुओं को बंधन मुक्त कराया और कहा मेरे विवाह के निमित्त इन पशुओं का वध। इससे तो अच्छा है मैं विवाह ही न करू। ऐसा विचार करते ही सारथी को अपना रथ गिरनार पर्वत को ओर ले जाने का आदेश दिया। उन्हें रोकते हुए सभी परिवारजन, सगे संबंधी उन्हें समझाने लगे की एक बार विवाह करके तुम वधु का दर्शन करा दो। उसके बाद भले ही दीक्षा ग्रहण कर लेना। या फिर क्या तुम कोई नवीन तीर्थंकर होए जो विवाह किए बिना ही मोक्ष में जाना चाहते हो।

# 51 दिन, 10 करोड़ नये सदस्य बनाने का लक्ष्य : नीलेश लूनिया

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

शहीद चंद्रशेखर आजाद शक्ति केंद्र मैं सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आहूत की गई। जिसमें शक्तिकेन्द्र के प्रभारी नीलेश लूनिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान शुरू हो गया। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सदस्यता अभियान की शुरुआत की। सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सदस्यता का नवीनीकरण किया गया। बीजेपी के संविधान के अनुसार हर 5 साल बाद सदस्यता अभियान चलाया जाता है। बीजेपी ने इस बार 10 करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है उसके 18 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। 2014 में बीजेपी ने बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान चलाया था और काफी चर्चा हुई थी। इस दौरान 11 करोड़ लोग बीजेपी से जुड़े थे। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी ने एक बार फिर से सदस्यता अभियान चलाया और इस बार सात



करोड़ नए सदस्य बने। यानी की पार्टी के सदस्य 18 करोड़ से अधिक हो गए। इस बार बीजेपी का लक्ष्य 10 करोड़ नए सदस्य बनाने का है और अगर पार्टी इसमें सफल हो पाती है तो उसके सदस्य 28 करोड़ पहुंच जाएंगे। शक्तिकेन्द्र संयोजक नील पटेल ने कहा कि इस बार बीजेपी का सदस्यता अभियान 51 दिनों तक चलेगा और इसमें सभी सदस्यों की सदस्यता भी रिन्यू करनी है और 10 करोड़ नए सदस्य भी बनाने हैं। अहम बात यह है कि यह सब काम पार्टी को 51 दिन के अंदर ही करना है। 2014 में जब पार्टी ने सदस्यता अभियान चलाया थाए तब पार्टी ने 11 करोड़ से अधिक सदस्य जोड़े थे और यह करीब 6 महीने तक चला था। संतोष सोनकर ने कहा की पार्टी सदस्यता अभियान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी इस्तेमाल करेगी। इसका इस्तेमाल पार्टी इसलिए कर रही है ताकि कोई एक व्यक्ति दो बार सदस्यता ना ले पाए और सदस्यों की गिनती सही हो।उक्त बैठक मैं मंडल मंत्री संगीता जगताप, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रकला पटेल, संयोजक नील पटेल, सहसंयोजक विष्णु सिन्हा, वार्ड के नागरिक शिवनारायण छाटा, नीरज जगताप, संतोष सोनकर, महिलामोर्चा जिला अध्यक्ष रुक्मणी सोनकर, बुथ अध्यक्ष रामविलास देवांगन, राजेंद्र साहू, संजय देवांगन, गोपी देवांगन, कैलाश साहू, किशुन धीवर, अजीत साहू, डॉक्टर गिरवर साहू प्रमोद हिरवानी, दीपक छाटा, उषा निर्मलकर, ज्योति यादव, सालिक पटेल, राजू साहू, शांताबाई, प्रदीप छाटा, भूवन छाटा, अशोक धीवर तामेश्वरी देवांगन प्रमुख रूप से मौजूद थे।

**जिले के हजारों भुईहर समाज के लोग शामिल हुए**

# भूईहर समाज सामुदायिक भवन भूमि पूजन कार्यक्रम में विधायक रायमुनि ने की भवन तक सीसी रोड़ की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◄ मनोरा
www.dailypioneer.com

ब्लाक के सुदूर ग्राम ढेंगनी में वर्षो से भुईहर समाज की सामुदायिक भवन का भूमि पूजन जशपुर विधायक रायमुनि भगत के कर कमलों से किया गया जिसमे जिले के हजारों भुईहर समाज के लोग शामिल हुए और जशपुर विधायक रायमुनि का नगाड़े बाजे के साथ नृत्य करते हुए गर्म जोशी से स्वागत किया और समाज की सामुदायिक भवन की भूमि पूजन और निर्माण कार्य प्रारंभ से समाज के लोगो का उत्साह, खुशी व्याप्त है कार्यक्रम में जशपुर विधायक के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, सुषमा सिंह के साथ उमेश प्रधान विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भुईहर समाज के प्रमुखों में मंडल अध्यक्ष ढेंगनी भलसाय राम, खुड़िया मंडल उपाध्यक्ष सेतन राम, लरीमा मंडल अध्यक्ष झलदेव राम, मदगुरी मंडल अध्यक्ष समर जीत भगत ने समाज को एकजुट के साथ समाजिक संगठन को मजबूत करने तथा



शिक्षा के क्षेत्र में समाज को आगे लाने की बात कही इसके बाद समाज से उपस्थित शिक्षक रामदयाल प्रधान, बालेश्वर राम, बलासु राम, सुगा राम ने भी भुईहर समाज को शिक्षा के साथ रोज़गार मूलक शिक्षा और स्वरोजगार कर समाज को आर्थिक, सामाजिक, और राजनीतिक रूप से सशक्त होने की बात कही उसके बाद कार्यक्रम में शामिल मति शांति भगत, महेश शाही, सुषमा सिंह, रामदास यादव जी ने समाज को संबोधित करते हुए भुईहर समाज को एक सरल स्वभाव के धनी, निष्कपट ईमानदार समाज के रूप में कहा और भारतीय जनता पार्टी के साथ उनका अटूट लगाव बातों के साथ शासन के विभिन्न योजनाओं से लाभ मिलने की बाते कही उसमे बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रायमुनि ने समाज को संबोधन करते हुए भूईहर समाज के सुंदर संस्कृति स्वागत की सराहना करते हुए कहा हमे अपने रीति रिवाजों, धर्म , संस्कृति को बचाए रखने की जिमेदारी समाज की है हमारी धर्म संस्कृति को समय समय पर कुप्रचार से धर्मांतरण जैसे गंभीर समस्या उत्पन्न करने वाले, चंगाई के नाम पर , तो अन्य प्रलोभन से आज समाज को बरगला रहे है जिसमे उरांव,लोहार, तुरी, नगेशिया, भूईहर, यहां तक कि यादव समाज के लोगो भी इस धर्मांतरण के झांसे में आ जा रहे है आगे विधायक ने कहा हमें अपने संस्कृति पर अपने धर्म से धर्मांतरित करना अपने मां के कोख को धोखा देने के समान है हमे अपने संस्कृति गाना, लुझकी, दमकच, अंगनाई, करमा, सरहुल, जैसे लोक गान को जानना है इसके महत्व को समझना है कहते हुए कुछ गाना समाज को सुनते हुए अंत में भुईहर समाज के लिया सामुदायिक भवन तक सीसी रोड़ और बिजली पहुंच की घोषणा की इसके बाद कार्यक्रम को उमेश प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि समाज ग्राम समिति मंडल समिति ब्लाक समिति जिला स्तरीय कार्यकारणी का गठन कर समाज को सुरक्षित करे आगे प्रधान ने कहा उरांव समाज और भूईहर समाज कद काठी रंग रूप में एक समान है और भूईहर समाज से उनका गहरा लगाव है अन्त में कार्यक्रम को कालेश्वर राम शिक्षक ने सभी आए अतिथि और समाज के लोगो का आभार व्यक्त किया इस कार्यक्रम में भूईहर समाज के समाज प्रमुख भालसाय राम, झलदेव राम, सेतन राम, भादवा राम, महेश राम, मुंदरू राम, समर जीत राम, सनेश्वर राम, बंधन राम, भोकड़ों राम के अलावा हजारों की संख्या में भुईहर समाज के लोग उपस्थित रहे वही क्षेत्रीय कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री पंकज कुमार जायसवाल, हदीस अंसारी, राजकेश्वर साय, बाबूलाल सिंह, देवेंद्र साय के अलावा अन्य उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में अनीता बाई, और सीमा बाई के ग्रुप आर्केस्ट्रा की शानदार प्रस्तुति रहे और अंत में कार्यक्रम के संचालनकर्ता दयाशंकर राम शिक्षक के द्वारा सभी क्षेत्रों से आए सगा बंधुओ,माता, बहनों को सकुशल घर पहुंचने की शुभकामना देते हुए कार्यक्रम समाप्त किया गया।

# कलेक्टर डॉ. मित्तल ने जनदर्शन में सुनी आम जनता की समस्याएं



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आर्थिक सहायता, मजदूरी भुगतान, पीएम आवास निर्माण, मुआवजा, नामांतरण, सीमांकन, भूमि-विवाद, भू-अभिलेख सुधार, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

# बी.एस.सी. नर्सिंग प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा न्यूट्रीशन प्रदर्शनी का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में बी.एस.सी. नर्सिंग प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा न्यूट्रीशन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों के स्वास्थ को ध्यान में रखकर उनके लिए उचित डाइट की उपयोगिता के साथ बी पी के डाइट, हाईप्रोटीन डाइट, डायबीटिज डाइट, साफ्ट डाइट, प्री नेटल एवं पोस्ट नेटल डाइट का स्टॉल लगाया गया। जिसमें हर व्यक्ति को कैलोरी भोजन के माध्यम से लेकर इसके बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में श्री बालाजी हॉस्पिटल के चेयरमेन डॉ. देवेन्द्र नायक, मैनेजिंग डॉयरेक्टर डॉ.नीता नायक, डायरेक्टर सी ए नीतिन पटेल, डॉ. बिरेन्द्र पटेल, डॉ. कुलदीप सिंह छाबड़ा, डॉ. दीपक जैसवाल, नीरजा अग्रवाल, तेजस नायक, सीईओ हिमांशु साहू उपस्थित रहे।

# राजी पड़हा धर्म गुरू बंधन तिग्गा ने कहा, दीपू बगीचा बड़ी लड़ाई का आगाज है, चाबी नहीं मिली तो सीजी-झारखंड दोनों बंद करेंगे

## बंद करना है तो सभी धार्मिक स्थल को बंद कर चाबी प्रशासन अपने पास रख ले



पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सरना उरांव और हिंदू उरांव के बीच का रार अब और अधिक बढ़ता जा रहा है। बीजेपी के निर्वाचित जन प्रतिनिधि और जिला प्रशासन बार-बार यह कर रहे हैं कि हमने नियम विरूद्ध संचालित छात्रावास को बंद करने की कार्रवाई की है। सरना उरांव इस बात से दुखी है कि हमारे सदियों पुराने पवित्र धार्मिक स्थल को बंद कर चाबी प्रशासन ने अपने पास रख लिया है। इस गहराते विवाद के बीच जन आक्रोश रैली का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसमें मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में राजी पड़हा के धार्मिक गुरू बंधन तिग्गा उपस्थित हुए। उन्होंने सरकार, विधायक और प्रशासन पर उक्त कार्रवाई को लेकर जमकर नाराजगी जाहिर की।

### अपने ही अपनों को काट रहें : विनय भगत

जशपुर के पूर्व विधायक विनय भगत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, अपने ही अपनों को काट रहे हैं। जिस तरह पेड़ को काटने के लिए जिस टंगिया का उपयोग किया जाता है उसमें लकड़ी का ही बेंत लगाया जाता है। कुछ ऐसा ही राजी पड़हा समुदाय के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 1982 में जब वे छोटे थे तब अपने दादा और पिता के साथ दीपू बगीचा के सरहूल पूजा में उपस्थित हुए थे। यहां पूजा राजी पड़हा मान्यताओं के मुताबिक आदिकाल से हो रही है। इस दौरान राजी पड़हा के जशपुर दीवान बसंत भगत, शिव भगत, मनमोहन भगत, संजीव भगत के साथ बड़ी संख्या में बाहर से और गांव-गांव से आए राजी पड़हा मत के मानने वाले उरांव समाज के लोग थे।

### गरीबों को ही तो पढ़ा रहे थे

धर्म गुरू बंधन तिग्गा ने कॉलेज रोड स्थित हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं जशपुर जिला प्रशासन से पूछना चाहता हूं? कि राजी पड़हा मुख्यालय दीपू बगीचा में गरीब आदिवासी उरांव बच्चों को ही पढ़ाने के लिए रखा गया था। आदिवासी गरीब हैं और इसमें हमारा क्या गुनाह है? कुछ बात थी तो बैठकर समझाईश देकर भी की जा सकती थी। एक तरफा कार्रवाई शासन-प्रशासन की पक्षपाती मंशा को उजागर करती है।

### सभी संस्थानों की जांच करें-मेडिकल दिखाएं

मुख्य वक्त ा बंधन तिग्गा ने कहा, जशपुर प्रशासन सभी संस्थाओं की जांच कराए, सभी बच्चों का मेडिकल रिपोर्ट तैयार कराए। सिर्फ राजी पड़हा का ही एक छोटे से छात्रावास की जांच कर बड़ी कार्रवाई करने की योजना बनाए गई है।

### गांव-गांव तक पहुंचाएंगे इस मामले को

बंधन तिग्गा ने कहा दीपू बगीचा एक बहाना है। इन्हें आदिवासियों के कई मामलों में हमला करना है। आरक्षण खत्म करने की इनकी मंशा है। राजी पड़हा में ताला लगाने के मामले को लेकर हम गांव-गांव जाएंगे। सरकार 5 साल के लिए बनी है, 2029 में फिर से चुनाव होंगे तब हम करारा जवाब देंगे। हम कांग्रेस-बीजेपी की राजनीति नहीं करते। जो हमारे हित में का करेगा हम उनके साथ खड़े दिखाई देंगे।

### हेमंता बिस्व सरमा से मिलना अस्वीकार्य

संबोधन के दौरान बंधन तिग्गा ने कहा, हाल ही में बीजेपी प्रवेश कर आसाम के मुख्यमंत्री बने हेमंता बिस्वा सरमा झारखंड की राजधानी रांची पहुंचे थे और उनसे मिलने की इच्छा जाहिर करते हुए मिलने का प्रस्ताव भिजवाया था जिसे बंधन तिग्गा ने अस्वीकार कर दिया। इस संबंध में उन्होंने कहा, 2008 में हेमंता बिस्वा सरमा असम के मुख्यमंत्री थे तभी एक आदिवासी व्यक्ति को नंगा दौड़ाया गया था।

### 10 लाख की भीड़ में आंदोलन होगा

बंधन तिग्गा ने कहा, अगर जशपुर विधायक आदिवासी बेटी हैं तो वे चाबी राजी पड़हा समाज को सौंपे। अगर ऐसा नहीं होता है और समाज और अधिक परेशान होता है तो छत्तीसगढ़ के साथ-साथ झारखंड को भी बंद कराया जाएगा और 10 लाख की भीड़ सड़क पर लाकर आंदोलन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा, आदिवासियों का जीवन हमेशा ही संघर्षों से भरा हुआ रहा है। पूर्वज अपने अधिकारों के लिए और देश की आजादी के लिए शहीद हुए हैं। हमें भी होना पड़े तो हम पीछे नहीं हटेंगे।

# सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में किया गया एनीमिया जांच शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के तहत जिला जांजगीर-चांपा के शासकीय जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रों में एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत 30 सितम्बर तक जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं के स्वास्थ्य की रक्षा हेतु उचित पोषण आहार के महत्त्व के विषय में जन जागरूकता लाना है। आज के स्वस्थ बच्चे कल का स्वस्थ भारत है। इनके बेहतर स्वास्थ्य का देश के विकास, उत्पादकता तथा आर्थिक उन्नति पर स्पष्ट प्रभाव पड़ता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि प्रतिवर्ष 01 से 30 सितंबर तक भारत में पोषण की स्थिति में सुधार लाने और लोगों को स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं में 12 ग्राम से कम हीमोग्लोबीन पाया जाना रक्त की कमी एवं 7 ग्राम से कम हीमोग्लोबीन को गंभीर एनीमिया की श्रेणी में रखा गया है।

# राज्यपाल रमेन डेका से विधायक मूणत ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में रायपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने जैन समाज के प्रतिनिधि के रूप में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर पुखराज मूणत और विजय कांकरिया भी उपस्थित थे।

# धार्मिक, आध्यात्म और जन आस्था का केन्द्र है बखारीपाठ : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा प्रवास के दौरान धार्मिक, आध्यात्म और जन आस्था का केन्द्र ग्राम बखारीपाठ में आयोजित रामधुनी कार्यक्रम में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली और प्रगति के लिए आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर शर्मा ने बखारी पाठ के विकास के लिए पहुंच मार्ग में पुलिया निर्माण और मंच निर्माण कराने के लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होने राम मंडली में आए पांच मंडली को 21-21 सौ रूपए देने की घोषणा की। उन्होने मेला समिति की अन्य मांगों पर भी सैद्धांतिक सहमति देते हुए सभी मांगों को प्राथमिकता में रखते हुए पूरा करने का भरोसा भी दिलाया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि ग्राम बखारीपाठ प्राचीन काल से धार्मिक, आध्यात्म और जन-आस्था का केन्द्र रहा है। यहां क्षेत्रवासी प्राचीन समय से पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं।

# शिक्षा के साथ ही खेलकूद से निखरती है प्रतिभा : प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री ओ पी चौधरी चांपा के सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विद्या भारती मध्य क्षेत्रीय जूडो, कुरास, ताईक्वाडो एवं कराते खेलकूद प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। प्रभारी मंत्री एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा भारत माता एवं सरस्वती माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने सभी विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों से कहा कि आप अपने जिंदगी के महत्वपूर्ण चरण में है। जीवन की इस चरण के महत्व को समझकर इसका उपयोग सही दिशा में करें। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में समय का सही उपयोग करने से मनोवांछित सफलता अवश्य हासिल कर सकते हैं। प्रभारी मंत्री चौधरी ने कहा कि आने वाले वर्षों में आप अपने व्यक्तित्व संस्कार एवं लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ ही खेलकूद से प्रतिभा निखरती है तथा विभिन्न आयोजनों के माध्यम से प्रतिभा को मंच मिलता है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अभी से लक्ष्य निर्धारित करने, लक्ष्य के अनुसार गुणवत्ता विकसित करने की बात कही। उन्होंने लक्ष्य प्राप्ति के लिए रणनीति बनाकर लगातार लक्ष्य प्राप्ति तक प्रयासरत रहने कहा। मंत्री चौधरी ने अपने जीवन के अनुभव विद्यार्थियों से साझा भी किया। साथ ही सभी खिलाड़ियों एवं आयोजको को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित विद्याभारती मध्य क्षेत्र स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

# विधायक राजेश मूणत ने वार्ड 70 के सरोना, चंदनीडीह में सीवरेज, पेयजल मरम्मत कार्य हेतु सवा करोड़ के कार्यो का भूमिपूजन किया

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले नगर निगम जोन 5 के ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड क्रमांक 40 एवं जोन 8 के तहत संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 के डंगनिया, सरोना, चंदनीडीह आदि क्षेत्रों में पहुंचकर निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चैबे, पार्षद राजेश सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद दिलीप यदु, गोपी साहू, रायपुर शहर जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अशोक पाण्डेय, सामाजिक कार्यकर्ता वरूण साहू, जोन कमिश्नर विमल शर्मा, ए.के. हालदार, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र सिंह, अभिषेक गुप्ता सहित वार्ड निवासी गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों की बडी संख्या में उपस्थिति के मध्य पहुंचकर जोन 5 के तहत ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड क्षेत्र के डंगनिया साहू पारा, मंगलबाजार में 4 विभिन्न स्थानों पर अधोसंरचना मद एवं विधायक निधि से 45 लाख रू. की लागत से एवं जोन 8 के तहत संत रविदास वार्ड में सरोना, चंदनीडीह, राजीव नगर क्षेत्र में 8 विभिन्न स्थानों पर विधायक निधि, अधोसंरचना मद, समग्र शिक्षा मद से सवा करोड़ की लागत से श्रीफल फोडकर एवं कुदाल चलाकर भूमिपूजन करते हुए कार्यारंभ करवाया। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने जोन 8 के संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 में सरोना शासकीय स्कूल में टाइल्स मरम्मत हेतु 3 लाख रू. एवं शेड निर्माण हेतु 7 लाख रू. एवं चंदनीडीह स्कूल में शेड निर्माण हेतु 10 लाख रू. और पेवर कार्य करवाने हेतु 5 लाख रू. और जोन 5 के ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड क्रमांक 40 के डंगनिया साहू पारा में शिव मंदिर के समीप जनउपयोग हेतु नवीन सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रू. विधायक निधि से देने से मंच से घोषणा की। इस प्रकार 2 वार्डो में नगर निगम क्षेत्र में रायपुर पष्चिम विधायक ने 35 लाख रू. के विकास कार्य नागरिको की मांग पर विधायक निधि मद से करवाने की घोषणा की। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद राजेश सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद दिलीप यदु, गोपी साहू, पूर्व शहर भाजपा अध्यक्ष अशोक पाण्डेय, सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जोन 5 पश्चिम विधानसभा क्षेत्र ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड में 4 भिन्न स्थानों पर कुल 45 लाख की लागत से डंगनिया तालाब में पचरीकरण शेड, चेंजिंग रूम निर्माण, मंगल बाजार में जिम भवन निर्माण, गौतम नगर में कार्यालय भवन निर्माण, मंगलबाजार में सामुदायिक भवन निर्माण करवाने भूमिपूजन किया। वहीं रायपुर पष्चिम विधायक ने जोन 8 के संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 के क्षेत्र में विभिन्न 8 स्थानों पर लगभग 1 करोड 25 लाख की लागत से नये विकास कार्यो को भूमिपूजन करके प्रारंभ करवाया।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403